अधिकतम :31°C
न्यूनतम :21°C

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 13 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 115 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 25 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



केंद्र राजस्व की भरपाई कर दे, तो उमर सरकार शराब पर प्रतिबंध लगा सकती है: फारुक पेज 2



अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना खेल टाइम्स



2027 में योगी को हराने का सपना देखना छोड़ दे विपक्ष सम्पादकीय



ईरान की 14-सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं : गालिबफ पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु में स्कूलों और धार्मिक स्थलों के करीब स्थित शराब की दुकानें होंगी बंद

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने जनहित को प्राथमिकता देते हुए राज्य में चल रही शराब की 717 खुदरा दुकानों को अगले दो सप्ताह के भीतर बंद करने का आदेश दिया है। ये सभी दुकानें धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों और बस स्टैंडों के 500 मीटर के दायरे में स्थित हैं। मुख्यमंत्री के इस फैसले की जानकारी सूचना और जनसंपर्क विभाग (डीआईपीआर), चेन्नई ने एक विज्ञप्ति जारी कर दी है।

### अन्नाद्रमुक के बागी विधायक करेंगे 'विजय' का समर्थन

**चेन्नई।** तमिलनाडु की सियासत में कभी बेहद ताकतवर पार्टी रही अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कझगम (अन्नाद्रमुक) मंगलवार को एक बार फिर 'संकट' में फंस गई जब पार्टी के बागी विधायकों ने यह ऐलान कर दिया कि वे बुधवार को मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ टीवीके सरकार के विश्वास प्रस्ताव का समर्थन करेंगे।

### जैकलीन फर्नांडिस ने सरकारी गवाह बनने की अर्जी वापस ली

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सरकारी गवाह बनने की अपनी अर्जी वापस ले ली है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अदालत में उनकी याचिका का विरोध किया था। एजेंसी का कहना था कि जांच के दौरान जैकलीन का सहयोग संतोषजनक नहीं रहा और उनका आचरण भी वैसा नहीं था, जिसकी उम्मीद की गई थी। ईडी की आपत्ति के बाद जैकलीन फर्नांडिस ने अप्रूवर बनने की मांग वापस ले ली।

### सीबीआई ने चंद्रनाथ रथ की हत्या की जांच अपने हाथ में ली

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अपने हाथ में ले ली है। उल्लेखनीय है कि राज्य पुलिस ने सीबीआई जांच की सिफारिश की थी और एजेंसी ने मंगलवार को इसकी जिम्मेदारी ले ली। सीबीआई ने एक बयान में जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की बात कही है और वह कोलकाता कार्यालय के प्रमुख संयुक्त निदेशक की देखरेख में काम करेगा। जांच की जरूरतों के हिसाब से कोलकाता क्षेत्र के अधिकारियों को एसआईटी में नियुक्त किया जाएगा।

### कूनो के जंगल में चार चीता शावक मृत मिले

**श्योपुर।** श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क से बेहद दुखद खबर सामने आई है। यहां मादा चीता केजीपी 12 के चारों शावक मृत पाए गए हैं। 12 मई की सुबह मॉनिटरिंग टीम जब श्योपुर टेरिटोरियल डिवीजन के जंगल क्षेत्र में पहुंची, तो मांद के पास शावकों के शव पड़े मिले। शावकों के शव आंशिक रूप से क्षत-विक्षत हालत में मिले हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर में चीन-पाकिस्तान गठजोड़ का पर्दाफाश

शाह टाइम्स ब्यूरो



- विदेश मंत्रालय ने कहा हमारी जानकारी सच साबित हुई
- चीन के सरकारी मीडिया का दिया हवाला

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को मिले चीन के समर्थन पर एक बड़ी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि हाल ही में आई वे सभी रिपोर्ट बिल्कुल सही हैं, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर के समय चीन द्वारा पाकिस्तान की मदद करने का दावा किया गया था।

भारत सरकार को यह बात पहले से ही पता थी और नई रिपोर्ट सिर्फ उस पुरानी जानकारी को सच साबित करती है। हाल ही में चीन के सरकारी मीडिया ने खुद इस बात को कबूल किया है कि मई 2025 में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीजिंग ने पाकिस्तान को तकनीकी मदद दी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को इस मामले पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलकर बात की। उन्होंने स्पष्ट किया कि चीन की मदद वाली रिपोर्ट सिर्फ उसी बात को सच साबित करती है, जो बात भारत को पहले से ही बहुत अच्छी तरह से पता थी। भारत का ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई एक बेहद सटीक और सधी हुई कार्रवाई थी। इसका एकमात्र मकसद पाकिस्तान की जमीन पर चल रहे आतंकवाद के ढांचे को पूरी तरह से नष्ट करना था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने चीन का बिना नाम लिए उस पर सीधा और करारा प्रहार किया है। रणधीर जायसवाल ने सख्त लहजे में कहा कि जो देश खुद को बहुत जिम्मेदार मानते हैं, उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

## ईरानी सैन्य विमानों को अनुमति मामले पर पाकिस्तान का यूटर्न

- पहले खुद माना ईरानी विमान उसके एयरबेस में मौजूद, अब किया इन्कार, अमेरिका ने उठाए सवाल

**इस्लामाबाद।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच पाकिस्तान ने एक अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया है। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि पाकिस्तान ने अपने एयरबेस पर ईरानी सैन्य विमानों को खड़ा होने की अनुमति दी थी, ताकि उन्हें संभावित अमेरिकी हवाई हमलों से बचाया जा सके।

पाकिस्तान ने इस खबर को भ्रामक और सनसनीखेज करार दिया है। इससे पहले पाकिस्तान ने आधिकारिक तौर पर यह बात स्वीकार की थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि पाकिस्तान में मौजूद ईरानी विमान किसी सैन्य रणनीति या सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा नहीं थे। ये विमान उस समय आए थे जब अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष विराम लागू हुआ था और शुरुआती शांति वार्ता चल रही थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय (एमओएफए) ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि पाकिस्तान में मौजूद ईरानी विमान युद्ध या किसी सैन्य कार्रवाई से जुड़े नहीं हैं। मंत्रालय ने दावा किया कि ये विमान युद्धविराम के दौरान आए थे।

# नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द

## 22 लाख छात्र फिर से देंगे परीक्षा, राजस्थान से हुआ पेपर लीक का खुलासा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- तीन मई को हुई थी नीट यूजी परीक्षा, मामले की जांच अब सीबीआई करेगी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने नीट यूजी 2026 की परीक्षा रद्द कर दी है। सरकार ने कहा है कि परीक्षा की नई तारीखें जल्द ही घोषित की जाएंगी। नीट परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी एनटीए ने एक बयान जारी कर बताया कि केंद्र सरकार की मंजूरी मिलने के बाद नीट यूजी 2026 परीक्षा को रद्द करने का फैसला किया गया है।

यह परीक्षा 3 मई को आयोजित हुई थी। हालांकि पेपर लीक की आशंका के चलते यह सवालों के घेरे में आ गई थी। एनटीए ने कहा है कि जल्द ही परीक्षा की नई तारीखों का ऐलान कर दिया जाएगा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने बताया कि उन्हें जांच एजेंसियों से जो इनपुट मिले, उनके आधार पर पता चला कि मौजूदा परीक्षा प्रक्रिया को जारी नहीं रखा जा सकता। परीक्षा की नई तारीखें, एडमिट कार्ड का शेड्यूल आदि जल्द ही एजेंसी के आधिकारिक चैनलों के माध्यम से बता दिया जाएगा। एनटीए ने बताया कि सरकार ने अब इस संभावित पेपर लीक की जांच सीबीआई द्वारा की जाएगी। 3 मई को आयोजित नीट (यूजी) 2026 परीक्षा होने के बाद से ही पेपर लीक की आशंका गहराने लगी थी। राजस्थान में कई छात्रों के पास हाथ से लिखा हुआ एक कथित गेस पेपर मिला, जिसके सवाल वास्तविक परीक्षा के प्रश्नों से -शेष पृष्ठ दो पर

### छात्रों को फिर से पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी

**नई दिल्ली।** नीट (यूजी) 2026 परीक्षा रद्द होने के बाद राहत की बात यह है कि दोबारा होने वाली परीक्षा के लिए छात्रों को फिर से पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी। मई 2026 चक्र का पुराना डेटा और परीक्षा केंद्र ही मान्य रहेंगे। इसके साथ ही, छात्रों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। एनटीए ने यह भी घोषणा की है कि छात्रों द्वारा पहले जमा किया गया शुल्क वापस कर दिया जाएगा और नई परीक्षा का खर्च एजेंसी अपने आंतरिक संसाधनों से उठाएगी।

### नीट परीक्षा रद्द होने पर राहुल गांधी ने की केंद्र की आलोचना



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट (यूजी) 2026 परीक्षा रद्द किए जाने पर केंद्र सरकार की तीखी आलोचना की और कहा कि 22 लाख से अधिक छात्रों की मेहनत पर सरकार ने पानी फेर दिया है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि किसी पिता ने बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्ज लिया, किसी मां ने गहने बेचे और लाखों छात्रों ने रात-रात भर जागकर तैयारी की, लेकिन बदले में उन्हें पेपर लीक, सरकारी लापरवाही और शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार मिला। यह सिर्फ नाकामी नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

# उप्र के मंत्रियों और अफसरों के काफिलों में 50 प्रतिशत कटौती

## वर्क फ्रॉम होम पर जोर देने का योगी का निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

- मुख्यमंत्री ने अनावश्यक सोने की खरीद से बचने का भी आग्रह किया



**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नागरिकों से प्रधानमंत्री के आह्वान का पालन करने की अपील की है। उन्होंने ईंधन खपत कम करने और ऊर्जा-बचत की आदतें अपनाने और अनावश्यक सोने की खरीद से बचने का भी आग्रह किया।

उन्होंने अधिकारियों के काफिले में वाहनों की संख्या में 50 फीसदी कमी का निर्देश दिया। साथ ही प्रदेश में वर्क फ्रॉम होम की संस्कृति को भी प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने पीएनजी, मेट्रो, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों आदि के उपयोग पर विशेष बल दिया। मुख्यमंत्री जी का सरकारी बैठकों, सेमिनारों, कान्फ्रेंस, वर्कशाप आदि के वर्चुअली आयोजन पर जोर रहा। मुख्यमंत्री ने वैश्विक हालात को देखते हुए प्रधानमंत्री के आह्वान से प्रदेशवासियों को जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि दुनिया में उथल-पुथल है, ऐसे में सभी को सावधानी बरतनी होगी। प्रधानमंत्री के आह्वान का पालन करने के लिए राज्यों को तैयार रहना होगा। मंत्री, सांसद और विधायक, जनप्रतिनिधि सप्ताह में एक दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें।

### हिमंता बिसवा ने ली चार मंत्रियों समेत सीएम की शपथ

**गुवाहाटी।** भाजपा के नेता हिमंता बिस्वा सरमा को मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई। उनके साथ चार अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। इसके साथ ही श्री सरमा दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने। पार्टी ने विधानसभा चुनाव में 126 सीटों के साथ दो तिहाई से भी अधिक बहुमत हासिल किया है। श्री सरमा को यहां राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने मंगलवार को पूर्वाह्न पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके अलावा रामेश्वर तेली, अतुल बोरा, चरण बोरो और श्रीमती अजंता नियोग को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। अतुल बोरा भाजपा के सहयोगी दल असम गणपरिषद से तथा चरण बोरो बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट से हैं।

## केंद्रीय मंत्री बंदी संजय के बेटे पर पोक्सो एक्ट में केस दर्ज

- नाबालिग से सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप

**हैदराबाद।** केद्र सरकार में केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार के 25 साल के बेटे साई भागीरथ पर 17 साल की लड़की के सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगा है।

नाबालिग की मां ने 8 मई को तेलंगाना के हैदराबाद में पोक्सो एक्ट के तहत उनके खिलाफ केस दर्ज कराया था। भागीरथ ने 12 मई को तेलंगाना हाईकोर्ट का रुख किया। उन्होंने अग्रिम जमानत के साथ-साथ अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामला रद्द करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि महिला ने बेटी के जरिये उन्हें हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश की। पुलिस ने कहा कि भागीरथ अभी फरार है। अपराध साबित होने के बाद गिरफ्तारी होगी।

## मानसून 4-6 दिन पहले आने का अनुमान



- यूपी-बिहार समेत पांच राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश में मानसून तय समय से 4 दिन पहले दस्तक दे सकता है। आमतौर पर केरल में मानसून एक जून तक पहुंचता है, लेकिन इस बार 25 से 27 मई के बीच केरल तट पर पहुंचने की संभावना है।

बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में एक सिस्टम बन गया है, जो अगले 48 घंटे में और मजबूत हो सकता है। इससे दक्षिण भारत के कई राज्यों में बारिश बढ़ेगी। यह सिस्टम मानसून को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। यूपी-बिहार समेत 5 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। बिहार और उत्तराखंड के सभी जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं, उत्तर प्रदेश के 38 जिलों में बारिश की संभावना है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में आंधी-तूफान और बारिश से 5 घरों और 7 गोशालाओं की छतें उड़ गईं। राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हीटवेव जारी है। मध्य प्रदेश के रतलाम में पारा 45डिग्री सेल्सियस के पार रहा। दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भी बारिश का दौर जारी रह सकता है।

## 24 घंटे में बेमकसद 3 हत्याएं करने वाला साइको किलर ढेर

- मारे गए बदमाश की पहचान अमृतसर निवासी गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में 24 घंटे के भीतर तीन लोगों की गोली मारकर हत्या करने वाले एक सिरफिरे को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। आरोपी की पहचान पंजाब के अमृतसर निवासी गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है, जो वर्ष 2021 में सेना से बर्खास्त किया गया था।

पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि 10 मई को डीडीयू-ताड़ीघाट पैसेंजर ट्रेन में गाजीपुर जिले के जमानिया निवासी मंगरू की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद 11 मई की रात करीब दो बजे जम्मूतवी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे एक अन्य यात्री की भी सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसी क्रम में सोमवार सुबह थाना अलीनगर क्षेत्र स्थित जीवक अस्पताल में भर्ती लछमिना नामक महिला को भी आरोपी ने सिर में गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में आरोपी बिना किसी उकसावे के महिला को गोली मारते हुए दिखाई दिया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने साहस दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गुरप्रीत सिंह निवासी अमृतसर, पंजाब बताया। पुलिस के अनुसार वह वर्ष 2021 में सेना से सिपाही पद से हटाया गया था। बाद में वह बिहार के आरा जिले में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने पहुंचा था, लेकिन शराब की लत के कारण कुछ ही दिनों में नौकरी से निकाल दिया गया। इसके बाद वह मानसिक रूप से विचलित और आक्रोशित रहने लगा। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने नौ मई से विभिन्न ट्रेनों में यात्रा करते हुए प्रयागराज और चंदौली क्षेत्र में घूमना शुरू किया और पूरी तरह से रैंडम तरीके से निर्दोष लोगों को निशाना बनाकर हत्याएं कीं। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और लोकेशन हिस्ट्री के आधार पर तीनों घटनाओं में उसकी संलिप्तता की पुष्टि हुई है।

# खाने-पीने की चीजों ने बिगाड़ा आम आदमी का बजट

शाह टाइम्स ब्यूरो

- अप्रैल में खुदरा महंगाई दर में मामूली बढ़ोतरी दर्ज हुई, बढ़कर 3.48 % पर पहुंची

**नई दिल्ली।** देश में आम आदमी को महंगाई के मोर्चे पर झटका लगा है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई दर में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है और यह बढ़कर 3.48 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

इससे पिछले महीने यानी मार्च में यह आंकड़ा 3.4 प्रतिशत पर था। इस बढ़ोतरी के पीछे मुख्य वजह खाने-पीने की चीजों, विशेषकर रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों की कीमतों में आया उछाल है। हालांकि, अर्थव्यवस्था के लिए राहत की बात यह है कि समग्र महंगाई दर अब भी आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य के काफी नीचे है। अर्थव्यवस्था के इन आंकड़ों का गहराई से विश्लेषण करने पर पता चलता है कि लोगों के रसोई का बजट मुख्य रूप से बिगड़ा है। खाद्य महंगाई दर मार्च के 3.87 प्रतिशत से बढ़कर अप्रैल में 4.20 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसमें ग्रामीण इलाकों की खाद्य महंगाई दर शहरी क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा तेजी से बढ़ी है। महंगाई का असर केवल राशन तक सीमित नहीं है। अप्रैल महीने में सबसे ज्यादा महंगाई पर्सनल केयर और विविध वस्तुओं की श्रेणी में देखी गई, जिसने 17.66 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की। इसके विपरीत, ईंधन से जुड़ी कीमतों में नरमी के कारण ट्रांसपोर्ट से जुड़ी महंगाई दर -0.01 प्रतिशत पर लगभग सपाट रही, जिससे माल ढुलाई और यात्रा लागत में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हुई। महंगाई दर में मामूली वृद्धि हुई है, फिर भी सरकार और आरबीआई के लिए स्थिति नियंत्रण में है। भारत ने 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक के पांच वर्षों के लिए अपनी खुदरा महंगाई दर का लक्ष्य 4 प्रतिशत (2 प्रतिशत से 6 प्रतिशत के दायरे में) पर बरकरार रखा है। एक सर्वे में खुदरा महंगाई के 3.8 प्रतिशत तक जाने का अनुमान जताया गया था, ऐसे में मौजूदा 3.48 प्रतिशत का आंकड़ा अनुमानों से काफी बेहतर है।



## संक्षिप्त समाचार

### असम में नई सरकार के शपथ समारोह में शामिल हुए योगी

**लखनऊ/ गुवाहाटी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को असम पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में नवनिर्वाचित राजग सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। योगी आदित्यनाथ ने हिमंता बिस्वा सरमा एवं मंत्रिमंडल के नवनियुक्त सदस्यों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। गुवाहाटी हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय कलाकारों ने वाद्ययंत्रों और सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियों के साथ उनका अभिनंदन किया, जबकि पारंपरिक परिधान में मौजूद महिलाओं ने उनका स्वागत किया।

### विज्ञापन में एआई कंटेंट की लेबलिंग के नए प्रारूप नियम

**मुंबई।** भारतीय विज्ञापन मानक परिषद ने विज्ञापनों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से तैयार कंटेंट के जिम्मेदार लेबलिंग के लिए दिशानिर्देशों का मसौदा जारी किया है। परिषद ने बताया कि ए दिशानिर्देश 10 फरवरी 2026 को संशोधित किए गए सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन नियमों के अनुरूप हैं। सभी संबंधित हितधारक 13 जून तक इस प्रस्ताव पर अपने सुझाव दे सकेंगे। एएससीआई की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अब ब्रांड अपने विज्ञापनों में एआई का अधिक उपयोग कर रहे हैं, जिसे देखते हुए प्रारूप दिशानिर्देश में जोखिम आधारित दृष्टिकोण की वकालत की गई है। इसमें तकनीक को नियंत्रित करने के बजाय उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले प्रभाव को प्राथमिकता दी गई है।

# सपा नेता विजय मिश्रा हत्या में दोषी करार, सजा आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ 1980 में कचहरी परिसर में की थी प्रकाश नारायण की हत्या

**प्रयागराज।** यूपी के प्रयागराज जिले की एक विशेष अदालत ने 46 साल पुराने हत्या के बहुचर्चित मामले में समाजवादी पार्टी के पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्रा को दोषी करार दिया है। अदालत ने विजय मिश्रा समेत चार आरोपियों को हत्या और फायरिंग की घटना में दोषसिद्ध माना है। सजा का ऐलान बुधवार को किया जाएगा।

एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश योगेश कुमार तृतीय ने मंगलवार को सुनवाई पूरी करते हुए पूर्व विधायक विजय मिश्रा, जीत नारायण, संतराम और बलराम को दोषी ठहराया। यह मामला 11 फरवरी 1980 का है, जब प्रयागराज के कचहरी परिसर में 35 वर्षीय प्रकाश नारायण पांडेय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार प्रकाश नारायण पांडेय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र थे और अपने खिलाफ दर्ज एक मुकदमे में जमानत कराने जिला अदालत पहुंचे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते संतराम, बलराम, विजय मिश्रा और जीत नारायण ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। घटना में प्रकाश नारायण पांडेय की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि गोलीबारी में पांच अन्य लोग भी घायल हुए थे। मृतक के बड़े भाई श्याम नारायण पांडेय ने कर्नलगंज थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। लंबे समय तक चले इस हाई प्रोफाइल मामले में कई बार सुनवाई प्रभावित हुई। यहां तक कि मुकदमे की पत्रावली भी गायब हो गई थी, जिससे आरोपियों को लाभ मिलने की आशंका जताई गई थी। बाद में मामले की पुनः सुनवाई कराई गई। अभियोजन की ओर से एडीजीसी क्रिमिनल सुशील कुमार वैश्य और विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र कुमार सिंह ने प्रभावी पैरवी की। वहीं बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ताराचंद्र गुप्ता समेत अन्य अधिवक्ताओं ने पक्ष रखा। अदालत द्वारा दोष सिद्ध किए जाने के बाद अब सभी की निगाहें सजा के ऐलान पर टिकी हैं।

### पीएम पर अभद्र टिप्पणी में फंसे सपा सांसद लोधी

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक और अमर्यादित टिप्पणी करने के आरोप में समाजवादी पार्टी सांसद अजेंद्र लोधी पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

एएसपी वंदना सिंह ने मंगलवार को बताया कि भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्एंद्र गुप्ता की तहरीर पर सदर कोतवाली में सांसद अजेंद्र लोधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 132, 189(2), 352 तथा 196(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि सांसद ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग किया तथा बिना अनुमति प्रदर्शन कर सड़क पर अवरोध उत्पन्न करते हुए यातायात और कानून-व्यवस्था को प्रभावित किया। सोमवार को समाजवादी पार्टी द्वारा बिजली के स्मार्ट मीटर समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर महोबा में प्रदर्शन आयोजित किया गया था।

# देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति स्पष्ट करें पीएम: केजरीवाल

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ पेट्रोल डीजल वाले बयान पर बोली 'आप'

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बारे में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए कि इस समय देश की अर्थव्यवस्था कैसी है और एक साल बाद अर्थव्यवस्था कैसी रहने वाली है।

श्री केजरीवाल ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पश्चिम एशिया संकट का प्रभाव दुनिया भर में है लेकिन प्रधानमंत्री ने जिस प्रकार देशवासियों से सात आह्वान किया है उस प्रकार के कदम किसी देश ने नहीं उठाए। प्रधानमंत्री ने सिर्फ मध्यम वर्ग से ही कुर्बानी देनी की अपील की है जो बहुत दुखद है। अगर सबसे अधिक कुर्बानी देनी थी, तो सरकार को अपने खर्चों में कटौती करनी चाहिए थी, लेकिन उसने कोई कटौती नहीं की है। उन्होंने कहा कि देश के लिए जो भी करने की जरूरत है सब करने के लिए तैयार हैं, लेकिन सिर्फ मध्यम वर्ग को निशाना न बनाया जाए।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने हाल ही में लोगों से पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने के लिए मेट्रो, इलेक्ट्रिक बसों और सार्वजनिक परिवहन के अधिक उपयोग का आग्रह किया। साथ ही कार-पूलिंग, वर्चुअल मीटिंग्स और वर्क-फ्रॉम-होम को बढ़ावा देने की भी अपील की।

### नीट प्रश्नपत्र लीक को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नीट प्रश्नपत्र लीक को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार परीक्षाओं को सफलतापूर्वक कराने में असफल रही है। सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह लोगों के साथ धोखा है। अब तक चार बार नीट पेपर लीक हो चुका है। इससे साबित होता है कि बड़े स्तर पर कोई मिलीभगत है।

# केंद्र आमजन को बचाने को कदम उठाए: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मध्य पूर्व एशिया में व्याप्त तनाव बोलीं बसपा प्रमुख

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने मध्य पूर्व एशिया में व्याप्त तनाव पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र और राज्यों से जन हित में उचित कदम उठाने की अपील की है।

सुश्री मायावती ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से 'संयम' बरतने की अपील का हवाला देते हुए कहा कि इससे साफ है कि भारत के सामने संकट केवल पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस जैसे पेट्रोलियम पदार्थों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह एक बड़े आर्थिक संकट का रूप ले सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि इस संकट से करोड़ों भारतीयों का जीवन प्रभावित होगा और स्थिति के और बिगड़ने की भी संभावना है। बसपा प्रमुख ने अपने बयान में कहा कि कोरोना काल की मार के बाद देश की लगभग सौ करोड़ जनता पहले से ही रोजी-रोटी के संकट से जूझ रही है। ऐसी स्थिति में जनता के पास और अधिक संयमित होने या खोने के लिए कुछ खास नहीं बचा है। उन्होंने केंद्र से अपील की कि इस विकट परिस्थिति में गरीब और मेहनतकश परिवारों को थोड़ी राहत देकर उनका सहारा बनें। उन्होंने कहा कि सरकारों को खुद ही कुछ बेहतर उपाय करने चाहिए ताकि जनता को इस संकट से उबारा जा सके।

## यूपी में फिर बदला मौसम का मिजाज, आंधी-पानी से राहत

# वेस्ट यूपी में हवाओं के साथ बारिश का अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ पश्चिम यूपी में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलेंगी तेज हवाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने से पश्चिमी इलाकों में गर्मी से फौरी राहत मिली है जबकि पूर्वी क्षेत्र में अगले 24 घंटों के दौरान कई जिलों में गरज-चमक, तेज आंधी, वज्रपात और ओलावृष्टि के आसार हैं। अमरोहा, मुरादाबाद, संभल और अलीगढ़ समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश विशेष रूप से तराई और पश्चिमी जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से फौरी राहत मिली।

मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ केंद्र द्वारा जारी प्रभाव आधारित पूर्वानुमान एवं चेतावनी के अनुसार 12 मई को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाएं झोंकों में 70 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती हैं।

वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी में 13 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। 14 से 16 मई के बीच प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।

### सहारनपुर व मुरादाबाद मंडल में बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई

बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल और बदायूं जिलों में ओलावृष्टि की आशंका अधिक है। वहीं सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा और औरैया समेत कई जिलों में तेज आंधी और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। मुरादाबाद से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, अमरोहा तथा संभल के अधिकांश हिस्सों में मंगलवार सुबह आसमान में घने काले बादल छा जाने से दिन में ही अंधेरा पसर गया। बारिश के दौरान थोड़ी देर के लिए आवागमन थम गया। पछुआ हवाओं के ट्रफ के रूप में सक्रिय होने और ऊपरी हवाओं के के कारण गरज-चमक के साथ 15 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चली।


काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74559.24 |
| निफ्टी | 23379.55 |
| सोना | 151954 प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 267820 प्रति किलो |

# शेयर बाजारों में रही बड़ी गिरावट प्रमुख सूचकांक दो फीसदी लुढ़के

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका.ईरान शांति वार्ता के पटरी से उतरने और रुपये पर जारी दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को बड़ी गिरावट देखी गई और प्रमुख सूचकांक दो प्रतिशत के करीब लुढ़क गए।

बीएसई का सेंसेक्स 1,456.04 अंक (1.92 प्रतिशत) टूटकर 74,559.24 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 436.30 अंक यानी 1.83 प्रतिशत नीचे 23,379.55 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों प्रमुख सूचकांकों का पांच सप्ताह का निचला स्तर है। शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन गिरावट रही है। खासकर इस सप्ताह के पहले दोनों दिन बाजार में बड़ी बिकवाली देखी गई है। रिपोर्टों में कहा गया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ फिर से सैन्य कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं। इससे विदेशों में भी ज्यादातर प्रमुख शेयर बाजार फिसल गए। इसके अलावा, रुपये के आज ऐतिहासिक निचले स्तर तक उतरने से भी बाजार में निवेश धारणा कमजोर हुई है। पहली बार एक डॉलर 95.50 रुपये प्रति डॉलर से ज्यादा का बोला गया है। फिलहाल यह 95.63 रुपये प्रति डॉलर पर है। चौतरफा बिकवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों पर ज्यादा दबाव रहा। वृहत बाजार में निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 2.43 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 3.17 प्रतिशत गिर गया। सभी सेक्टर दबाव में रहे। रियलटी समूह का सूचकांक चार प्रतिशत से अधिक टूट गया। आईटी का सूचकांक पौने चार प्रतिशत और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद का साढ़े तीन प्रतिशत से ज्यादा लुढ़का। ऑटो, मीडिया, रसायन, वित्त, बैंकिंग, एफएमसीजी, फार्मा और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांकों में भी एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही।

### अपील के बावजूद चांदी और सोना के दाम बढ़े

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोगों से सोना न खरीदने की अपील के बावजूद मंगलवार को सोना-चांदी में तेजी दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार एक किलो चांदी 11,620 रुपए बढ़कर 2,67,820 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले सोमवार को इसकी कीमत 2,56,200 रुपए प्रति किलो थी। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,592 रुपए चढ़कर 1,51,954 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले 11 मई को इसकी कीमत 1,50,362 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 18,755 रुपए और चांदी 37,400 रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.52 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.68 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

# चावल, चीनी और दालों में रही तेजी गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ चीनी और दालों में भी तेजी रही। गेहूं के दाम टूट गए जबकि खाद्य तेलों में घट-बढ़ का रुख देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत छह रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं चार रुपये सस्ता हुआ और 2,776 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। आटे की कीमत छह रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल औसतन 13 रुपये और चना दाल सात रुपये महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत पांच रुपये और मूंग दाल की चार रुपये बढ़ गई। मसूर दाल कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही पड़ी रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 33 रिंगिट टूटकर 4,483 रिंगिट प्रति टन रह गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 37 रुपये टूट गई। मूंगफली तेल 12 रुपये और सरसों तेल तीन रुपये सस्ता हुआ। वनस्पति 11 रुपये मजबूत हुआ। सोया तेल और पाम ऑयल 30.30 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 13 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी छह रुपये महंगी हुई। दाल चना 7661.86 रुपये, मसूर काली 8098.03 रुपये, मूंग दाल 10147.21 रुपये, उड़द दाल 10818.38 रुपये, तुअर दाल 11249.08 रुपये प्रति क्विंटल रही। अगेहूं दड़ा 2776.03 रुपये और चावल 3856.41 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### सोने की खरीद टालने की अपील से उप्र का सर्राफा बाजार चिंतित

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से गैर-जरूरी सोने की खरीद एक वर्ष तक टालने की अपील के बाद उत्तर प्रदेश का सर्राफा कारोबार चिंता में आ गया है। अनुमान है कि इससे उत्तर प्रदेश में करीब 35 लाख लोग प्रभावित होंगे। कारोबारियों ने प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा है कि सरकार एक रोडमैप तैयार करे जिससे प्रभावित होने वाले लोगों को संकट से उबारा जा सके। आदीश कुमार जैन सर्राफ लखनऊ सर्राफा एसोसिएशन वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री जी जब बिहार में गमछा लहराते हैं तो सत्ता बदल जाती है, बंगाल में झाल मूढ़ी खाते हैं तो सत्ता इधर से उधर हो जाती है। कहने का मतलब है कि वो देश के राजा हैं। उनकी बात सब मानते हैं। सराफा कारोबारी हमेशा राष्ट्रवादी होता है। वह राष्ट्र प्रथम के भाव से काम करता है, लेकिन उसके साथ लाखों लोग जो इस कारोबार से जुड़े हैं उनका क्या होगा। उन्होंने कहा कि ज्वैलरी के कारोबार से लाखों लोगों का परिवार जुड़ा हुआ है। धंधा बंद होने पर वो लोग कहां जाएंगे। उनके परिवार का भरण पोषण कैसे होगा और कौन करेगा। अच्छा होगा कि सरकार इन बातों को भी ध्यान में रखकर एक रोडमैप तैयार करे। सर्राफा कारोबारी सरकार का साथ देने के लिए तैयार हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नीट यूजी-2026**

मेल खाते बताए गए। इसके बादमामले ने तूल पकड़ लिया। इसके बाद 10 मई को राजस्थान स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर कार्रवाई करते हुए देहरादून, सीकर और झुंझुनू से 13 संदिग्धों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए लोगों में सीकर के एक कोचिंग संस्थान से जुड़ा एक करियर काउंसलर भी शामिल है। रविवार को एनटीए ने कहा था कि प्रश्न-पत्रों को जीपीएस ट्रैकिंग वाले वाहनों के जरिए भेजा गया था। उन पर यूनिक और ट्रैसेबल वाटरमार्क मौजूद था। परीक्षा केंद्रों की निगरानी केंद्रीय कंट्रोल रूम से एआई असिस्टेड सीसीटीवी सिस्टम के जरिये की गई। सभी अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन कराया गया और केंद्रों पर 5जी जैमर लगाए गए। वहीं, राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) विशाल बंसल ने कहा था कि जांच फिलहाल उस गेस पेपर पर केंद्रित है, जिसे परीक्षा से पहले छात्रों के बीच बांटे जाने का आरोप है। गेस पेपर में करीब 410 सवाल थे। आरोप है कि इनमें से लगभग 120 सवाल केमिस्ट्री में पूछे गए। बताया जा रहा है कि यह गेस पेपर परीक्षा से काफी पहले छात्रों के बीच बंट रहा था। यह 15 दिन से लेकर एक महीने पहले तक छात्रों तक पहुंच चुका था। हमारी जांच इसी गेस पेपर के आधार पर आगे बढ़ रही है। नीट (यूजी) 2026 परीक्षा में इस बार देशभर से करीब 23 लाख छात्रों ने हिस्सा लिया था। नीट परीक्षा देश के 551 और विदेश के 14 शहरों में आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 22.79 लाख छात्र शामिल हुए। परीक्षा रद्द होने के फैसले के बाद लाखों अभ्यर्थियों और अभिभावकों के बीच चिंता और असमंजस का माहौल बना हुआ है।

### केंद्र राजस्व दे, तो दो मिनट में शराब पर लगेगा प्रतिबंध: फारूक

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि यदि केंद्र सरकार राजस्व के नुकसान की भरपाई कर दे, तो राज्य सरकार दो मिनट में शराब पर प्रतिबंध लगा सकती है। शराब की दुकानों को लेकर चल रहे विवाद पर श्री अब्दुल्ला ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से शराब का सेवन नहीं करते हैं, लेकिन उनका मानना है कि जो लोग पीते हैं, वे स्थानीय स्तर पर उपलब्ध न होने की स्थिति में इसे जम्मू-कश्मीर के बाहर से मंगवा लेंगे। उन्होंने कहा कि मैं शराब नहीं पीता। जो पीते हैं, वे पीएंगे ही। उन्हें यहां से नहीं मिलेगी, तो वे बाहर से लाएंगे। नेकां नेता ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने 1977 उनके पिता और तत्कालीन सीएम शेख अब्दुल्ला से राज्य में शराब की बिक्री बंद करने के लिए कहा था।

# कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री से मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ नीट परीक्षा रद्द होने पर सुप्रिया श्रीनेत ने बोला हमला

कांग्रेस ने नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द होने पर केंद्र सरकार की आलोचना की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा देने की मांग की है।

कांग्रेस की सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार करीब 22 लाख छात्रों ने नीट परीक्षा दी थी। छात्रों ने दिन-रात मेहनत कर तैयारी की, अभिभावकों ने कोचिंग और परीक्षा से जुड़े खर्च उठाए, लेकिन अंत में उन्हें पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि शायद फर्जी डिग्री वालों से शिक्षा के संबंध में गंभीरता की आशा ही बेमानी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को संभालने में पूरी तरह विफल रही है। मंत्री और सरकार देश के छात्रों के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं हैं और एक इम्तिहान भी बिना पेपर लीक के नहीं करा सकते, जबकि विश्वगुरु बनने के दावे किए जाते हैं। सुश्री श्रीनेत ने पेपर लीक माफिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उनके हौसले इतने बुलंद इसलिए हैं क्योंकि उन्हें सरकार और भाजपा का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इससे बेपरवाह हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनएटीए) द्वारा आयोजित नीट यूजी 2026 परीक्षा को केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद रद्द कर दिया गया है। नई परीक्षा तिथियों की घोषणा जल्द किए जाने की बात कही गई है।

### नीट परीक्षा का रद्द होना सरकार की विफलता का उदाहरण: अजय राय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को कहा कि नीट परीक्षा रद्द कर केंद्र सरकार ने युवा वर्ग के सपनों के साथ खिलवाड़ किया है और लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। श्री राय ने यहां जारी बयान में कहा कि नीट यूजी 2026 का रद्द होना सरकार की विफलता का बड़ा उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो सरकार राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा को सुरक्षित और पारदर्शी ढंग से आयोजित नहीं करा सकती, उसे सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक के डर ने सरकार की तैयारियों और व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं है और दिल्ली में बैठे लोग छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। देश का युवा मौजूदा परिस्थितियों को देख रहा है और आने वाले समय में इसका जवाब देगा।

# प्रदूषण से त्रस्त ग्रामीणों के पलायन से हड़कंप

## सीएमओ ने चिकित्सकों विशेषज्ञों की टीम के साथ मखियाली गांव पहुंचकर जाना ग्रामीणों का हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रदूषण के कारण बढ़ती बीमारियों से त्रस्त होकर कई गांव से पलायन करने की सूचना जैसे ही जिला प्रशासन तक पहुंची तो हड़कंप मच गया।

जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल स्वास्थ्य विभाग को जमीनी हकीकत जानने के निर्देश दिए,वहीं किसान नेताओं ने इसे गंभीर जनस्वास्थ्य संकट बताते हुए इस स्थिति के जिम्मेदार माने जाने वाले उद्योगों के खिलाफ बड़े आंदोलन की तैयारी शुरू करते हुए ग्रामीणों के साथ रणनीति बनानी शुरू कर दी है।

दरअसल भोपा रोड स्थित गांव मखियाली के आसपास संचालित फैक्ट्रियों से निकलने वाले दूषित कचरे और जहरीले धुएं ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। डीएम के आदेश पर मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के नेतृत्व में विशेषज्ञों की टीम मखियाली पहुंची और घर-घर जाकर मरीजों का हाल जाना।

कैंसर और सिरदर्द के मिले अधिक मरीजरू जांच के दौरान सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी स्वास्थ्य समस्याओं को अपनी डायरी में दर्ज किया।

प्रारंभिक जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं गांव में कैंसर, सांस लेने में तकलीफ और भयंकर सिरदर्द के मरीजों की संख्या काफी अधिक मिली है। सीएमओ ने निरीक्षण में पाया कि फैक्ट्रियों के प्रदूषण का सबसे घातक असर बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। ग्रामीण इस कदर भयभीत हैं कि बीमारियों से बचने के लिए गांव छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। सीएमओ ने अलग-अलग ग्रामीणों से बातचीत कर जानकारी ली।



# अस्पताल पुलिस चौकी के सामने से साईकिल चोरी

■ पीड़ित पर गरीबी की मार, पैसों के अभाव में अस्पताल लेने आया था दवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला अस्पताल में जेब कट और वाहन चोर गिरोह पूरीतरह सक्रिय है, जबकि जिला अस्पताल में एक दर्जन से अधिक गार्ड तैनात है, लेकिन इसके बावजूद भी कभी-कभी यहां की व्यवस्था बिगड जाती है। आज भी वाहन चोर गिरोह ने एक गरीब वृद्ध की साईकिल चोरी कर ली। पीड़ित तंग हाली के चलते जिला अस्पताल में दवाई लेने के लिए आया था जहां उसकी साइकिल चोरी कर ली गई। पीड़ित ने अपनी साइकिल की काफी तलाश की, लेकिन कई घंटे बाद भी वह अस्पताल पर बैठकर आसु बहाता रहा। सबसे बडा सवाल यह है कि एक दर्जन से अधिक गार्ड और जिला अस्पताल की पुलिस चौकी में दर्जनभर पुलिसकर्मी और दरोगा तैनात है, लेकिन चोर और जेबकट यहां सक्रिय है। पीड़ित वृद्ध ने अपनी साइकिल अस्पताल चौकी के ठीक सामने की थी। पीड़ित ने सोचा था कि उसकी साइकिल सुरक्षित रहेगी, लेकिन बैखोफ चोर साइकिल ले उडे। अस्पताल में आए तीमारदार व पीड़ित ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की।

# ग्रामीण नहीं, जिम्मेदार लोगों को करना होगा पलायन

■ सीधी चेतावनी, नहीं रुका प्रदूषण तो होगा आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** किसान नेता धर्मेन्द्र ने स्पष्ट कहा कि ग्रामीणों को गांव छोड़ने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी को पलायन करना चाहिए तो वे लोग हैं जो प्रदूषण फैलाकर लोगों के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से एकजुट होकर आंदोलन की तैयारी करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि उद्योगों का संचालन नियमों के तहत होना चाहिए और यदि ऐसा नहीं हो रहा है तो ग्रामीणों को अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए सड़कों पर उतरना पड़ेगा।



उन्होंने संकेत दिए कि आने वाले पंचायत और विधानसभा चुनावों में भी यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा।

# आज गांव में लगेगा जांच कैंप, होगा एक्स-रे

■ प्रशासन की पहल के बाद ग्रामीणों में जगी आस की किरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** डीएम उमेश मिश्रा के निर्देश पर गांव मखियाली पहुंचे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए सीएमओ ने गांव में ही मुनादी कराई कि बुधवार को मखियाली में एक वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

डॉ. सुनील तेवतिया ने बताया कि शिविर में जिला अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद रहेंगे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि गांव में कैंसर और सिरदर्द के बढ़ते मामलों को देखते हुए मरीजों के डिजिटल एक्सरे व अन्य जरूरी पैथोलॉजिकल जांचें मौके पर ही कराई जाएंगी। इन जांच रिपोर्टों के आधार पर ही मरीजों का विस्तृत उपचार शुरू होगा और इसकी रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपी जाएगी। प्रशासन की इस सक्रियता के बाद ग्रामीणों में पलायन रोकने की उम्मीद जगी है। साथ ही ग्रामीण आश्वस्त है कि उद्योगों पर शिकंजा कसा जाएगा।

# चुनौतीपूर्ण दौर में सहयोग करें: राकेश

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील का किया समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि देश जब किसी चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा हो, तब प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह देश हित में सहयोग करे और संसाधनों की बचत करे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की बचत समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लोग बिना जरूरी काम के भी वाहनों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिस पर नियंत्रण होना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि नेपाल की तर्ज पर सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा दिया जाए। और अनावश्यक वाहन उपयोग पर निगरानी रखी जाए।

मंगलवार को मीडिया से मुखातिब भाकियू नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल-डीजल की बचत, सोने में कम निवेश और किसानों से जैविक खेती अपनाने की अपील का समर्थन किया है। उन्होंने टिकैत ने कहा कि श्देश में मुसीबत के समय देश के साथ खड़ा रहना चाहिए। जितनी बचत हम कर सकते हैं, उतनी करनी चाहिए। ट्रेन और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का अधिक इस्तेमाल होना चाहिए, लेकिन सरकार को भी लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ानी होगी। कई रूटों पर ट्रेनें बंद कर दी गई हैं, जिससे लोग मजबूरी में निजी वाहनों का उपयोग कर रहे हैं।श किसान नेता ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन लंबे समय से



जैविक खेती की पैरवी करती आ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को उर्वरक सब्सिडी सीधे किसानों के खातों में देनी चाहिए, ताकि वास्तविक लाभ किसानों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि जिस किसान के नाम जितनी जमीन है, उसी हिसाब से सब्सिडी सीधे उसे मिलनी चाहिए। जो किसान ऑर्गेनिक खेती कर रहे हैं, उनकी सब्सिडी भी कई बार दूसरे लोग या कंपनियां ले जाती हैं। देश को ऑर्गेनिक खेती की ओर बढ़ना होगा और इसके लिए मजबूत बाजार भी तैयार करना होगा। टिकैत ने सुझाव दिया कि बड़े शहरों और मॉल में किसानों को सस्ते किराये पर दुकानें उपलब्ध कराई जाएं, जहां प्रमाणित जैविक उत्पाद बेचे जा सकें। उन्होंने गुड़ समेत अन्य उत्पादों की गुणवत्ता जांच की व्यवस्था मजबूत करने की भी मांग की। राकेश टिकैत ने कहा कि कृषि विश्व विद्यालयों और वैज्ञानिकों के लिए रिसर्च फंड बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने चिंता जताई कि कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में संसाधनों की कमी के कारण वैज्ञानिकों का मनोबल प्रभावित हो रहा है। सोने में निवेश कम करने की प्रधानमंत्री की अपील पर टिकैत ने कहा कि खाप पंचायतें भी सादगीपूर्ण जीवन और कम खर्च की वकालत करती रही हैं।

### शादी में 10 ग्राम से ज्यादा सोना न देने का सुझाव

**मुजफ्फरनगर।** राकेश टिकैत ने सुझाव दिया कि शादी-विवाह में सोने की खरीद और प्रदर्शन सीमित होना चाहिए। उन्होंने कहा, एक कानून बनना चाहिए कि शादी में 10 ग्राम से ज्यादा सोना न दिया जाए। आज सोना आम आदमी की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। कम खर्च में काम चलाने की सोच समाज में विकसित होनी चाहिए। टिकैत ने कहा कि सरकार एक ओर सार्वजनिक परिवहन के इस्तेमाल की अपील करती है, वहीं दूसरी ओर कई लोकल ट्रेनें बंद कर दी गई हैं और किराया भी बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि गांव और कस्बों को जोड़ने वाली ट्रेन सेवाएं बहाल की जाएं तो डीजल-पेट्रोल की खपत में बड़ी कमी लाई जा सकती है।

# कप्तान का एक्शन: रील बनाने वाला सिपाही निलंबित

■ अन्य पुलिसकर्मियों को भी दी सोशल पोस्ट से बचने की नसीहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रील बनाने का खुमार जहां नई उम्र के लडकी-लडकियों को चढ़ रहा है तो वहीं पुलिस विभाग में भी रील बनाने का शोक सर चढ़कर बोल रहा है। रील बनाने के चक्कर में कई युवक अपनी जान भी गवाह चुके है, और पुलिस प्रशासन ऐसे मामलो में कार्यवाही भी कर रहा है। एक मामला अभी हाल का है जहां एक पुलिसकर्मी ने वर्दी में सिंघम बनकर रील बनाई, लेकिन इसका खामियाजा उसको निलंबित होकर चुकाना पडा। बताया जाता है कि एक थाने में तैनात पुलिसकर्मी ने रील बनाते हुए सिंघम का रोल अदा किया। जहां सोशल मीडिया पर वायरल रील का संज्ञान तुरंत ही एसएसपी ने लिया।

पुलिस कप्तान संजय वर्मा ने इस मामले में सीओ से जांच कराई और जांच रिपोर्ट आने के बाद सिपाही को निलंबित कर दिया गया।

बताया जाता है कि कई अन्य थानों में भी पुलिसकर्मियों ने रील बनाई थी जो सोशल मीडिया पर वायरल हुई और इन सभीमामलों का एसएसपी ने संज्ञान लिया।

# हाई वोल्टेज से लाखों का नुकसान

## इन्वर्टर, मोटर व अन्य उपकरण फुंकने से रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वैसे तो घटा घनघौर हो या जरा सी बुंदा-बांदी विद्युत सप्लाई बंद होने में जरा भी देर नहीं लगती। कई-कई घंटा नगर व आसपास के क्षेत्र मे अंधकार हो जाता है, लेकिन ऐसा मामला सामने आया है जिससे लोगों के चेहरे मायूस हो गए है हम बातकर रहे है नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला आदर्श कॉलौनी की यहां पर बंद विद्युत सप्लाई अचानक ही हाई वोल्टेज लेकर आई। इसे तकनीकी गड़बड़ी कहे या कुछ ओर, लेकिन कुछ लोगों को भारी नुकसान करना पड़ा है।

आदर्श कॉलौनी के लोगों की माने तो मंगलवार की सवेरे विद्युत सप्लाई बंद थी। जिससे क्षेत्रवासी बिजली आपूर्ति आने की इंतजार करते रहे। करीब दो बजे के बाद विद्युत सप्लाई आई, लेकिन जैसे ही तेज वोल्टेज सप्लाई चालू हुई तो अचानक ही क्षेत्र के घर और दुकानों में लगे उपकरण फुलने लगे।

कुछ लोगों के मोटर, इंवेर्टर, पंखे, टीवी व अन्य उपकरण सामान खराब हो गए। अचानक भारी नुकसान होने से लोगों मे अफरा-तफरी मच गई और यहां लोग मायूस हो गए। कुछ लोगों के घर में लगी वायरिंग में भी धुंआ उठता दिखाई देने लगा जहां क्षेत्रवासी अपने-अपने घरों से बाहर आए। इस समय लोगो में भारी रोष था और उन्होने विद्युत विभाग पर घौर लापवाही का आरोप लगाया। लोगों ने बताया कि उन्हे लाखों रूपये का नुकसान हुआ है। फिलहाल मौहल्ले वासियों में विद्युत के प्रति रोष है।

बता दे कि काफी समय से विद्युत सप्लाई आंख मुचौली कर रही है जिसको लेकर लोगों में कई बार रोष बना। अब अचानक ही हाईवोल्टेज आने से लोगो को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है।



मुजफ्फरनगर: हाई वोल्टेज से फुंके उपकरणों को दिखाते आदर्श कॉलौनी के लोग।

# महिला ने जेठ-जेठानी पर जड़े गंभीर आरोप

■ सीओ बुढ़ाना बोले- तहरीर के आधार पर हो गया है मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस कार्यालय पहुंची शाहपुर के गांव कसेरवा की एक महिला ने अपने पडौसी पर मारपीट, दुव्यर्वहार और छेडखानी जैसे गंभीर आरोप लगाए है। पीड़िता ने आरोपी को मौलाना बताया है जबकि सीओ बुढ़ाना का मामला आया तो मामला कुछ ओर ही नजर आरहा है। सीओ बुढ़ाना ने अपना बयान जारी करते हुए कहा कि वाजिदा पत्नी सलीम का अपने जेठ और जेठानी से पारिवारिक विवाद है। और महिला की ओर से थाने में एक तहरीर दी गई है जिसक आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इसमें दो अलग-अलग बात है महिला अपने बयान में आरोपी को अपना जेठ और जेठानी नहीं बता रही है। वह तो सीधा-सीधा मौलाना बताकर उस पर गंभीर आरोप लगा रही है जबकि सीओ बुढ़ाना के बयान कुछ ओर ही कह रहे है जिसमें पारिवारिक विवाद सामने आ रहा है, लेकिन महिला इस मामले को तरोड़-मरोड कर मीडिया और पुलिस अधिकारियों के सामने बयान दे रही है। अब यह मामला पुलिस जांच का विषय है।



मुजफ्फरनगर: सूरज की किरणों से बचने के लिए चेहरा स्कार्फ से ढककर निकलती महिलाएं।

### रंजिश में मारपीट पर होगी कड़ी कार्रवाई

**मुजफ्फरनगर।** अपर महानिदेशक मेरठ जोन के निर्देशानुसार एसपी सिटी अमृत जैन ने नगर और आसपास के गांव में रंजिश के मामलों को सूचिबद्ध करना शुरू कर दिया है। उन्होने रंजिशों के पूराने रिकॉर्डो को खंगालना शुरू कर दिया है और उन्हे अपडेट किया गया। छोटी से लेकर बड़ी रंजिश के मामलों को चिन्हित कर उनमें कार्यवाही की जाएगी। यह कदम इसलिएउठाए गए है कि कभी-कभीछोटी रंजिश बडी-बडी रंजिश जैसे खूनी संघर्ष का रूप ले लेती है। और पिछली घटनाओं को दोहराया जाए तो कई थाना क्षेत्र में पुलिस ने छोटे मामलों को हलके में लिया और उसकी चिंगारी धीरे-धीरे सिलगी और सोला बन गई यानि के छोटी रंजिश खून खराबे में बदल गई।

# गंगनहर पटरी पर मृत पशुओं के शव फेंके जाने से बढ़ा संक्रमण का खतरा

■ समाजसेवियों ने उठाई कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** क्षेत्र में मृत पशुओं के शव खुले स्थानों पर फेंके जाने का मामला गंभीर होता जा रहा है। गंगनहर पटरी और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर मृत गौवंश एवं पशुओं के अवैध निस्तारण को लेकर सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है।

एलआईसी एनिमल्स वेलफेयर तथा पीएफए इंडिया से जुड़े समाजसेवी पुनीत अरोड़ा ने मंगलवार को क्षेत्राधिकारी खतौली को शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि कुछ लोग नियमों को दरकिनार कर मृत पशुओं के शव खुले में डाल रहे हैं। इससे आसपास के क्षेत्रों में दुर्गंध फैल रही है और राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि खुले में पड़े शवों को आवारा कुत्ते और जंगली जानवर नोचते रहते हैं, जिससे क्षेत्र का वातावरण दूषित हो रहा है। साथ ही संक्रामक बीमारियों और संक्रमण फैलने का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है।

पुनीत अरोड़ा ने कहा कि मृत पशुओं का इस प्रकार निस्तारण पर्यावरण संरक्षण नियमों और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कानूनों का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में एक मई 2026 को मंसूरपुर थाने में भी शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। समाजसेवी ने प्रशासन से मांग की है कि मृत पशुओं के खुले में निस्तारण पर तत्काल रोक लगाई जाए और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्र में स्वच्छता और जनस्वास्थ्य को सुरक्षित रखा जा सके।

# प्रेमजाल में फंसा कर धर्मांतरण का आरोप

## 16 लोगों पर गंभीर धाराओं का मुकदमा दर्ज, पुलिस ने की कार्रवाई शुरू

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गाजियाबाद की युवती ने सोलह लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए गंभीर धाराओं का मुकदम दर्ज कराया है। युवती ने आरोप लगाया कि प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ दुराचार किया। आरोपी युवक ने सोशल मीडिया के माध्यम से उससे पहचान बनाकर उसको प्रेमजाल में फंसाकर जबरन शादी की और यौन शोषण किया।

एक युवती ने सोशल मीडिया के सामने और अधिकारियों के समक्ष पेश होकर अपनी पीडा सुनाते हुए कहा कि वर्ष 2012 में फेसबुक पर उसकी मुलाकात 'नवीन राणा' नाम के युवक से हुई थी। युवक ने स्वयं को हिंदू बताकर उससे दोस्ती बढ़ाई और धीरे-धीरे विश्वास हासिल कर लिया। कुछ समय बाद उसको यहां लाने के लिए अपने एक सहयोगी को भेजा और उसको दिल्ली लाया गया। इसके बाद उसको खतौली क्षेत्र के एक गांव फुलत लाया गया। आरोप है कि यहां आने पर उसको पता चला कि युवक का नाम नवीन राणा नहीं उसका असली नाम नवेद है। युवती ने डराने और धमकाने व मारपीट का भी आरोप लगाया है। आरोप तो यह भी है कि कई दिनों तक उसे अपने धर्म में लाने के लिए सभी हत्थकंडे इस्तेमाल किए उसने बुर्खा पहनाने का भी आरोप लगाया। युवती ने आरोप लगाया कि उसको कई स्थानों पर रखा गया और अधेड व्यक्ति के साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीडिता ने रोते हुए यह भी बताया कि तीन तलाक और हलाला के नाम पर उसका यौन शोषण किया गया। अब्दुल रहमान नामक व्यक्ति पर भी गंभीर आरोप लगाए गए। नशीला पदार्थ पिलाने और दुसरे व्यक्ति के साथ रहने के लिए मजबूर करने का भी आरोप लगाया गया। यह भी आरोप है कि जयपुर, अहमदाबाद और मुजफ्फरनगर के कई शहरों में उसको रखा गया। युवती ने मदरसा का भी हवाला दिया है। अब इस नए मामले में फिर से मदरसे और उससे जुड़े कुछ नाम सामने आने के बाद इलाके में चर्चाएं तेज हो गई हैं। अंकुर विहार थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर नावेद उर्फ नवीन राणा, मौलाना कलीम सिद्दीकी, उनके परिवार के सदस्यों तथा अन्य आरोपियों समेत कुल 16 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों पर बलात्कार, मानव तस्करी, आपराधिक षडयंत्र, जबरन धर्मांतरण और अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले में सभी पहलूओं पर गहनता से जांच पडताल की जा रही है जो भी तथ्य और आरोप पाए जाएगे उस पर कार्यवाही होगी।

# ब्राह्मण समाज पर कथित टिप्पणी से रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता नेता राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में मीरांपुर के ब्राह्मण समाज में रोष व्याप्त है। ब्राह्मण समाज के लोगों ने इस बयान की कड़ी निंदा करते हुए समाजवादी पार्टी हाईकमान से संबंधित नेता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि किसी भी समाज विशेष के खिलाफ इस प्रकार की टिप्पणी करना संकीर्ण मानसिकता का परिचायक है और इससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ता है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को ऐसे व्यक्ति को तत्काल पार्टी से निष्कासित कर देना चाहिए, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश जाए और सामाजिक एकता बनी रहे। समाज के लोगों ने चेतावनी दी कि यदि संबंधित नेता द्वारा अपने वक्तव्य पर सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी गई तो ब्राह्मण समाज समाजवादी पार्टी का प्रयेक चुनाव में बहिष्कार करेगा।



साथ ही उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे समाज में सौहार्द बनाए रखने वाले नेताओं को ही बढ़ावा दें। इस बैठक में ब्राह्मण सभा मीरापुर के अध्यक्ष विकास कौशिक, महामंत्री असीम शर्मा, मूलचंद शर्मा, रामवतार शर्मा, दीनदयाल शर्मा, नितिन शर्मा, वैद्य प्रदुमन शर्मा, सुभाष शर्मा, दीपक कृष्णात्रेय, प्रतीक वत्स, डा. प्रवीन शर्मा, सहदेव शर्मा, किशनदत्त शर्मा, गोविंद कौशिक, अकुल भारद्वाज आदि लोग उपस्थित रहे।

## पुट्ठी इब्राहिमपुर में भाकियू की विशाल बैठक

# टिकैत बोले– हाईवे पर कट नहीं मिला तो होगा बड़ा आंदोलन

**रामराज।** थाना क्षेत्र के ग्राम पूठी इब्राहिमपुर में भारतीय किसान यूनियन की एक विशाल बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं, सरकार की नीतियों तथा क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ग्राम पूठी इब्राहिमपुर की सीमा पर पहुंचने पर किसानों ने सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ उनका जोरदार और भव्य स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसानों ने भारतीय किसान यूनियन की सदस्यता भी ग्रहण की।



बैठक को संबोधित करते हुए राकेश टिकैत ने केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किसान अनेक समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन सरकार किसानों की मूल समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर नहीं दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर खाद और यूरिया उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। आरोप लगाया कि सरकार यूरिया को बड़ी–बड़ी कोल्ड ड्रिंक्स फैक्ट्रियों की ओर भेज रही है, जबकि किसान खाद के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों को समय रहते पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध नहीं कराया गया तो फसलें बर्बाद हो जाएंगी और किसान भारी नुकसान झेलने को मजबूर होंगे। उन्होंने दिल्ली–पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। राकेश टिकैत ने कहा कि ग्राम पूठी इब्राहिमपुर के निकट से गुजर रहे हाईवे पर यदि रामराज और मीरापुर की ओर आने–जाने के लिए कट नहीं दिया गया तो भारतीय किसान यूनियन बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी। कार्यक्रम में कुंवर देवेंद्र सिंह ने कहा कि चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत द्वारा लगाया गया संगठन का पौधा आज पूरे देश में विशाल वृक्ष का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत और राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत लगातार किसानों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनते हैं और सरकार से किसानों के हितों के लिए संघर्ष करते रहते हैं। कार्यक्रम का संचालन युवा ब्लॉक अध्यक्ष खालिद चौधरी ने किया। बैठक में प्रमोद अहलावत, अशोक घटायन, योगेश बालियान, हैप्पी बालियान, हाजी महबूब पूर्व प्रधान, अली जामिन जैदी, गोपाल चौधरी, उदयवीर सिंह, दिनेश प्रधान, रविंद्र, तस्लीम प्रधान खेड़ी, सुदेश पाल, रामपाल सिंह सहित किसान और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स. 10766/04.10.21 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्री का नाम दर्ज नही कराया गया। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम मान्या धीमान है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**सचिन कुमार,
सहावली मुजफ्फरनगर**

# अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस समारोह का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** ए एनएम ट्रेनिंग सेंटर सदर ब्लॉक, कूकड़ा में जिलाधिकारी के निर्देशन एवं ब्ड० डॉ. सुनील तेवतिया के मार्गदर्शन में, प्रधानाचार्या श्रीमती सरिता शीतवाल की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नोडल अधिकारी राघवेंद्र सिंह एवं डॉ. राजीव कुमार सदस्य द्धबाल कल्याण समिति एवं स्थानीय समिति) उपस्थिति रही।इस अवसर पर नर्सिंग सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं तथा उनका समर्पण समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस – 2026 की थीम ÞOur Nurses- Our Future- Empowered Nurses Save Livesß पर विशेष चर्चा की गई।इस अवसर पर छात्राओं हेतु नर्सिंग शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने सेवा, करुणा एवं मानवता के प्रति समर्पित रहने की शपथ ली। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को और भी आकर्षक बना दिया। छात्राओं ने गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नर्सिंग पेशे के महत्व को दर्शाया।कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 09 ट्रेनीज को उपहार भेंट कर एवं फूलमालाओं से सम्मानित किया गया।संस्थान के शिक्षकगण सोनी शीतवाल, मोनिका सिंह एवं मोहित कुमार कार्यक्रम में शामिल रहे।



# गढ़ी नौआबाद के रणविजय ने रचा इतिहास

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन के जिला महासचिव अनुज बालियान के सगे भतीजे गढ़ी नौआबाद निवासी होनहार छात्र रणविजय ने अंग्रेजी विषय में पूरे देश का दिल जीत लिया। रुड़की में कक्षा 9 में पढ रहे रणविजय ने भारतीय राष्ट्रीय प्रतिभा खोज ओलंपियाड 2025–26 के लेवल– 2 में ऑल इंडिया दूसरी रैंक हासिल कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। भारतीय राष्ट्रीय प्रतिभा खोज ओलंपियाड देश के सबसे प्रतिष्ठित ओलंपियाड में से एक है। इसकी लेवल– 1 परीक्षा अक्टूबर 2025 में हुई थी जिसे क्वालीफाई करने के बाद रणविजय ने जनवरी में आयोजित लेवल– 2 की परीक्षा दी। इसमें देश के टॉपर्स के बीच अंग्रेजी विषय में हजारों छात्रों को पीछे छोड़कर उसने दूसरी पोजीशन हासिल की। घर में प्यार से नन्नू कहे जाने वाले रणविजय की इस कामयाबी पर परिवार में हर्ष है।



भाकियू जिला महासचिव अनुज बालियान ने बताया कि उनका भतीजा रणविजय शुरु से ही पढ़ाई में अव्वल रहा है। रोज 2 घंटे अंग्रेजी की एक्स्ट्रा प्रैक्टिस करता है। उसकी मेहनत रंग लाई। आज उसने गांव का नाम पूरे देश में रोशन कर दिया। रणविजय की उपलब्धि की खबर मिलते ही गांव गढ़ी नौआबाद व टोडा बिजलीघर में चल रहे भाकियू के धरने पर मिठाई बांटी गई। अनुज बालियान के अनुसार भतीजे रणविजय ने स्कूल व बुढ़ाना क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उसने साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी नेशनल लेवल पर टॉप कर सकते हैं।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरी पत्नी श्रीमती रामबीरी गलत संगत मे पड गयी है उसका उठना बैठना गलत किस्म के लोगों में है और आवारा गर्दी करती रहती है और मेरा कहना नहीं मानती है और न ही मेरे साथ रहती है। मैं अपनी पत्नी रामबीरी को उसकी गलत आदतों के चलते अपनी चल व अचल समस्त सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उसके किसी भी प्रकार के लेन देन या किये गये गलत कृत्य से मेरा आज के बाद कोई भी मतलब वास्ता नही होगा।

**मुकेश कुमार पुत्र ऋषिपाल निवासी तीर्थ कालोनी कस्बा खतौली, हाल निवासी ग्राम मुजाहिदपुर थाना रतनपुरी, जिला मुजफ्फरनगर**

# डीएम आवास के सामने गंदगी से शिवसेना में रोष

**मुजफ्फरनगर।** शिवसेना कार्यालय पर शिवसेना के पदाधिकारियों की बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि 14 तारीख तक प्रात: 10:00 बजे तक जिला अधिकारी के आवास के सामने से गंदगी के बीच लगा सनातन धर्म के प्रतीक चिन्ह को न हटाया गया तो शिव सैनिक स्वयं 12:00 बजे जाकर सम्मानपूर्वक हटाकर पवित्र स्थान पर ले जाकर रख देंगे। बैठक को संबोधित करते हुए शिवसेना नेता मनोज सैनी ने कहा कि 5 दिन पूर्व शिवसेना की युवा शाखा के द्वारा इस पवित्र चिन्ह को गंदगी वाले स्थान से हटाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया था और प्रशासन के अधिकारियों ने इसको जल्दी हटाने का आश्वासन दिया था परंतु आज तक भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई शिवसेना जिला अध्यक्ष लोकेश सैनी ने कहा कि सनातन धर्म के प्रतीक चिन्ह के आसपास लगातार कूड़ा फेंक रहे हैं और मल मूत्र त्याग कर रहे हैं जिस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा 14 तारीख में शिवसेना कार्यकर्ता स्वयं वहां जाकर सनातन धर्म के प्रतीक चिन्ह को सम्मान पूर्वक हटाकर और उक्त स्थान पर स्थानीय नेताओं (जनप्रतिनिधियों) की फोटो चश्पा कर देंगे।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पासपोर्ट M8829565 में मेरा नाम MOHAMAMD ABRAR है। जो गलत है, सही नाम MOHAMMAD ABRAR है। मुझे MOHAMMAD ABRAR पुत्र मौ0 इस्लाम, के नाम से जाना जाए।

786/18, KHALAPAR, MUZAFFARNAGAR.

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा आयुर्वेदाचार्य व आयुर्वेद शास्त्री का प्रमाण पत्र अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**अतहर अहमद** 827/57 योगेन्द्र पुरी 9163994016

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरी दो पुत्रियां अनम व इकरा पुत्रीगण राशिद अहमद मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों के कहने–सुनने में नहीं हैं, इसलिए मैंने इन दोनों को अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। ये अपने कृत्यों की स्वयं जिम्मेदार होंगी।

राशिद अहमद पुत्र जरीफ अहमद
निवासी:– म. नं. 307 लद्दावाला,
थाना कोतवाली नगर, जिला
मुजफ्फरनगर।

# खेत में मिला व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

**एसपी देहात संजय ने घटनास्थल पर पहुंचकर किया निरीक्षण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** सोमवार को जटवाड़ा के जंगल मे क्षत विक्षत हालत व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त चरण सिंह पुत्र रघुवीर निवासी ग्राम संभलहेड़ा थाना मीरापुर के रूप में की गई। घटना की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक देहात अक्षय संजय महाडीक भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले का निरीक्षण किया। उन्होंने ककरौली पुलिस को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए मामले की गहनता से जांच करने के निर्देश दिए। खेत में शव मिलने की खबर फैलते ही आसपास के लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच में जुटी हुई है।

क्षेत्राधिकारी देवव्रत वाजपेई ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## जंगली चोरों ने टयूबवेल में चोरी की घटना को दिया अंजाम

**मोरना।** ककरौली क्षेत्र में जंगली चोरों का आतंक जारी है। जिससे किसानों में दहशत का माहौल बना हुआ है। सोमवार रात अज्ञात चोरों ने एक ही रात में चार किसानों की टड्ूबवेलों पर चोरी की घटना को अंजाम दिया है।पीड़ित किसानों ने कार्रवाई की मांग पुलिस से की है।ककरौली थाना क्षेत्र के गांव बेहडा सादात निवासी रविंद्र मासूमा, हसन हैदर,वसीम हैदर तथा सुक्का की टड्ूबवेलों पर सोमवार की रात अज्ञात चोरो ने विद्युत उपकरण, केबल, स्टार्टर तथा अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। मंगलवार सुबह जब किसान अपने खेतों पर पहुंचे तो टड्ूबवेलों के ताले टूटे पड़े मिले और सामान गायब देखकर उनके होश उड़ गए।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में इससे पहले भी दो दर्जन से अधिक किसानों की टड्ूबवेलों पर चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरे तीन भाई व एक बहन है। जिनमें कुलदीप, संजीव व सोनू पुत्रगण स्व0 तेजराम निवासीगण ग्राम करवाडा थाना तितावी मुजफ्फरनगर है। मेरे तीनों भाई अलग रहते है तथा वह मेरे कहने सुनने से बाहर है। आये दिन वह गलत कृत्य करते रहते है। इन्ही सब हरकतो से परेशान होकर मैने व मेरे परिवार ने उनसे अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध समाप्त कर लिये है, क्योंकि सोनू भी गलत रास्ते पर चल पडा है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी गलत कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरे परिवार की जिम्मेदारी नही होगी।

**रेखा पुत्री स्व.तेजराम पत्नी सुरेन्द्र निवासी ग्राम गढी देशराज बघरा, थाना तितावी जिला–मुजफ्फरनगर**

## चालक पर मुकदमा दर्ज

**बुढ़ाना।** मिंडकाली भट्टे के पास तेज रफ्तार महिंद्रा पिकअप ने ई–रिक्शा में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई–रिक्शा चालक और उसमें बैठी सवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित ने बुढ़ाना थाने में तहरीर देकर पिकअप चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दोघट जिला बागपत निवासी मनीष पुत्र रकम पाल ने बताया कि बीते 30 अप्रैल को वो अपनी ई रिक्शा में सवारी लेकर बुढ़ाना की तरफ से दाहा जा रहा था। जब वह मिंडकाली भटे के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही महिंद्रा पिकअप गाड़ी के चालक ने तेज गति से गाडी चलाते हुए ई रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई–रिक्शा पलट गई। हादसे में मनीष और उसके साथ बैठी सवारी को गंभीर चोटें आईं।

# यूपी के दो नए मंत्रियों को भाजपाइयों ने दी बधाई

**बुढ़ाना।** उत्तर प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी को कैबिनेट मंत्री और सरधना विधायक डॉक्टर सोमेन्द्र तोमर को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। लखनऊ स्थित आवास पर भाजपा के वरिष्ठ नेता ब्रजपाल सहरावत, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक, अंकुश राठी और पूर्व नामित सभासद कुलदीप बागडी ने दोनों नेताओं से मुलाकात कर हार्दिक बधाई एवं शुकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा नेता यशपाल सहरावत ने कहा कि आप दोनों के नेतृत्व, संघर्ष और संगठन के प्रति समर्पण पर हम सभी को गर्व है। आपके अनुभव और ऊर्जा से प्रदेश में विकास को नई गति मिलेगी। मोनू मलिक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल विस्तार में भूपेंद्र सिंह चौधरी को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिला है जबकि डॉक्टर सोमेन्द्र तोमर को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों नेता लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। भूपेंद्र सिंह चौधरी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। बधाई देने वालों में अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने नए दायित्व के लिए दोनों मंत्रियों को शुभकामनाएं दी और उत्तर प्रदेश के विकास में उनसे योगदान की उम्मीद जताई।



**चुनाव अधिसूचना**

जे.यू. इस्लामिया इण्टर कालिज कुटेसरा, मुजफ्फरनगर की साधारण सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि विद्यालय की प्रबन्ध समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों का चुनाव कार्यक्रम निम्न प्रकार निर्धारित किया गया है। चुनाव अधिकारी एवं विभागीय पर्यवेक्षक अद्योहस्ताक्षरी हैं–

| क्र.सं. | कार्यक्रम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | मतदाता सूची का प्रकाशन | 29.05.2026 | प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक |
| 2. | मतदाता सूची पर आपत्ति व निराकरण | 29.05.2026 | दोपहर 12 बजे से अपराहन 2 बजे तक |
| 3. | नामांकन पत्र भरना | 30.05.2026 | प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक |
| 4. | नामांकन पत्रों की जांच व वैध सूची का प्रकाशन | 30.05.2026 | दोपहर 12 बजे से अपराहन 2 बजे तक |
| 5. | नाम वापसी | 30.05.2026 | अपराहन 2 बजे से 3 बजे तक |
| 6. | चुनाव, (यदि आवश्यक हुआ तो) | 31.05.2026 | प्रात: 10 बजे से 11 बजे तक |
| 7. | चुनाव चिंहन का आवंटन एवं मतदान | 31.05.2026 | प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक |
| 8. | मतपत्रों की गणना एवं चुनाव परिणाम की घोषणा | 31.05.2026 | अपराहन 2 बजे से |

विशेष:– 1. चुनाव संबंधी सभी कार्यवाही विद्यालय कार्यालय में चुनाव अधिकारी एवं विभागीय पर्यवेक्षक के समक्ष होगी।

**प्रबंधक** मुहम्मद अफजल | **अध्यक्ष** डॉ. रिजवान अली | **विभगीय पर्यवेक्षक** संदीप कुमार कौशिक (स.अ.) रा.हा. स्कूल रसूलपुर मुजफ्फरनगर | **चुनाव अधिकारी** रामकुमार शर्मा (प्रधानाध्यापक), रा.हा. स्कूल रोनी हरजीपुर, मुजफ्फरनगर

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र नाजिम व पुत्रवधू नसीम मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। गलत संगत में पड गये है व असामाजिक तत्वों के साथ उठते बैठते है और बेवजह मेरे व मेरे परिवार के साथ आये दिन झगडा फसाद करने पर आमादा रहते है तथा गाली–गलौच करते है। मैने अपने पुत्र नाजिम व पुत्रवधू नसीम की इन हरकतो के कारण इनसे अपने सभी प्रकार के रिश्ते समाप्त कर लिये हैं तथा इन दोनों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन–देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**बानो पत्नी स्व.अहसान निवासी मौहल्ला हुसैनपुरा कस्बा जानसठ, थाना जानसठ जिला–मुजफ्फरनगर**

# वसी कांड को लेकर मेरठ एसएसपी कार्यालय पर पहुंचेंगे किसान

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन ('तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने वसी हत्याकांड को लेकर रामपुर तिराहा स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर मिटिग बुलाई गयी मिटिग आये सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता को आदेशित कर दिया है कि कल मेरठ कप्तान ओफिस पर संगठन वसी को न्याय दिलाने के लिए बड़े पैमाने पर लड़ाई लड़ने का काम करेगा चौधरी संजीव तोमर ने ऐलान कर दिया है वसी कि जो हत्या हुई है उन पर गैंगस्टर कि कार्रवाई कि जाए और अदनान और शैजान कि गिरफ्तारी कि जाए और लापरवाही बरतने वाले दरोगा जी को निलंबित किया जाए मिटिग में मौजूद सभी पद अधिकारियों ने भी हुंकार भर दी है और कल सुबह सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं मेरठ कि तरफ कूच करेंगे।चौधरी संजीव तोमर बताया कि कल किसान बड़ी तादाद में मेरठ कप्तान ओफिस पहुंचेंगे उन्होंने पंचायत में घौषणा कि है कि मुजफ्फरनगर सहारनपुर मुरादाबाद सम्भल हापुड़ बागपत शामली बिजनौर गाजियाबाद दिल्ली के किसान कप्तान ओफिस पर पहुंचेंगे चौधरी संजीव तोमर ने कहा है कि जब तक वसी के हत्यारों कि गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक किसान घर वापसी नहीं करेंगे चौधरी संजीव तोमर ने मिटिग में ये भी साफ कर दिया है कि कल किसान अपने ट्रैक्टर ट्राली बसों और से और कारों से कप्तान औफिस पहुंचेंगे और पंचायत में हिस्सा लेंगे।।



इस मौके पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी, कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष महबूब बालियान, पशिचमी प्रदेश अध्यक्ष रिहान तोमर, पश्चिम युवा प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर, जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी, युवा जिला अध्यक्ष सोनू चौधरी, अजय त्यागी, जावेद, दीपक तोमर, हीरा, आशीष शर्मा बालियान, शानू, अरूण कश्यप, इन्शाद, शानू, शिराजू, आसिफ, इरशाद, नसीम, मुस्तफा, मेहरबान, साजिद, रियाज राणा, साजिद ,अरूण कश्यप, हरविंद्र सिंह, सलीम, इरशाद, नईम, सलमान, तस्लीम, हीरा बालियान, शाहरुख आदि मौजूद रहे।

**आदर्श महिला मर्केन्टाइल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड**

AMMCO BANK

27A/1, New Mandi Muzaffarnagar, U.P. 251001

**प्रतीकात्मक कब्जे की सूचना नियम 8(1) और 8(2) के अंतर्गत (अचल संपत्ति के लिए)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी, आदर्श महिला मर्केंटाइल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड (AMMCO बैंक) का अधिकृत अधिकारी होने के नाते, जिसका पंजीकृत कार्यालयः 27 ए/1, न्यू मंडी, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश–251001 है, ने वित्तीय संपत्तियों के विमुद्रीकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा धारा 13 (12) के साथ–साथ सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, एक मांग नोटिस जारी किया, जिसमें उधारकर्ता/गारंटरों/बंधककर्ताओं से उक्त नोटिस में उल्लिखित राशि को ब्याज एवं व्ययों सहित नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर चुकाने का आग्रह किया गया।
उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता द्वारा राशि का भुगतान करने में विफल रहने के कारण, यह नोटिस उधारकर्ता/गारंटर तथा सामान्य जनता को सूचित करने हेतु जारी किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) तथा संबंधित नियम 8 और 9 के अंतर्गत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता का ध्यान विशेष रूप से अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित संपत्ति को पुनः अर्जित करने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित है। उधारकर्ता/गारंटर विशेष रूप से और सामान्य जनता को सामान्यतः सावधान किया जाता है कि वे इस संपत्ति से कोई लेन–देन न करें, क्योंकि उक्त संपत्ति पर AMMCO बैंक का अधिकार/चार्ज विद्यमान है, और किसी भी प्रकार का लेन–देन बैंक के अधिकार के अधीन होगा।

| क्रम संख्या: | आवेदक/सह-आवेदक/गारंटर का नाम और पता: | ऋण देय राशि (रुपये में): | संपत्तियाँ जो सम-बंधक /बंधक के रूप में दी गईं | मांग नोटिस की तिथि: | प्रतीकात्मक कब्ज़े की तिथि: |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | i) **श्री मोहम्मद ज़ैद** पुत्र श्री इरफान **(ऋणी)** निवासी – मकान संख्या 1082, चोड़ी गली, लियाकताबाद मस्जिद के पास, लद्दावाल उत्तरी-5, मुजफ्फरनगर – 251002<br>ii) **श्रीमती आयशा** पत्नी श्री मोहम्मद ज़ैद **(सह-ऋणी)** निवासी – मकान संख्या 1082, चोड़ी गली, लियाकताबाद मस्जिद के पास, लद्दावाल उत्तरी-5, मुजफ्फरनगर – 251002<br>iii) **श्री मोहम्मद इरशाद** पुत्र श्री मोहम्मद साद्दीक **(गारंटर)** निवासी – मकान संख्या 16, नया बांस, मुजफ्फरनगर – 251002 | ₹ 4,66,304.68/- (01.12.2025) + ब्याज एवं अन्य व्यय<br>ऋण खाता संख्या: 052200003401 | जनपद मुजफ्फरनगर स्थित मोहल्ला कुन्दनपुरा (गढ़ी स्कूल व्यवसाय योजना के अंतर्गत) में स्थित 11.33 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की व्यावसायिक दुकान संख्या 46, जो विक्रय विलेख संख्या 1129 दिनांक 23.03.1998 द्वारा क्रय की गई तथा पार्टी संख्या 1, खण्ड संख्या 647 के पृष्ठ संख्या 47 से 52 में पंजीकृत है, जिसके स्वामी मोहम्मद ज़ैद पुत्र मोहम्मद इरफान हैं, जिसकी सीमाएं निम्नवत् हैं:-<br>**पूर्व :** नाला<br>**पश्चिम :** बालकनी<br>**उत्तर :** शामली रोड<br>**दक्षिण :** दुकान संख्या 47 | 05.01.2026 | 11.05.2026 |

तिथि: 12.05.2026
स्थान: मुजफ्फरनगर

हस्ताक्षर अधिकृत अधिकारी
AMMCO बैंक लिमिटेड

# ट्रक की टक्कर से पेट्रोल पंप कर्मी की मौत

## ड्यूटी से घर लौटते समय हुआ हादसा, अंतिम संस्कार के बाद भाई ने दर्ज कराया मुकदमा

■ दुर्घटना के बाद चालक ट्रक सहित फरार

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल पेट्रोल पंप कर्मी की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

गांव कैलाश नगर निवासी गौरव तोमर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई केशव कुमार तोमर भैंसी स्थित सीएनजी पेट्रोल पंप पर कार्य करता था। सात मई की रात ड्डूटी समाप्त कर वह बाइक से घर लौट रहा था। आरोप है कि जब वह सिकंदरपुर बिजलीघर के सामने पहुंचा, तभी बुढ़ाना की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ओवरटेक करते समय रांग साइड में आकर उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

बताया गया कि ट्रक से बाहर निकले लोहे के एंगल की टक्कर केशव की छाती में लगी, जिससे वह बाइक समेत सड़क पर दूर तक घिसटता चला गया। हादसे में उसके सिर और छाती में गंभीर चोटें आईं। राहगीरों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक चालक ट्रक लेकर फरार हो चुका था। परिजनों ने घायल को एंबुलेंस से खतौली सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव को घर ले आए और गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया। रविवार को मृतक के भाई गौरव तोमर ने रतनपुरी थाने पहुंचकर अज्ञात चालक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# अवैध निर्माण कार्य पर चली जेसीबी

**भोपा।** गांव जौली में बिना नक्शा पास कराए अवैध रूप से काटी जा रही कालोनी को जिला पंचायत के द्वारा नोटिस मिलने पर भूस्वामी ने जेसीबा चलवाकर निर्माण कार्य को तोड़ दिया।

नायब तहसीलदार विपिन कुमार ने बताया कि गांव जौली में नैयर हसनैन की भूमि पर भवन निर्माण कर कालोनी का निर्माण किया जा रहा था। इसके सापेक्ष अभियंता ने छरू मई को भूस्वामी को नोटिस भेजा कि आपके द्वारा जिला पंचायत की पूर्व मानचित्र की स्वीकृति प्राप्त किए बिना भवन निर्माण कार्य, प्लाटिंग कराया जा रहा, जोकि अवैध है। इस अवैध निर्माण को तत्काल रोक दें और निर्माण को तोड़ दें। मंगलवार को नायब तहसीलदार विपिन कुमार व उप निरीक्षक सुमित चौधरी मौके पर पहुंचे, तो भूस्वामी ने खुद जेसीबी चलवाकर निर्माण कार्य को तोड़वा दिया।

वहीं भू स्वामी नय्यर अब्बास ने बताया कि एक व्यक्ति ने भूमि का सौदा मात्र कर अस्थाई निर्माण करा दिया था जिसकी शिकायत उन्होंने प्रशासन को बीते 13 जनवरी को की थी।

वहीं जौली निवासी एडवोकेट शाइम हसन ने बताया कि एक प्रोपर्टी डीलर ने उनको तथा अनेक व्यक्तियों को इस भूमि पर प्लाट बेचे हुए हैं अब उनके तथा अनेक ग्रामीणों के सामने डीलर को दी गयी रकम वापसी होने की चिंता उतपन्न हो गयी है।

# एक ही सत्र में छह शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित, हिन्दी विभाग की बड़ी उपलब्धि

■ श्री कुंद-कुंद जैन कॉलेज में हुआ शानदार कार्यक्रम

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** श्री कुन्द कुन्द जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिन्दी विभाग ने शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। महाविद्यालय के एमए अंतिम वर्ष के छह छात्र-छात्राओं के शोध पत्र प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। बताया जा रहा है कि माँ शाकुम्भरी ब्विवविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में यह अपनी तरह की अनूठी उपलब्धि है, जहां एक ही विभाग के छह शोध पत्र एक ही शैक्षणिक सत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित हुए हैं। प्रका. शित शोध पत्रों में रितिक का महादेवी वर्मा के काव्य में नारी-वेदना की अभिव्यक्ति, अक्षिता द्विवेदी का हराम की शक्ति-पूजा में राम का मानवत्व, दीपाली तोमर का हिन्दी पत्रका. रिता और समाचारह्, रविना का हनिराला के काव्य में प्रगतिवादी चेतना, मोनिका पाल का अज्ञेय की काव्य संवेदना तथा रितिका चौधरी का राष्ट्रीय आंदोलन में भारतेन्दु हरिश्चंद्र की भूमिका विषय शामिल हैं। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार ये सभी शोध पत्र इंटरनेशनल जर्नल ऑफ हिन्दी रिसर्च एवं अंतरराष्ट्रीय शोध समीक्षा एवं मूल्यांकनह् जैसी यूजीसी सूचीबद्ध, रेफर्ड और पीअर रिव्यूड अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। यह शोध कार्य हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष कुमार जैन, डॉ. नेमचंद जैन और डॉ. संजीव कुमार के मार्गदर्शन में पूरा हुआ। महाविद्यालय के सचिव मुकेश कुमार जैन और प्राचार्या डॉ. नीतू वशिष्ठ ने इसे संस्थान के लिए गर्व का विषय बताते हुए सभी छात्र-छात्राओं और विभागीय शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# भगवंत इंस्टीट्यूट में ऑफर लेटर वितरण समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** भगवंत इंस्टीटड्रूट ऑफ फार्मेसी में बी.फार्मा अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए ऑफर लेटर वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में चयनित विद्यार्थियों को ऑफर लेटर प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित करना था।

समारोह में संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. पुष्पनील वर्मा ने भगवंत यूनिवर्सिटी अजमेर और भगवंत ग्लोबल यूनिवर्सिटी कोटद्वार के चयनित छात्रों को ऑफर लेटर वितरित किए। कार्यक्रम में फार्मेसी विभाग के प्रिंसिपल डॉ. सचिन सिंघल, विभागाध्यक्ष अंशिका अग्रवाल तथा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर अमित गुप्ता ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर विकास भारद्वाज, खुशबू चौधरी, मुस्कान, विशाल और अंकुर सहित विभाग के अन्य फैकल्टी सदस्य भी मौजूद रहे। संस्थान के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह, डायरेक्टर डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल और डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मेपल्स ग्रुप ऑफ हायर एजुकेशन गर्ल्स कॉलेज का हुआ आगाज

**बुढ़ाना।** अब 12वीं के बाद उच्च शिक्षा के लिए मेरठ, मुजफ्फरनगर या दिल्ली नहीं दौड़ना पड़ेगा। सोमवार को कस्बे में मेपल्स ग्रुप ऑफ हायर एजुक. ेशन गर्ल्स कॉलेज बुढाना का वैदिक मंत्रोच्चार व यज्ञ हवन के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। इस कॉलेज के खुलने से बुढ़ाना व पास के 30 से ज्यादा गांवों की छात्राओं को सुरक्षित माहौल में आधुनिक शिक्षा मिलेगी।

समारोह पंडित विवेकमणि शर्मा के आचार्यत्व में हुए यज्ञ से शुरु हुआ। कॉलेज प्रबंधन, स्टाफ व गणमान्य लोगों की मौजूदगी में कॉलेज का उद्घाटन हुआ। कॉलेज की डायरेक्टर दिव्या जैन ने कहा हमने अपनी आंखों से देखा है कि कैसे दूरी, सुरक्षा की चिंता व खर्चो के कारण हमारी होनहार बेटियों की पढ़ाई 12वीं के बाद थम जाती थी। मेपल्स गर्ल्स कॉलेज इसी खाई को पाटने का एक प्रयास है। अब बेटियों को सपनों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। कॉलेज में स्मार्ट क्लास, अत्याधुनिक लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, सुरक्षा हेतू सीसीटीवी, महिला स्टाफ की पूरी व्यवस्था है। कॉलेज प्रबंधक राजीव गर्ग ने कहा हमारा मकसद सिर्फ डिग्री देना नही बल्कि बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना है ताकि आर्थिक या भौगोलिक वजह से किसी की शिक्षा अधूरी न रहे।



बेटियों के लिए अलग कॉलेज की मांग वर्षों से थी। अब सुरक्षित माहौल में बीएससी, बीए, बीकॉम जैसे कोर्स के साथ स्किल बेस्ड शिक्षा भी यहां मिलेगी। इससे बेटियों का आत्मब्विवास हौंसला दोनों बढ़ेंगे। इस दौरान हजारों लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### टोडा बिजलीघर पर आज होगी महापंचायत

**बुढ़ाना।** टोडा बिजलीघर पर भारतीय किसान यूनियन का अनिश्चितकालीन धरना जारी है। जेई पर भ्रष्टाचार, किसानों के शोषण व बदतमीजी का आरोप लगाते हुए भाकियू कार्यकर्ता बारिश के मौसम में भी धरनास्थल पर डटे रहे। संगठन ने आज बुधवार को टोडा बिजलीघर पर महा पंचायत बुलाई है। भाकियू तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार ने कहा कि टोडा बिजलीघर के जेई की गलत कार्यशैली, भ्रष्टाचार व किसानों के साथ दुर्व्यवहार के विरुद्ध अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है। बिजली संबंधी कार्यो में अवैध वसूली हो रही है। शिकायत करने पर अभद्रता होती है। महापंचायत को सफल बनाने को मंगलवार को दिनभर कार्यकर्ता तैयारी में जुटे रहे। जिला महासचिव अनुज बालियान, तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी, ब्लाक अध्यक्ष सुधीर सहरावत, नगर अध्यक्ष इसरार, लविश जांगिड, मोहम्मद शहजाद, तैमूर अली, सुले चौधरी, यासीन, राशिद पंवार, मंजूर हसन समेत कई पदाधिकारी धरनास्थल पर मौजूद थे। अमित प्रधान ट्रैक्टर से सफाई कार्य में जुटे दिखे। भाकियू ने पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं से ट्रैक्टरों के साथ जनसैलाब के रूप में पहुंचने की अपील की। व्हाट्सएप पर कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष जी पूरी टीम के साथ समय पर पहुंचेंगे और पूरी मजबूती के साथ पहुंचेंगे जैसे संदेशों से हुंकार भरी। इस आंदोलन को गांवों का भी समर्थन मिल रहा है। कल्याणपुर गांव की ओर से धरने के समर्थन में 5100 रुपये की आर्थिक मदद दी गई। कार्यकर्ताओं ने भाकियू जिंदाबाद के नारे लगाए। सुबह को बारिश में भी भाकियू के सिपाही धरने पर डटे रहे। कार्यकर्ताओं ने कहा जब तक जेई के विरुद्ध कार्रवाई व किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होता धरना जारी रहेगा। उधर प्रशासन की नजर आज की महापंचायत पर टिकी है। वहीं भाकियू जिला महासचिव अनुज बालियान ने चेतावनी दी अगर मांगें न मानी गई तो आंदोलन और तेज होगा।

### एसडीएम से की दबंगों की शिकायत

**भौरांकलां/बुढाना।** एक ग्रामीण को दबंगों ने जबरदस्त परेशान कर रखा है। उसकी जमीन के लाखों रुपये भी नहीं दे रहे हैं बल्कि भौरांकला पुलिस से साज खाकर पीड़ित को ही फंसाने के चक्कर में हैं। पीड़ित को अभी तक भी उसकी बाइक नहीं मिली है। जो कि अवैध रूप से अभी भी पुलिस के कब्जे में ही है। आज पीड़ित ने एसडीएम के साथ साथ राष्ट्रपति को भी डाक से अपनी पीड़ा भेजी है और न्याय की उम्मीद लगाई है। अंकुर कुमार पुत्र ब्रजपाल सिंह निवासी ग्राम जैतपुर ने मंगलवार को बुढ़ाना एसडीएम को बतलाया कि उसके पिता ब्रजपाल पुत्र मुंशीराम ने गांव में ही स्थित अपनी जमीन को नेत्रपाल प्रधान को लगभग एक साल पहले बैंची थी। जिसके पैसे नेत्रपाल प्रधान ने उसके पिता ब्रजपाल को अब तक भी नहीं दिए हैं। उसके पिता और वह जब भी अपनी जमीन के पैसे नेत्रपाल प्रधान से मांगते हैं तो वह पैसे देने में आनाकानी करता है। उसके पिता बीमार हैं। जिनका इलाज दिल्ली चल रहा है। पैसे मांगने पर नेत्रपाल प्रधान के भतीजे वीशू ने उसे फोन पर हत्या की धमकी दी है। वीशू ने उसके घर में आकर विगत दिवस तोड़फोड़ की और सामान उठाया। विरोध करने पर मारपीट की। इस पूरी घटना में नेत्रपाल प्रधान के सभी पुत्र शामिल हैं।

# दलित भूमि कब्जे के विरोध में भीम आर्मी का अल्टीमेटम



**खतौली।** सहारनपुर जनपद में दलित समाज की जमीन पर कथित अवैध कब्जे और पुलिस प्रशासन की कार्यशैली के विरोध में भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। मंगलवार को खतौली में आयोजित प्रेस वार्ता में संगठन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी पांच सूत्रीय मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो 14 मई को मुजफ्फरनगर जनपद से हजारों कार्यकर्ता सहारनपुर के लिए कूच कर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रेस वार्ता को संबो. धित करते हुए आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश बावरा ने कहा कि मामला दलित समाज की एक कीमती जमीन पर कब्जे से जुड़ा है। उन्होनें आरोप लगाया कि कुछ दबंग प्रवृत्ति के लोग जमीन पर अवैध निर्माण कराने का प्रयास कर रहे थे। जब समाज के लोगों ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया और कई लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि संगठन की ओर से प्रशासन को पहले ही विवाद की जानकारी दे दी गई थी, लेकिन समय रहते कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। आरोप लगाया कि पुलिस की निष्क्रियता के चलते हालात बिगड़े और तनावपूर्ण स्थिति पैदा हुई।

### घायलों को डराने का आरोप

संगठन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि घटना में घायल लोगों को पुलिस द्वारा डराया-धमकाया जा रहा है, जिससे वे खुलकर इलाज कराने और बयान देने से डर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए तथा पुलिस उत्पीड़न तुरंत बंद कराया जाए।

पांच सूत्रीय मांगें रखीं भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी ने प्रशासन के सामने पांच प्रमुख मांगें रखीं। इनमें पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन, घायलों को समुचित इलाज, दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई, दलित समाज की भूमि को कब्जामुक्त कराना तथा पीड़ित पक्ष को सुरक्षा उपलब्ध कराना शामिल है। संगठन ने संबंधित क्षेत्राधिकारी , थाना प्रभारी और चौकी इंचार्ज को तत्काल निलंबित करने की मांग भी उठाई।

### 14 मई को सहारनपुर में दिखेगा जनसैलाब

प्रेस वार्ता में नेताओं ने कहा कि खतौली, चरथावल, पुरकाजी, मीरा. पुर, बुढ़ाना और सदर विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता 14 मई को सहारनपुर पहुंचेंगे। उन्होंने आंदोलन को निर्णायक बताते हुए कहा कि यदि दलित समाज को न्याय नहीं मिला तो संघर्ष और तेज किया जाएगा। नेताओं ने कहा कि यह केवल जमीन का मामला नहीं, बल्कि समाज के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि समय रहते निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन उग्र होगा।

# युवती ने प्रेमी संग रचाई शादी

**बुढ़ाना।** ग्राम खरड़ निवासी एक ग्रामीण ने अपनी 18 वर्षीया बेटी के लापता होने की तहरीर फुगाना पुलिस को दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पिता का आरोप है कि शामली जनपद के गांव लिलौन के निवासी संदीप पुत्र राजकुमार उनकी बेटी को बहला फुसलाकर शादी के लिए अपने साथ लेकर गया है। तहरीर में ग्रामीण ने बताया कि उनकी बेटी घर से बिना बताए ही कहीं पर चली गई है। परिजनों ने सभी रिश्तेदारियों व आसपास उसको काफी तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पीडित पिता के अनुसार बीते कल उनके पास दूसरे मोबाइल नंबर से उनकी बेटी का फोन आया। बातचीत के दौरान उसने बतलाया कि मुझको संदीप अपने साथ बहला फुसलाकर शादी करने के लिए ले आया है और मेरे साथ कोर्ट मैरिज भी कर ली है और मैं अब पंजाब राज्य की राजधानी चण्डीगढ़ में रह रही हूं। उधर पीड़ित पिता ने फुगाना थाने में पहुंचकर फुगाना पुलिस से रिपोर्ट दर्ज करके अपनी बेटी को बरामद कराने की गुहार लगाई है और आरोपी संदीप के खिलाफ भी कडी कार्रवाई की मांग की है। दूसरी और फुगाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फुगाना पुलिस का कहना है कि उक्त युवती बालिग है।

# विभोर चौधरी शेखर टुनाईट शो के बने सीनियर राइटर

**भोपा।** भोपा क्षेत्र के गांव यूसुफपुर निवासी चौधरी सुभाष चौधरी के बेटे हास्य कलाकार ( कॉमेडियन) विभोर चौधरी पिछले लगभग तीन वर्षों से कपिल शर्मा शो में बतौर राइटर जुड़े हुए हैं। हास्य कवि विभोर चौधरी ने बताया कि अब वह टीवी के बड़े होस्ट कहे जाने वाले अभिनेता शेखर सुमन के श्शेखर टूनाईट नामक शो में सीनियर राइटर के तौर पर जुड़े हैं। यह शो 15 मई से प्रसारित किया जाएगा। वो चौधरी की उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उन्हें शुभकामना भी दी हैं।

# विद्युत कर्मचारियों ने बकाएदारों के यहां दी दस्तक

**बुढ़ाना।** स्थानीय विद्युतगृह के जेई शिव कुमार के नेतृत्व में मंगलवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला मिर्दगान सहित कई मौहल्लों में विद्युतकर्मियों ने बकायेदारों के घरों में दस्तक दी और बड़े ही विन्रम भाव से गांधीगिरी स्टाइल में कहा कि आपके उपर विद्युत विभाग का काफी बकाया है। हम कनेक्शन काटने आए हैं। हम भी नहीं चाहते कि भयंकर गर्मी में हम आपका विद्युत कनेक्शन काटें इसलिए आप अगर पूरा बिल भी जमा नहीं करते हैं तो फिर हमें अभी बकाए का चौथाई हिस्सा दे दो। तब विद्युतकर्मियों की इस अपील का कई उपभोक्ताओं पर असर हुआ और उन्होंने चौथाई या उससे ज्यादा बकाया जमा कर दिया और भयंकर गर्मी में अपना विद्युत कनेक्शन कटने से बचा लिया जबकि कुछ



लोगों पर इस अपील का असर नहीं हुआ तो विद्युतकर्मियों ने उनके कनेक्शन काटे और चेतावनी दी कि अगर उन्होंने कटिया कनैक्शन के जरिए बिजली चालू करने की को. शिश की तो उनके विरुद्ध बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। इस दौरान नदी मंदिर फीडर से जुड़े दर्जनों बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काटे गये। इस टीम में लाइनमेन अरविंद कुमार और लाइनमैन अजीत कुमार भी रहे। पूरे कस्बे और सफीपुर पटी क्षेत्र में पांच टीमों ने इसी तरह से बकायेदारों से बात की और उनके बकाया जमा किए। लाइनमेन अरविंद ने बताया कि नदी मंदिर फीडर क्षेत्र में 178 बकायेदार हैं जिन पर 20 हजार रुपये से लेकर 50 हजार रुपये तक का बकाया है।

# पत्नी-साले पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमले का आरोप

**बुढ़ाना।** घरेलू विवाद ने खौफनाक रुप ले लिया जब बुढ़ाना के मौहल्ला पछाला पश्चिमी निवासी प्रवीण कुमार पर उसकी पत्नी व साले ने लोहे की रॉड व डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि पत्नी ने अपने भाई को बुलाकर उसकी हत्या की साजिश रची। जान बचाकर भागे प्रवीण ने अब सीएम योगी को तहरीर भेजकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई व सुरक्षा की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजी तहरीर में प्रवीण पुत्र सतबीर ने बताया कि बीती 11 मई की शाम वो घर आया तो पत्नी लक्ष्मी घर पर नही थी तो वो इन्वर्टर ठीक कराने बाजार गया और 1 घंटे बाद लौटा तब भी पत्नी नहीं मिली। काफी तलाश के बाद जब पत्नी मिली और प्रवीण ने गायब रहने का कारण पूछा तो वह अभद्रता पर उतर आई और गालियां देने लगी। मना करने पर लक्ष्मी ने अपने भाई सुनील को फोन करके बुला लिया। आज सुनील पुत्र धर्मवीर निवासी शीशम चौक इंद्रापुरी लोनी गाजियाबाद घर पहुंचा। आरोप है कि आते ही सुनील ने घर में रखी लोहे की रॉड उठाकर अपने जीजा प्रवीण पर जान से मारने की नीयत से मार दी। पीड़ित के अनुसार पूरी घटना मौहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। उसने बताया कि लक्ष्मी व सुनील झगड़ालू किस्म के हैं। प्रवीण ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि बुढ़ाना पुलिस को आदेशित कर सुनील व लक्ष्मी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए और उसे सुरक्षा दी जाए। फिलहाल पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेजे खंगाली जा रही है।

# योग जागरूकता शिविर लगाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंगलवार को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी जनपद मुजफ्फरनगर डॉक्टर इसमपाल के दिशा निर्देशों के अनुसार व राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पटेल नगर की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रिम्पल चौधरी के मार्गदर्शन में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु संजीव शिक्षा सदन इंटर कॉलेज में एक योग जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में योग प्रशिक्षिका पूनम वर्मा द्वारा उपस्थित छात्र छात्राओं को योगाभ्यास व प्राणायाम कराया गया।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के द्वारा छात्राओं को संतुलित आहार विहार व नियमित दिनचर्या के विषय में जानकारी दी गई तथा दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस शि. विर में मुख्य अतिथि सभासद मोहि. हत मलिक वह उपस्थित रहे। शि. विर के सफल आयोजन में प्रधानाचार्य गीता देवी तथा समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर में लाभार्थी छात्र छात्राओं की संख्या 170 रही।

# उमा त्यागी ने सेल्फ एन्यूमरेशन से की जनगणना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** डिजिटल इंडिया की ओर बढ़ते कदम में बुढ़ाना नगर पंचायत की अध्यक्षा उमा त्यागी ने मिसाल पेश की है। अध्यक्षा ने सेल्फ एन्यूमरेशन प्रक्रिया के तहत खुद अपने मोबाइल से ऑनलाइन जनगणना फॉर्म भरकर जनगणना 2026 में अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

उन्होंने नगरवासियों से भी अपील की कि वे घर बैठे मोबाइल से ही जनगणना में हिस्सा लें। सरकार ने इस बार जनगणना में सेल्फ एन्यूमरेशन की सुविधा दी है। इसके तहत कोई भी नागरिक जनगणना पोर्टल या मोबाइल ऐप के जरिए खुद अपने व परिवार का विवरण ऑनलाइन भर सकता है। इससे जनगणनाकर्मियों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। डाटा भी सटीक



रहेगा। अध्यक्षा उमा त्यागी के आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में अध्यक्षा उमा त्यागी ने सभासदों, कर्मचारियों के सामने अपने मोबाइल से जनगणना पोर्टल पर लॉगिन कर पूरी प्रक्रिया पूरी की। उन्होंने कहा कि जनगणना देश के विकास की रीढ़ है। इसी के आधार पर सरकारें योजनाएं बनाती हैं। जब नगर की पहली नागरिक खुद डिजिटल जनगणना कर रही है तो हर नागरिक को आगे आना चाहिए। यह हमारा फर्ज भी है और हक भी। उमा त्यागी ने बताया कि सेल्फ एन्यूमरेशन में सिर्फ 5 मिनट लगते हैं।

परिवार के मुखिया का आधार नंबर डालकर लॉगिन करें और सभी सदस्यों की जानकारी भर दें। यहां बार एसोसिएशन बुढ़ाना के पूर्व अध्यक्ष विनोद त्यागी और अध्यक्षा के पुत्र अभिनव वशिष्ठ भी मौजूद रहे।

# रजवाहा टूटने से कई बीघा फसल जलमग्न

**बुढ़ाना।** कुरालसी से विज्ञाना जाने वाला नहर का रजवाहा टूटने से किसानों की कई बीघा फसल जलमग्न हो गई है। खेतों में 3 से 4 फीट तक पानी भरने से फसलें बर्बादी के कगार पर पहुंच गई। अचानक हुई इस घटना से किसानों में हड़कंप मचा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार बीते सोमवार देर रात कुरालसी-विज्ञाना रजवाहा अचानक टूट गया। तेज बहाव के साथ पानी आसपास के खेतों में घुस गया। मंगलवार सुबह जब किसान खेतों पर पहुंचे तो नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। खेत तालाब में तब्दील हो चुके थे। पानी का बहाव इतना तेज था कि देखते ही देखते सैकड़ों बीघा फसल डूब गई।इस समय खेतों में गन्ने सहित अन्य फसल खड़ी है। पानी भरने से फसल पूरी तरह सड़ने के कगार पर है वहीं गन्ने की फसल में भी जड़ गलने का खतरा बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि अगर 24 घंटे में पानी नहीं निकला तो पूरी फसल चौपट हो जाएगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सीएम डैशबोर्ड समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी आलोक यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्यो के समय पर पूर्ण होने के निर्देश दिए। उन्होंने आइजीआरएस पोर्टल शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लक्ष्य, जल निगम, निर्माण कार्यो और फैमिली आईडी की समीक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। सभी विभागीय अधिका. रियों को अनुपालन सुनिश्चित करने एवं बरसात से पहले जर्जर भवनों का ध्वस्तीकरण कराने के भी कड़े निर्देश दिए गए। बैठक में



सभी एसडीएम, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, डीएफओ और समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी शामली आलोक यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यो एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विकास कार्यो की बैठक में दुग्ध विकास अधिकारी के अनुपस्थित पाए जाने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने विकास कार्यो एवं राजस्व कार्यो की विभाग वार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को सीएम डैशबोर्ड पर दर्शाया गया डाटा के अनुसार लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति के निर्देश दिये गये। बैठक में जिलाधिकारी में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए बैठक में परियोजना अधिकारी यूपी नेडा द्वारा बैंको से संबंधित आ रही समस्याओं के समाधान हेतु लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने जल निगम के कार्यो की समीक्षा करते हुए ग्रामवार रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। समीक्षा में जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी में समीक्षा करते हुए संबंधित को प्रगति के कड़े निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने दशमोत्तर छात्रवृत्ति,उद्यान विभाग, विद्युत विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, पशुपालन विभाग, सिंचाई विभाग, समाज कल्याण विभाग, आईसीडीएस विभाग मत्स्य विभाग, एनआरएलएम, आरईडी, पीडब्ल्यूडी, आदि विभागों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिन विभागों को जो भी निर्देश दिए गए हैं। वह उसके अनुसार अनुपालन करना सुनिश्चित करें यदि किसी स्तर पर लापरवाही सामने आती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिए गए की बरसात से पहले कोई भी जर्जर बिल्डिंग या मकान का सर्वे करते हुए उन पर नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्यवाही समय से सुनिश्चित हो जाए इसमें किसी स्तर पर लापरवाही ना हो। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए जितने भी निर्माण कार्य चल रहे हैं उन्हें क्वालिटी का विशेष ध्यान रखते हुए रोस्टर बनाकर समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, सत्येन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी शामली, डीएफओ जगदेव सिंह, सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी व राजस्व विभाग की बैठक में सभी एसडीएम सहित समस्त संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## विवाहिता ने जेठ-जेठानी पर लगाया मारपीट का आरोप

**कैराना।** कस्बे की एक विवाहिता ने अपने जेठ और जेठानी पर मारपीट, मानसिक उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल में उसके साथ मारपीट की गई और उसे अपने मायके वालों से बात तक नहीं करने दी गई। मोहल्ला आलकला भाटी वाला कुआं निवासी हिमांशी शर्मा ने थाना प्रभारी को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 2 फरवरी 2025 को हुई थी। आरोप है कि घटना वाले दिन रात करीब 10 बजे ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की। पीड़िता के अनुसार उसके जेठ अजय पुत्र बली और जेठानी रेणु पत्नी अजय निवासी गांव जसौली, जिला सोनीपत ने उसके साथ मारपीट की और उसे कमरे में रोककर मायके वालों से संपर्क नहीं करने दिया। हिमांशी का कहना है कि काफी प्रयास के बाद उसने किसी अन्य व्यक्ति के फोन से अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उसके परिवार के लोग रात में ही मौके पर पहुंचे। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद से पीड़िता डरी हुई है और उसने पुलिस से सुरक्षा के साथ-साथ आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने थाना पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर जल्द कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस अधिका. रियों का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है।

## सीएमओ कार्यालय पर परिजनों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान कथित लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। उन्होने अस्पताल संचालक डॉक्टर के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार कोा क्षेत्र के ग्राम मानकपुर निवासी रामचरण सिंह व रजनीश सिंह ने किसान नेता विनोद निर्वाल और ग्रामीणों के साथ सीएमओ कार्यालय पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। उन्होने सीएमओ को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गर्भवती महिला का उपचार पहले से कैराना रोड स्थित हॉस्पिटल में किया जा रहा था। आरोप है कि 11 अप्रैल की रात करीब 9 बजे



महिला को प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात करीब 11 बजे डॉक्टर ने जांच कर दवाइयां शुरू कर दीं। परिजनों के अनुसार रात करीब 1 बजे डॉक्टर ने बताया कि ऑपरेशन करना पड़ सकता है, लेकिन अस्पताल में सर्जन उपलब्ध नहीं है। इस पर परिजनों ने महिला को किसी अन्य अस्पताल रेफर करने की बात कही, लेकिन डॉक्टर ने एक बार और प्रयास करने की बात कही। आरोप है कि इसके बाद 12 अप्रैल को प्रसव कराया गया और परि. जनों से दो यूनिट ब्लड भी मंगाया गया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि प्रसव के बाद महिला की हालत लगातार बिगड़ती चली गई। इसके बाद सुबह करीब 4 बजे उसे पानीपत स्थित प्रेम हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। वहां चिकित्सकों ने बताया कि प्रसव में लापरवाही के चलते बच्चेदानी क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसे तत्काल निकालना पड़ेगा। परिजनों ने बताया कि महिला की जान बचाने के लिए करीब 18 यूनिट ब्लड व प्लाज्मा की व्यवस्था करनी पड़ी। ऑपरेशन के बाद महिला की बच्चेदानी निकाल दी गई और वर्तमान में उसका उपचार प्रेम हॉस्पिटल पानीपत में जारी है। उन्होने मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## सुरेश राणा ने जनता दर्शन कर सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कैंप कार्यालय पर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने बंगाल की प्रचंड जीत पर पूर्व मंत्री का मुंह मीठा कराया तथा जनहित से जुड़े मुद्दे उनके समक्ष रखे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।जनता दर्शन कार्यक्रम में ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र के अनेक लोग उपस्थित रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने भी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यो को लेकर चर्चा की।

## अपहरण, दुष्कर्म में एसपी से मांगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्श मंडी क्षेत्र के गांव कसेरवा खुर्द निवासी कक्षा 11 की छात्रा ने गांव के ही दो युवकों पर तमंचे के बल पर घर से उठाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए एसपी से कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि घटना की सूचना 112 नंबर पर देने के बावजूद अब तक न तो मेडिकल कराया गया और न ही मुकदमा दर्ज किया गया।

गांव कसेरवा खुर्द निवासी एक छात्रा ने परिजनों व ग्रामीणों के साथ एसपी कार्यालय पर जाकर दिए शिकायती पत्र में बताया गया कि 7/8 मई की रात करीब दो बजे वह घर में उठकर शौचालय गई थी। वापस कमरे में



लौटते समय जीने के पास गांव निवासी दो लोगों ने उसका हाथ पकड़ लिया। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने उसका मुंह दबाकर कनपटी पर तमंचा लगा दिया और जबरन अपने मकान में ले गया, जहां पहले से एक युवक मौजूद था। पीड़िता का आरोप है कि दोनों ने उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर मारपीट की गई तथा कपड़े फाड़ दिए गए। आरोप है कि उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपियों ने उसके पिता को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया कि शोर मचाने पर उसकी भाभी समेत परिवार की महिलाएं मौके पर पहुंचीं और उसे घर लेकर आईं। बाद में परिवार ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर आकर जांच पडताल भी की। पीडितों ने आरोप लगाया कि पुलिस को तहरीर देने के बावजूद पुलिस ने न तो छात्रा का मेडिकल कराया और न ही मुक. दमा दर्ज किया है। एसपी ने थाना आदर्शमंडी पुलिस को मामले में जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

## सीएचसी पर भंडारे का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सीएचसी शामली में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व हनुमान धाम पर विशेष पूजा अर्चना की गई और हनुमान की आरती में भाग लिया गया। जहां श्री हनुमान को भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ गया किया। इस अवसर पर स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. विजेंद्र कुमार, सर्जन डॉ. मनीष राठी, डॉ. दीपक चौधरी, एनेस्थेटिस्ट डॉ. तिलक, पैथोलॉजिस्ट डॉ. तरुण चौधरी, फिजिशियन डॉ. सचिन मलिक, डॉ. शशिकांत, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. राघव अग्रवाल, डॉ. रामनिवास, कासिम, अंकित कुमार, अंकुर कुमार आदि मौजूद रहे।

## केन्द्र के विरोध में बमपा चलाएगी आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बहुजन मुक्ति पार्टी द्वारा केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में देशभर के 625 जिलों में चरणबद्ध राष्ट्रव्यापी आंदोलन चलाने की घोषणा की गई है। इसी क्रम में शामली में भी डीएम कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मांगें उठाई गईं।

पार्टी पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम न्यायिक को सौंपते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के चलते देश में महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट लगातार बढ़ रहा है। ज्ञापन में स्मार्ट मीटरों को अपारदर्शी बताते हुए कहा गया कि इनके माध्यम से उपभोक्ताओं पर



अत्यधिक बिजली बिल थोपा जा रहा है। स्मार्ट मीटरों के कारण लोगों के रोजगार प्रभावित हो रहे हैं तथा निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। ज्ञापन में घरेलू एवं कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की बढ़ती कीमतों, गैस एजेंसियों में लंबी लाइनों और कथित कालाबा. जारी का मुद्दा भी उठाया गया। पार्टी नेताओं का कहना है कि महंगे पेट्रोल-डीजल ने किसान, मजदूर, कर्मचारी, युवा और व्यापारियों की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर डाला है। बहुजन मुक्ति पार्टी ने मांग की कि स्मार्ट मीटरों की जगह पारदर्शी मीटर लगाए जाएं, उपभोक्ताओं से वसूले गए अतिरिक्त बिजली बिल वापस किए जाएं तथा गैस और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी की जाए। पार्टी ने घरेलू गैस सिलेंडर 400 रुपये तथा कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 700 रुपये में उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई।

पार्टी द्वारा घोषित आंदोलन के तहत 20 मई को महंगी गैस के विरोध में चूल्हा जलाओ आंदोलन तथा 31 मई को पेट्रोल-डीजल कीमतों के विरोध में आंदोलन डीएम कार्यालय पर किया जाएगा। इस दौरान अरविन्द कुमार, उदयपाल, अशोक कुमार, तरूण गौतम आदि मौजूद रहे।

## अवैध शराब बिक्री पर पुलिस ने कसा शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 20 पव्वे अवैध शराब बरामद कर जेल भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम थाना भवन से जलालाबाद की ओर गश्त पर जा रही थी। जैसे ही पुलिस टीम कब्रिस्तान के पास पहुंची तभी कब्रिस्तान मे एक युवक प्लास्टिक का एक कटा लेकर आता दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही युवक ने भागने का प्रयास किया जिससे उसकी गतिविधियां और संदिग्ध हो गई।पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया।तलाशी लेने पर उसके कटे से अवैध शराब के 20 पव्वे बरामद हुए जिन पर महबूबा मार्का टेट्रा पैक पर अंकित था। पूछताछ में आरा. पी ने अपनी नाम कासिम निवासी मोहल्ला मोहम्मदी गंज कस्बा जलालाबाद बताया। लाइसेंस मांगने परआरोपी युवक ने संतोष जनक जवाब नहीं दिया।पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## आशु हत्याकांड में आरोपी युवती हुई गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना कांधला क्षेत्र के ग्राम खन्द्रावली स्थित ओमपाल मुखिया के बाग के पास युवक की हत्या के मामले में पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है। थाना कांधला पुलिस ने घटना में वांछित चल रही अभियुक्ता काजल (काल्पनिक नाम) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह द्वारा चलाए जा रहे अपरा. धियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

गौरतलब है कि गत 1 मई 2026 को शामली से खन्द्रावली जा रहे युवक आशु पुत्र वीरेन्द्र निवासी ग्राम




खन्द्रावली के सड़क दुर्घटना में घायल होने की सूचना पर पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची थी। घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल शामली में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत सिर में गोली लगने से होना पाया गया, जिसके बाद मामला हत्या में परिवर्तित हो गया। मृतक के पिता की तहरीर पर थाना कांधला में मु0अ0सं0 171/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे के लिए स्वाट, सर्विलांस टीम और थाना कांधला पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 मई को अभियुक्त आकाश कुमार निवासी शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर को अवैध तमंचा और कारतूस सहित गिरफ्तार किया था। इसके बाद 5 मई को 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त मोहित ऊर्फ शंकर को भी पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया था। इसी क्रम में मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन एवं क्षेत्रधिकारी कैराना हेमन्त कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस ने वांछित अभियुक्ता निवासी ग्राम खन्द्रावली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार अभियुक्ता के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राहुल कुमार, हेड कांस्टेबल प्रवीण तथा महिला हेड कांस्टेबल स्वेता शामिल रहे। पुलिस अन्य आरोपितों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

## मिशन शक्ति अभियान में किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पुलिस अधीक्षक शामली एन. पी. सिंह के निर्देशन में मंगलवार को मिशन शक्ति फेस 5.2 के अंतर्गत थाना थानाभवन क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत मिशन शक्ति टीम की महिला हेड कांस्टेबल पूनम एवं उपासना द्वारा कस्बा थानाभवन में महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न विषयों पर जागरूक किया गया। इस दौरान महिलाओं को तीन नए आपराधिक कानूनों की जानकारी दी।

### एक नजर......

## इंटरनेट कनेक्टिविटी बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आलोक यादव की अध्यक्षता में आज इन्टरनेट कनेक्टिविटी के संबंध में डिस्ट्रिक्ट लेवल टेलीकॉम कमेटी की बैठक आयोजित की गई।बैठक में कमेटी के सदस्यों मुख्य विकास अधिकारी,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, डीजीएम बीएसएनल,जिओ एयरटेल और वोडफोन प्रतिनिधियों के अलावा डीपीआरओ,डीआईओ एनआईसी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित समस्त अधिशासी अधिकारी मौजूद रहें। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित के साथ वार्ता करते हुए कलेक्ट्रेट क्षेत्र के आसपास टेलीकॉम नेटवर्क की सुचारु व्यवस्था हेतु बीएसएनल को टावर लगाने हेतु निर्देशित किया गया जिसके लिए जिलाधिकारी द्वारा तत्काल टीम भेज कर विकास भवन में टावर स्थापित करने हेतु स्थल चयन की भी कार्रवाई की गई। बैठक में आर.वी.एन.एल. द्वारा सभी पंचायत को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ने के काम में आ रही कठिनाइयों का त्वरित समाधान हेतु शहरी क्षेत्र के लिए समस्त अधिशासी अधिकारियों और ग्रामीण के लिए डीपीआरओ और समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में बताया गया कि प्रत्येक विकासखंड में एक समृद्ध ग्राम पंचायत के गठन की परिकल्पना की गई है जो दूरसंचार कनेक्टिविटी के माध्यम से डिजिटल सेवाओं एवं ग्रामीण विकास हेतु आर्थिक अवसरों की संवाहक होगी जिसमें जनपद शामली में ब्लॉक कैराना में ग्राम पंचायत जहानपुरा व ब्लॉक कांधला में ग्राम पंचायत किवाना का चयन किया गया है। बैठक में निर्देशित किया गया जिस विभाग को अपना कोई भी कार्य करने हेतु खुदाई आदि की आवश्यकता होगी तो वह सी बड एप पर इंक्वायरी जनरेट करने हेतु निर्देशित किया साथ ही इंक्वारी जनरेट करने के उपरांत संबंधित विभाग से समन्वय कर आगे की कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

## बाईपास पुल के नीचे चल रही थी सट्टे की खाईबाड़ी, पुलिस ने आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मुखबिर से सूचना मिली कि कैराना-शामली बाईपास पुल के नीचे एक व्यक्ति सट्टे की खाईबाड़ी कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से सट्टे पर्ची, गत्ता, पेंसिल और 230 रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम इस्लाम पुत्र लियाकत निवासी मोहल्ला आलकला, कस्बा कैराना बताया। पुलिस के मुताबिक आरोपी सट्टे के नंबर लिखकर अवैध रूप से खाईबाड़ी कर रहा था। पुलिस ने बरामद सट्टे सामग्री और नकदी को कब्जे में लेकर सील कर दिया। आरोपी के खिलाफ धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## चंदन लाल कॉलेज में लगेगा रोजगार मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सुशील कुमार, प्रधानाचार्य ने अवगत कराया कि चन्दन लाल नेशनल इण्टर कालेज, कांधला एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, शामली के संयुक्त तत्वाधान में बेरोजगार अभ्यर्थियों हेतु एक रोजगार मेला का आयोजन 13 मई को चन्दन लाल नेशनल इण्टर कालेज, कांधला के प्रांगण में प्रातः 10:00 बजे से 2:00 बजे तक किया जा रहा है। रोजगार मेलें में एकेएस जाब्स प्रा लि, भारतीय जीवन बीमा निगम एवं पुखराज हेल्थकेयर प्रा लि, आदि कम्पनियों के लिए 500 पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिक. ारी, अजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने में अभ्यर्थियों को सेवायोजन पर सामान्य जाब सीकर के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य है। रोजगार मेला में डाटा एंट्री ऑपरेटर, प्रोडक्शन इंजी. नियर, पीकिंग, स्कैनिंग, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, सेल्स एग्जिक्यूटिव आदि पदों के लिए प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, आई टी आई, डिप्लोमा, आदि है। जिसके लिये आयु सीमा 18-35 वर्ष निर्धारित है।

## अखिल भारतीय विश्वकर्मा संघ ने समाज के उत्थान पर की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ एवं विश्वकर्मा सभा रजि शामली के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार देर शाम समाज के गणमान्य लोगों की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के उत्थान पर चर्चा की गई और प्रदेश सरकार द्वारा हंसराज विश्वकर्मा को राज्यमंत्री बनाये जाने पर लडडू वितरित किए। सोमवार देर शाम शहर के बुढाना रोड स्थित महेश धीमान के प्रतिष्ठान पर अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ एवं विश्वकर्मा सभा रजि शामली के संयुक्त तत्वावधान में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सेठपाल पांचाल ने कहा कि समाज के सभी गणमान्य लोगों को समाज के उत्थान के लिए आगे आकर कार्य करना चाहिए, जिससे समाज मजबूत हो सके और कमजोर तथा निर्धन लोगाों की मदद की जा सके। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार में विश्वकर्मा समाज की ओर से हंसराज विश्वकर्मा को राज्यमंत्री बनाया गया है, जिससे पूरे समाज में हर्ष का माहौल है। उम्मद है कि अब समाज के लोगाों को आगे बढने का मौका मिलेगा। युवाओं को रोजगार के अवसर पैदा होगे। प्रदेश सरकार स्तर पर आने वाली समस्याओं का अब आसानी से समाधान हो सकेगा। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री ने पहली बार विश्वकर्मा समाज के एक चेहरे को अपने मंत्रिमंडल में स्थान देकर समाज को सम्मान देने का कार्य किया है। सभा में जनपद शामली के विश्वकर्मा समाज के लोगों तथा दोनों संगठनों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। सभा में महेश धीमान, वेदप्रकाश आर्य, सुधीर धीमान, मुकेश जांगिड, विरेन्द्र जांगिड, प्रमोद विश्वकर्मा, मनीष पांचाल, पंकज विश्वकर्मा, रघुवीर आर्य आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरा भाई शहजाद पुत्र ईनाम व भाभियां शाईना, आसमीन पत्नी शहजाद आए दिन आपस में झगड़ते है। मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है, जिसके कारण मैं उनसे अपना व अपने परिवार का संबंध विच्छेद करता है। भविष्य में उनकी किसी भी कृत्य से मेरा व परिवार को कोई लेना-देना नही है।

**शादाब पुत्र इनाम निवास. ीगण मौहल्ला खैलकला काजीबाग कैराना जनपद शामली।**

**सूचना**

मेरा पुत्र रिजवान मेरे कहने व सुनने में नही है और मेरे व परिवार के साथ मारपीट तथा गाली-गलौच करता है। जिसके चलते मैं उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य से मेरे व मेरे परिवार को कोई वास्ता नही है।

**इमरान पुत्र अशरफ निवासी ग्राम नई बस्ती मुस्तफाबाद कांधला देहात तहसील कैराना जिला शामली।**

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पताः- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# महिला आरक्षण के विरोध में सांसद इकरा हसन के आवास पर प्रदर्शन, महिला कार्यकर्ताओं ने किया घेराव

सलीम चौधरी

**कैराना।** महिला आरक्षण के मुद्दे को लेकर मंगलवार को राजनीतिक माहौल गरमा गया। महिला आरक्षण के विरोध में भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने कैराना लोकसभा से सपा सांसद इकरा हसन के आवास का घेराव कर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को बुलंद किया और आरक्षण के वर्तमान स्वरूप पर पुनर्विचार की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि महिला आरक्षण लागू करते समय सभी वर्गों की समान राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए।



उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा व्यवस्था में कुछ वर्गों की अनदेखी होने की आशंका है, इसलिए सरकार को व्यापक विचार-विमर्श के बाद निर्णय लेना चाहिए। धरने के दौरान कार्यकर्ताओं ने सांसद इकरा हसन से जनता की भावनाओं को संसद तक पहुंचाने की मांग की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज को अनसुना नहीं किया जा सकता और सरकार को जनभावनाओं का सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर लोकसभा संयोजक राजेश मलिक और सहसंयोजक एवं विधानसभा संयोजक बबीता चौहान ने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से जनता की आवाज उठाना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और भविष्य में भी इसी तरह शांतिपूर्ण आंदोलन जारी रहेंगे। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज कराया।

# डीएम ने की प्रायोजित पैक्स की समीक्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित पैक्स कम्प्यूटरीकरण योजना की समीक्षा के लिए गठित डिस्ट्रिक्ट लेवल मॉनिटरिंग एंड इंप्लीमेंटेशन कमेटी की बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी आलोक यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित हुई।

बैठक में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण में चयनित समितियों के कम्प्यूटरीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने प्रथम चरण में अवशेष बची इसोपुर खुरगान समिति का कार्य एक सप्ताह के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रथम एवं द्वितीय चरण की समितियों में ईआरपी और डायनामिक डेटा एंट्री कार्य में तेजी लाने के लिए



संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

समीक्षा के दौरान सिस्टम इंटीग्रेटर की खराब रैंकिंग पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने चेतावनी जारी करने तथा मामले से नाबार्ड एवं शीर्ष स्तर को अवगत कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला सहकारी बैंक के एआर कोऑपरेटिव जनपद शामली, सचिव एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जिला प्रबंधक नाबार्ड, एनआईसी के जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी तथा बीएसएनएल के प्रतिनिधि अधिकारी मौजूद रहे।

# बेटे को लेने गए युवक से मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** थाना क्षेत्र के गांव सहपत में बेटे को लेने गए युवक के साथ मारपीट और अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गांव के ही दो युवकों पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

गांव सहपत निवासी योगेश पुत्र सुरेश ने थाना प्रभारी को दी शिकायत में बताया कि वह अपने बेटे यश को लेने के लिए अपने ताऊ के बेटे विकास के घर गया था। आरोप है कि वहां पहुंचते ही किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी दौरान विकास पुत्र नरेश और विशाल पुत्र जोगिंदर ने उसके साथ अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया।पीड़ित का आरोप है कि दोनों आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद पीड़ित और उसके परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। योगेश ने थाना पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों की धमकियों के चलते वह और उसका परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# गोविंद के हत्यारों पर मांगी कार्रवाई



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** झिंझाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुरा में युवक की हत्या के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एसपी से मुलाकात की। उन्होने पुलिस पर मामले में कोई कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है।

मंगलवार को झिंझाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुरा निवासी दर्जनों ग्रातीणों ने एसपी एनपी सिंह से मुलाकात की। उन्होने बताया कि गत 4 मई को गांव के ही गोविन्द सैनी पुत्र सुखवीर सिंह अपने घर पर सोया हुआ था। अगले दिन 5 मई को सुबह गांव से लगभग 500 मीटर दूर एक टयूवैल पर पडी मिली। युवक का शव कुए के अंदर सला हुआ पाया गया है। जिसकी रिपोर्ट थाना झिंझाना में परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई थी, लेकिन पुलिस ने न तो घटना का खुलासा किया और नही ही अभी तक हत्यारोपियों की गिरफ्तारी हो सकी है। उन्होने एसपी से मामले में जल्द से जल्द कार्यवाही कर घटना का खुलासा करते हुए आरोपियों के पकडे जाने की मांग की है। उन्होने बताया कि उक्त घटना को लेकर समाज में रोष व्याप्त है और परिवार के लोग भी डरे हुए है।

इस अवसर पर आशु, सुखपाल, उदयवीर, महक सिंह, दीनमाल, सरोज पूर्व प्रधान, जनश्वेर आदि मौजूद रहे।

# साइबर ठगी की रकम खातों में भेजकर उड़ाई नकदी

**□ तीन जन सेवा केंद्र संचालकों के खाते फ्रीज एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा।**

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** साइबर ठगी से जुड़ी रकम खातों में ट्रांसफर कर नकदी लेने के मामले में पुलिस ने एसपी शामली के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में कस्बे के तीन जन सेवा केंद्र संचालकों के बैंक खाते फ्रीज हो गए हैं, जिससे उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है। पीड़ितों ने आरोपी पर धोखाधड़ी की रकम खातों में डलवाकर कैश लेने का आरोप लगाया है।

कस्बा कैराना के मोहल्ला खैलकला निवासी उमरदराज पुत्र मुनव्वर हसन ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि वह कस्बे में जन सेवा केंद्र (सीएससी) संचालित करता है। आरोप है कि 16 दिसंबर 2025 को एक युवक उसके केंद्र पर आया और अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कर नकदी लेकर चला गया। पीड़ित के अनुसार एयरटेल बैंक, एचडीएफसी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक खातों में कुल 86 हजार 947 रुपये ट्रांसफर किए गए थे। उमरदराज का कहना है कि विगत 8 अप्रैल को उसके सभी बैंक खाते अचानक फ्रीज कर दिए गए। जानकारी करने पर पता चला कि खातों में ट्रांसफर की गई रकम साइबर ठगी से संबंधित थी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उक्त रकम भेजने और नकदी प्राप्त करने वाला युवक कस्बा कैराना निवासी जावेद पुत्र यासीन है। तहरीर में यह भी बताया गया कि आरोपी ने इसी प्रकार कस्बे के अन्य जन सेवा केंद्र संचालकों मोहम्मद शादाब और वसीम के खातों में भी कथित ठगी की रकम ट्रांसफर कर नकदी ली थी। इसके बाद उनके बैंक खाते भी फ्रीज कर दिए गए।

शादाब के खाते में 12 हजार रुपये और वसीम के खाते में 30 हजार रुपये ट्रांसफर किए जाने की बात सामने आई है। पीड़ितों का कहना है कि खाते फ्रीज होने से उनका जन सेवा केंद्र का कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया है और परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शामली के आदेश पर आरोपी जावेद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। साइबर ठगी से जुड़े सभी तथ्यों की पड़ताल कर आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# शिक्षामित्र के समर्थन में जुटे संगठन पदाधिकारी, डीएम से मिलने का निर्णय

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिडौली।** क्षेत्र के गांव अजीजपुर निवासी शिक्षामित्र इस्लाम के घर रविवार को शिक्षामित्र संगठन के सदस्य व ग्रामीण उनका हालचाल जानने पहुंचे। इस दौरान पंचायत आयोजित कर मामले में आगे की रणनीति पर चर्चा की गई।

शिक्षामित्र इस्लाम ने बताया कि जमीन विवाद के मामले में एसडीएम ने उन्हें अपने कार्यालय में बुलाया था, जहां उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और दबाव बनाने का प्रयास किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके एक साथी को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के कारण वह तनाव में आ गए, जिससे



उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। बताया गया कि तबीयत खराब होने पर तहसील कर्मचारियों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन उन्हें करनाल के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां उनका उपचार चला। रविवार को हालत में सुधार होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। घर पहुंचने पर शिक्षामित्र संगठन के सदस्य और ग्रामीण उनसे मिलने पहुंचे।

पंचायत में निर्णय लिया गया कि संगठन के कुछ सदस्य पूरे मामले को लेकर डीएम शामली से मिलेंगे और उन्हें प्रकरण से अवगत कराएंगे। साथ ही कोर्ट में विचाराधीन जमीन विवाद में बनाए जा रहे कथित दबाव के खिलाफ प्रशासन से न्याय की मांग की जाएगी। इस दौरान मौजूद सदस्यों और ग्रामीणों ने एकमत होकर आंदोलन की रणनीति पर भी सहमति जताई।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला, सात लोगों पर केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष के सात लोगों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट, अश्लील हरकतें, जान से मारने का प्रयास और तीन तलाक देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। कस्बा कैराना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी 10 मार्च 2020 को गांव मन्ना माजरा निवासी सुफियान पुत्र जमशेद के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। पीड़िता का कहना है कि शादी में उसके मायके पक्ष ने करीब 20 लाख रुपये खर्च कर घरेलू सामान, फर्नीचर, सोने-चांदी के जेवरात, कपड़े और नकदी दी थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति, सास और अन्य ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये नकद और मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज और मानसिक उत्पीड़न किया जाता था। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसके जेठ मुनफैद और असलम उस पर गलत नजर रखते थे और मौका मिलने पर अश्लील हरकतें करते थे। विरोध करने पर उसे धमकाया जाता था। विवाहिता के अनुसार करीब एक वर्ष पूर्व ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया था। तब से वह अपनी पांच वर्षीय बेटी के साथ मायके में रह रही है। पीड़िता ने पति के खिलाफ परिवार न्यायालय में भरण-पोषण का वाद भी दायर कर रखा है, जो वर्तमान में विचाराधीन है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 4 नवंबर 2025 को उसका पति सुफियान, जेठ सालिम, मुनफैद, असलम, सास जमीला, ननद शबाना और ननदोई उसके मायके पहुंचे और मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया और चुन्नी से गला घोंटकर जान से मारने का प्रयास किया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता का यह भी आरोप है कि बाद में उसके पति ने फोन पर तीन बार तलाक बोलकर उसे तलाक दे दिया। पीड़िता का कहना है कि इस बातचीत की रिकॉर्डिंग उसके पास सुरक्षित है। विवाहिता ने एसपी से मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत प्राप्त हो गई है और मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही हैं।

# उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी ने लालवाला गांव में किया पैदल गश्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** लालवाला गांव में पिछले दिनों हुए घटनाक्रम के बाद अब हालात पूरी तरह सामान्य हैं। मंगलवार को प्रकरण के चौथे दिन गांव में स्थानीय अधिकारी पहुंचे और स्थिति का जायजा लेते हुए ग्रामीणों से अपील की वह भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें। सुरक्षा की दृष्टि से फिलहाल वहां पुलिस बल तैनात है।

मंगलवार को स्थानीय प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने लालवाला गांव का दौरा किया। उपजिलाधिकारी युवराज सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह ने गांव की गलियों में पैदल गश्त की और स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। गांव में स्थिति सामान्य है लेकिन सुरक्षा के लिहाज से अभी भी चौकसी बरती जा रही है। गांव के मुख्य चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात है। चार दिनों के




तनाव के बाद अब ग्रामीण अपने खेतों और पशुपालन जैसे दैनिक कार्यों में व्यक्त नजर आए। सुबह के समय बच्चे भी स्कूलों की तरफ रवाना हुए। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें।

# छात्र उस्तादों व किताबों का सम्मान करें: नौमानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता मौलाना फजलुर्रहमान सज्जाद नौमानी ने कहा कि वर्तमान वैश्विक उदासी के बीच दुनिया को इस्लाम की इंसानियत पर आधारित शिक्षाओं के माध्यम से सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। क्योंकि आज हर देश बदलाव चाहता है।

ईदगाह मार्ग स्थित मदरसा जामिया इमाम मोहम्मद अनवर शाह में आयोजित सम्मान समारोह में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता मौलाना सज्जाद नौमानी ने कहा कि आज दुनिया एक बड़ी बौद्धिक ओर सांस्कृतिक क्रांति के दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि मदरसों में पढ़ाई ओर सीखने की व्यवस्था इस्लाम की शुरुआत से ही चल रही है। ताकि मुसलमानों को इस्लाम की इंसानियत वाली शिक्षाओं से रुबरु कराया जा सके। मौलाना



सज्जाद नौमानी ने कहा कि पैगंबर को न केवल मुसलमानों के लिए बल्कि पूरी इंसानियत के लिए रहमत बनाकर भेजा गया था। इसलिए अल्लाह ने उन्हें रहमतुल आलामीन (पूरी इंसानियत के लिए रहमत) घोषित किया। उन्होंने छात्रों को नसीहत दी कि वे खुद को, अपनी जगह और अपनी जिम्मेदारियों को पहचाने, समय की कद्र करें और उस्तादों और किताबों का सम्मान करें। इसके साथ ही मौलाना सज्जाद नौमानी ने यह भी कहा कि चिंता का विषय है कि छात्र कक्षाओं में भी मोबाइल फोन लेकर आते हैं और उस्तादों के पढ़ाने को नजर अंदाज करते हैं। उन्होंने छात्रों को इससे बचने की सलाह दी। इस मौके पर मौलाना फुजैल अहमद नासरी, अबू तल्हा आजमी, मुफ्ती निसार खालिद, मौलाना सईद, मौलाना वसी, मौलाना शब्बीर, मौलाना बदरुल इस्लाम आदि शामिल रहे।

# पांच किसानों के ट्यूबवैलों पर चोरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** बिलासपुर के किसान महिपाल आर्य, सतीश कुमार, विश्वास आर्य, मोनू कुमार और सुधीर कुमार ने पुलिस को संयुक्त रुप से दी तहरीर में बताया कि 11 मई की रात चोरों ने उनके खेतों में लगी ट्यूबवैल से और स्टार्टर चोरी कर लिया। जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिन पूर्व भी कई किसानों के ट्यबवैलों पर चोरी की घटना हुई थी। लेकिन अभी तक पुलिस ने कोई खुलासा नहीं किया।

## आकाशीय बिजली गिरने से पेड़ क्षतिग्रस्त

**अफजलगढ़।** आज सुबह करीब नौ बजे अचानक मौसम बदल गया। आसमान में काले बादल छा गए और तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान ग्राम पुक्खेवाला निवासी जाकिर हुसैन पुत्र मेंहदी हसन उर्फ भोले के घर के बाहर खड़े जामुन के पेड़ पर तेज धमाके के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली गिरने से पेड़ की कई शाखाएं टूटकर नीचे गिर पड़ीं। आकाशीय बिजली के प्रभाव से जाकिर हुसैन के घर में रखे मोबाइल, फ्रिज, वाशिंग मशीन, इनवर्टर, एलसीडी, पंखे कई उपकरण जल गए। जाकिर हुसैन ने बताया कि घटना से उन्हें भारी नुकसान हुआ है। बताया गया कि पड़ोसी इस्लामुद्दीन, मौलाना हसीनुद्दीन, मौहम्मद रफी, हाजी ताहिर हुसैन समेत करीब दस से बारह घरों में भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो गए। घटना के समय जाकिर हुसैन के घर पर परिवार के अलावा उनके दामाद मौहम्मद वसीम, पुत्री हिना परवीन तथा बच्चे आमिर, समीर, आयशा और शहनूर भी मौजूद थे। तेज धमाके के कारण गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# नारी सुरक्षा सम्मान: एक दिन की डीएम बनी सृष्टि चौहान

**बिजनौर।** नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत राखी मेमोरियल विद्या निकेतन गर्ल्स इंटर कॉलेज की 11वीं कक्षा की मेधावी छात्रा सृष्टि चौहान पुत्री सीताराम चौहान, निवासी ग्राम मानियावाला गढ़ी, ब्लॉक अफजलगढ़ को एक दिन के लिए सांकेतिक डीएम बनाया गया। इस मौके पर सृष्टि चौहान ने डीएम कार्यालय पहुंचकर विभिन्न प्रशासनिक कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा जनसुनवाई, कार्यालय संचालन एवं विभागीय कार्यप्रणाली को निकट से समझा। डीएम द्वारा उन्हें प्रशासनिक जिम्मेदारियों एवं शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में भी अवगत कराया गया। सांकेतिक डीएम सृष्टि द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में महिला जनसुनवाई में आए फरियादियों की समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी शिकायतें पूर्ण गुणवत्ता एवं निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निस्तारित करने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान डीएम जसजीत कौर द्वारा सरकार के मिशन शक्ति कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को प्रोत्साहित, मजबूत और उनमें आत्मविश्वास पैदा करना है। उन्होंने आह्वान किया कि महिलाएं खुद को कमजोर न समझें और स्वयं को शिक्षित एवं सशक्त बनाते हुए देश और समाज के निर्माण अपनी भूमिका निभाएं। आईसीडीएस रविता राठी, प्रधानाचार्या राखी मेमोरियल विद्या निकेतन गर्ल्स इंटर कॉलेज संध्या शर्मा आदि मौजूद थे।



# जिम्मेदारी से निभाएं आपदा प्रबन्धन: अरविंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने जिला आपदा प्रबंधन द्वारा जनपद में सम्भावित बाढ, अतिवृष्टि, सूखा से निपटने हेतु विभागों को उत्तरदायित्व सौंपते हुए जिम्मेदारी का सही तरह से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि समय से बाढ़ राहत किट, सुरक्षा के लिए मैन पावर एवं पका हुआ भोजन हेतु ई-टेन्डर की कार्यवाही कर ली जाए। स्वास्थ्य विभाग को सम्भावित बाढ से पूर्व ही जीवन रक्षक दवाईयों की उपलब्धता, एन्टी वेनम एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को सम्भावित बाढ स्थलों के दृष्टिगत वैकल्पिक मार्गों में सड़कों के चिन्हीकरण करने के निर्देश दिए। पशुधन विभाग को पशुओं के दृष्टिगत चारे की व्यवस्था, पंचायती राज विभाग को शौचालयों एवं स्ट्रीट लाइट को देखने, खाद्य विभाग को आवश्यक खाद्यान एवं उपभोक्ता वस्तुओं की व्यवस्था बनाने के लिए कहा।

जिलाधिकारी श्री चौहान ने बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि पहले से ही ऐसे स्थलों का चिन्हांकन कर लिया जाए जहां बाढ के समय आश्रय स्थल बनाया जा सके। तथा बाढ प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों की पढाई बाधित न हो इसकी वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। गृह विभाग को पीएसी बाढ वाहिनी की तैनाती, बोटों एवं गोताखोरों की व्यवस्था करने के लिए कहा। उन्होने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि गोताखोरों, नाविकों के फोन नम्बर पुन: चौक कर अद्यतन कर लिए जाएं। जिलाधिकारी ने सूखा प्रबंधन हेतु संबंधित विभागों को योजना बनाने के निर्देश दिए। इसके अन्तर्गत कृषि, पशुपालन, मत्स्य, पंचायती राज, नगर विकास, जल निगम, सिंचाई एवं लघु सिंचाई, ऊर्जा, स्वास्थ्य को सूखा प्रबंधन दिशा निर्देश 2022 का अनुपालन करने के लिए कहा। इस अवसर पर एसपी देहात मंयक पाठक, डीएफओ शुभम सिंह, डीएफओ विपुल सिंघल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, उपजिलाधिकारी सदर सुबोध कुमार, उपजिलाधिकारी बेहट मानवेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी नकुड़ सुरेन्द्र कुमार सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रधानों ने आगामी रणनीति पर किया मंथन

**गंगोह।** 26 मई को समाप्त होने जा रहे ग्राम प्रधानों के कार्यकाल को बढाने की मांग को लेकर ग्राम प्रधानों ने ब्लाक कार्यालय में आगामी रणनीति पर मंथन किया। प्रधानों ने स्वयं को जनप्रतिनिधि बताते हुए कहा कि नए चुनाव होने तक उन्हें ही कार्य करने का अधिकार मिलना चाहिए। प्रशासक नियुक्ति का विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि इससे गांवों के विकास कार्य प्रभावित होंगे। प्रधानों ने ऐलान किया कि प्रदेश भर के प्रधान 20 मई को लखनऊ पहुंचकर सरकार से कार्यकाल बढ़ाने की मांग करेंगे।

## चोरी की घटना का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** थाना रामपुर मनिहारान पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं के खुलासे में बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिल तथा एक फर्जी नंबर प्लेट बरामद की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ रूचि गुप्ता के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी इंस्पेक्टर उम्मेद कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाही करते हुए आरोपी जौनी उर्फ शुभम पुत्र मामचंद निवासी सोना अर्जुनपुर थाना नानौता तथा योगेश उर्फ योगी पुत्र लीलाराम निवासी ग्राम सोना अर्जुनपुर थाना नानौता को गिरफ्तार किया।

# संदिग्ध हालत में घर में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट क्षेत्र के गांव मुर्तजापुर में बीती दलित व्यक्ति के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में करीब डेढ़ लाख रुपये का घरेलू सामान जलकर राख हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार गांव मुर्तजापुर निवासी दलित जैकी के घर बीती रात एक अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में आगे लग गई। आग लगने से परिवार के लोगों में हाहाकार मच गया।

ग्रामीणों ने कई घंटे कड़े मशक्कत के बाद अपने निजी संसाधनों से आग पर काबू पाया। इस अग्नि कांड में घर में रखे अनाज, कपड़े, बर्तन, चारपाई सभी जलकर नष्ट हो चुका था। आग लगने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस भी फायर बिग्रेड को साथ लेकर मौके पर पहुंच गई थी। मगर तब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था।

पीड़ित जैकी और उसकी पत्नी ने बताया, कि छप्पर में इतनी तेजी से आग धधकी कि उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला। कपड़ों के अलावा कुछ नहीं रहा। आस- पड़ोस के लोगों ने पीड़ित परिवार की आर्थिक सहायता की। इस अग्निकांड में करीब डेढ़ लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया है। पीड़ित ने प्रशासनिक अधिकारियों से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

## मौसम का मिजाज बदला

**बिजनौर।** आज सुबह मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह आसमान में घने काले बादल छा गए और कुछ ही देर बाद हल्की बूंदाबा. ंदी शुरू हो गई, जो बाद में तेज बारिश में बदल गई। बारिश होने से भीषण गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। पिछले कई दिनों से जिले में तेज गर्मी पड़ रही थी, जिसके कारण लोग दिन में घरों से निकलने से बच रहे थे। कई इलाकों में बिजली कटौती की समस्या भी सामने आ रही थी।

मंगलवार सुबह करीब आठ बजे मौसम बदला और सवा आठ बजे से बारिश शुरू हो गई। बारिश से जहां आम लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं मजदूर वर्ग को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह काम पर निकले कई मजदूरों का काम बारिश के कारण रुक गया और उन्हें वापस लौटना पड़ा। दूसरी ओर किसानों ने इस बारिश को फसलों के लिए लाभकारी बताया है।

# फरार चल रहा मारपीट का आरोपी दबोचा



**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने मारपीट एवं जान से मारने की नीयत से हमला करने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

विगत 1 मई को पीड़िता पिंकज सैनी पत्नी अमित सैनी निवासी मोहल्ला कोठीवाला कस्बा सुल्तानपुर थाना चिलकाना की लिखित तहरीर पर पीड़िता के पति अमित सैनी के साथ गाली गलौच करने, जान से मारने की नीयत से उसकी दुकान मे घुसकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में 4 आरो. पियों के खिलाफ संगीन धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आज मंगलवार को थाना प्रभारी सुश्री सिमरन सिंह आईपीएस की अगुवाई में पुलिस टीम ने मुकदमा उपरोक्त में नामित फरार आरोपी मोनू पुत्र ताराचन्द निवासी मोहल्ला कोठीवाला थाना चिलकाना को ग्राम फिरोजाबाद पीर शहंशाह के निकट से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया है कि पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद लकड़ी का डन्डा भी बरामद किया गया है। गिरफ्तारी टीम में एसआई विकास तोमर, हैड कांस्टेबल विवेक कुमार व कांस्टेबल पुनित यादव शामिल रहे।

# किसानों ने एसडीएम को सौंपा समस्याओं का ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) संगठन के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की एक मासिक पंचायत तहसील परिसर में सम्पन्न हुई। पंचायत के बाद क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन एस डी एम को सौंपकर निस्तारण की मांग की गई।

मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक मासिक पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में बोलते हुए संगठन के तहसील अध्यक्ष अनुज शर्मा ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी भी दशा में सहन नहीं किया जायेगा। उन्होंने दिए गए ज्ञापन में कि किसानो के गन्ने का बकाया भुगतान अतिशीघ्र कराया जाए, गंदेवड़ से लेकर पठेड़ तक सड़क किनारे खड़े पुराने बिजली के खंबे हटाए जाए, ग्राम मांडूवाला उत्तरी, ब्लॉक मुजफ्फराबाद में गांव से दक्षिण की तरफ नाला बनाया जाना प्रस्तावित है तुरंत बनवाया जाए।नाले के पास एक महिला का प्लाट है पति का कहना है उस प्लांट की पैमाइश की जाए हमें कब्जा दिलाया जाए।आवारा पशुओं को पकड़ कर गौशाला भेजा जाए ।शेखूपुर जमालपुर कबीरपुर आदि गांवो में आवारा कुत्तों का प्रकोप बढ़ रहा है इनको पकड़ा जाए, इसके अलावा अलीपुरा भागूवाला में टंकी का निर्माण हुआ था जो कि अभी तक चालू नहीं हुई है। ठीक कराकर तुरंत चालू कराई जाए।

पंचायत के बाद कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन एस डी एम मानवेंद्र सिंह को सौंपा गया एस डी एम ने किसानों की समस्याओं को शीर्ष ही हल किए जाने का आश्वासन दिया है। पंचायत में तहसील अध्यक्ष अनुज शर्मा, तहसील प्रवक्ता मास्टर प्रमोद कुमार मीडिया प्रभारी इकबाल खान, साढोली कदीम के ब्लॉक अध्यक्ष आबिद अली, मुजफ्फराबाद ब्लॉक अध्यक्ष सोमप्रकाश, रफल सिंह बृजपाल सिंह, मुकर्रम अली, मांगेराम शर्मा, रणवीर सिंह, सुरेंद्र राणा व बृजपाल पवार रफल सिंह कश्यप आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहें। बैठक की अध्यक्षता मानसिंह राणा ने की।

# नाला टूटने से खेतों में भर रहा गंदा पानी

**चिलकाना।** सुल्तानपुर क्षेत्र में किसानों के खेतों के निकट से होकर गुजर रहा नाला टूट जाने के कारण खेतो में गंदा पानी व कूड़ा करकट भर रहा है। जिसके चलते किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित किसानों ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर समस्या से निजात दिलवाए जाने की गुहार लगाई है।

पीड़ित किसानों ने डीएम को पत्र लिखकर बताया है कि पिछले लगभग एक वर्ष से यह नाला टूटा हुआ है। जिस कारण नगर के घरों से इस नाले में आने वाला गंदा पानी, पॉलीथिन तथा कूड़ा करकट आदि किसानों के खेतों में जमा हो रहा है। खेतों में लगातार गंदा पानी भरने से उनकी फसलें खराब हो रही हैं और उन्हें खेती करना मुश्किल हो गया है। जानकारी के मुताबिक कई किसान पिछले एक वर्ष से अपने खेतों में खेती नहीं कर पा रहे हैं। जिसके चलते उन्हें आर्थिक झेलना पड़ रहा है।

पीड़ित किसानों ने बताया है कि समस्या के कारण क्षेत्र में गंदगी और जलभराव की स्थिति बनी हुई है। पत्र के माध्यम से टूटे हुए नाले की तत्काल मरम्मत कराये जाने, खेतों में जमा हो रहे गंदे पानी व कूड़ा करकट की सफाई कराये जाने की मांग की गई है। मांग करने वालों में धर्मपाल, जयपाल सैनी, नवीन, पाल्ला राम, श्याम लाल, बागेश्वर, सुरेश कुमार, छोटा, राजपाल, महेश सहित अन्य पीड़ित किसान शामिल हैं।

# इब्राहिम हेड ब्वॉय व रितिका बनी हेड गर्ल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नामदेव पब्लिक स्कूल में शनिवार को छात्र परिषद चुनाव के परिणाम घोषित किया गया। सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने की शपथ ली।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य रजनी राजपूत व प्रबंधक पंकज राजपूत ने माँ सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित कर किया गया। हेड बॉय इब्राहिम मलिक, हेड गर्ल रितिका शर्मा, वाइस हेड पर्व सिंघवाल और अवि चौधरी, स्पोर्ट्स कैप्टन आयुष और जुवेरिया, सांस्कृतिक प्रमुख दिव्यांश खन्ना और माही गर्ग, सदन नायक विद्यालय के चारों सदनों के कुशल संचालन के लिए इन प्रतिनिधियों को नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वीर हाउस ईशानी, शांति हाउस गर्वी, समृद्धि हाउस करनजोत, प्रगति हाउस सोनाक्षी को नियुक्त किया गया। प्रधानाचार्या रजनी राजपूत, प्रबंधक पंकज राजपूत ने सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को आधिकारिक सैश पहनाकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि यह जीत महज एक पद की प्राप्ति नहीं है, बल्कि विद्यालय के प्रति आपकी जिम्मेदारी और सेवा भाव की शुरुआत है। हमें विश्वास है कि आप सभी अनुशासन के मानक स्थापित करेंगे। इसके पश्चात सभी निर्वाचित प्रति. निधियों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने की शपथ ली। चुनाव प्रभारी संदीप, प्रियंका, नंदिनी, आकांक्षा, गौरव ने पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी कराई। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# निष्कासन करने वालों को किया कठघरे में खड़ा

**सहारनपुर।** बसपा से निष्कासित किये गये लंढौरा गुर्जर निवासी बबलू कुमार ने निष्कासन करने वालों को कठघरे में खडा किया है।

बबलू कुमार का कहना है कि बसपा जिलाध्यक्ष रजनीश बन्धु द्वारा मुझे व अरूण कुमार कपासी को पार्टी विरोधी गतिविधियों व अनुशासनहीनता में लिप्त होने के कारण पार्टी से निष्कासित किया गया है। अब वह बसपा कार्यकर्ताओं व मतदाताओं को यह बतायें कि हम दोनो को बसपा में कब और किस समय पद दिया गया था। उसका कोई साक्ष्य या प्रमाण आम कार्यकर्ताओं को जरूर दिखाया जाये ताकि बहुजन समाज को पता चल सके कि पार्टी की गुटबाजी मिशनरी कार्यकर्ताओं को ही नही बल्कि विश्वसनीय वोटरों का भी निष्कासन करने में लगी है। बबलू कुमार का यह भी कहना है कि मौजूदा मुख्य मण्डल प्रभारी द्वारा उनके पिता रामसिंह से 5 लाख रूपये हडप लिये थे और तनाव के कारण उनकी आकस्मिक मृत्यु भी हो गयी थी। इस सम्बन्ध में जब भी आवाज उठाई गयी तो पार्टी के जिम्मेदार लोगों को भेजकर मामला शांत कराया गया और उनके द्वारा षडयंत्र कर नोटिस भिजवाये जा रहे है।

# नेत्र जांच शिविर में मरीजों की जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** ग्राम तुरमतखेड़ी में डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल की ओर से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि कुमार के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर आंखों की जांच कराई।

शिविर में 18 वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क चश्मा सुविधा उपलब्ध कराई गई, जबकि 18 वर्ष से अधिक आयु के महिला एवं पुरुषों की आंखों की मुफ्त जांच की गई। कैंप में करीब 70 मरीजों की ओपीडी की गई तथा 10 मोतियाबिंद मरीजों को ऑपरेशन के लिए अस्पताल रेफर किया गया। चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि सभी मोतियाबिंद ऑपरेशन निशुल्क किए जाएंगे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष (अल्पसंख्यक मोर्चा) चौधरी हैदर गुर्जर, सरवर प्रधान किसान यूनियन, बिलाल प्रधान सजुड़, हाजी अरशद सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत गले में पटका पहनाकर किया गया। शिविर का शुभारंभ डॉ. संजीव कुमार, डॉ. विकास कुमार, डॉ. नितिन कुमार एवं नर्स राखी देवी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर गालिब हसन, अयूब चौधरी, जुबेर चौधरी, उमर चौधरी, अरशद सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बेहट पुलिस के हत्थे चढ़े तीन शातिर चोर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कोतवाली बेहट पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए मोबाइल टाव के 25 बैटरे, एक मोटरसाइकिल व घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो कार बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

पुलिस लाईन सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 मई को उपनिरीक्षक रविंद्र कसाना ने अज्ञात चोरों द्वारा मोबाइल टावर से बैटरी चोरी करने और पुलिस पार्टी पर हमला करने के सम्बंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसएसपी ने बताया कि आज बेहट कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र दीक्षित, उपनिरीक्षक रविंद्र कसाना व उपनिरीक्षक धीरज सिंह के नेतृत्व में पूजनेकी चौकी क्षेत्र में चौकिंग की जा रही थी। इसी दौरान ग्राम घुन्ना मोड़ पर तीन संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल के पास खड़े थे जिनके पास प्लास्टिक के दो बोरे थे। पुलिस को देखकर तीनों व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों संदिग्धों को दबोच लिया जिनमें सलमानु पुत्र मकबूल निवासी हुसैन बस्ती बेहट अड्डा थाना मंडी, सारिक पुत्र शराफत व कादिर पुत्र अलीशेर निवासीगण ग्राम अकबरपुर सुनेहटी थाना कैराना जनपद शामली शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान एवं घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल व कार बरामद कर ली। एसएसपी ने बताया कि पूछताछ करने पर दबोचे गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि हम तीनों ने अलग-अलग मोबा. इल टावर से बैटरे चोरी किए थे जिन्हें आज हम बेचने जा रहे थे। पुलिस के अनुसार दबोचे गए आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं जिनके खिलाफ विभिन्न थानों भिन्न-भिन्न धाराओं में अनेक मुकदमें दर्ज हैं। सलमान के खिलाफ 36, सारिक के खिलाफ 16 व कादिर के खिलाफ 17 मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने आरो. पियों का वांछित धाराओं में चालान काटकर जेल भेज दिया।

## 70 महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच

**सहारनपुर।** मातृ दिवस के पावन अवसर पर सहारनपुर सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में लगभग 70 महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र नीरज व पुत्रवधू रूमा देवी को गलत कृत्यों के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों का मैं व मेरा परिवार जिम्मेंदार नहीं होगा।

**बबलू पुत्र जयपाल सिंह निवासी ग्राम बाबैल, थाना बेहट, जिला सहारनपुर।**

# तहसील सभागार में खनिज पट्टे को लेकर जनसुनवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन द्वारा जारी अधिसूचना के अंतर्गत तहसील सभागार बेहट में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे उपखनिज गांव नूनीयारी एहतमाल मे खनिज के पट्टे की जनसुनवाई की गई । जन सुनवाई मे पट्टे धारक ग्रामीणों सहित क्षेत्र के किसानों, मजदूरों और खनन से जुड़े कारोबारियों ने भी भाग लिया, जन सुनवाई में ग्रामीणों सहित क्षेत्र के मजदूरों और किसानों ने अपने-अपने विचार जनसुनवाई में रखें। तथा स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि तहसील क्षेत्र के गांव न्यूनियरी एहतमाल के पास यमुना नदी में कुल क्षेत्रफल 19,00 हेक्टेयर में उपखनिज सैंड,बजरी, बोल्डर आदि की खनन पट्टा मेसर्स मॉलिक्युलर ब्लॉक्स डायरेक्टर जुनूतुला रेड्डी के नाम स्वीकृत हुआ है ।मंगलवार को तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल की अध्यक्षता में गांव न्यूनियरी एहतमाल में स्थित यमुना नदी में कुल क्षेत्र 19. 00 हेक्टर तथा गट्टा संख्या 1/1/1 में से कुल खनन 342000 घन मीटर प्रति वर्ष जिस की अवधि 5 वर्ष के लिए है सैंड,बजरी, बोल्डर आदि के खनन पट्टे के लिए आयोजित जन सुनवाई की गई। जन सुनवाई में ग्रामीणों से सुझाव और आपत्तियां ली गई। ग्रामीणों ने जनसुनवाई के दौरान स्थानीय श्रमिकों को रोजगार दिए जाने खनन क्षेत्र में बांध लगाने,और सड़कों को पक्की बनवाने और कच्चे रास्तों की मरम्मत किए जाने और खनन के रास्ते पर पानी के छिड़काव किए जाने की मांग की। जनसुनवाई में ग्रामीणों की कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं की, जनसुनवाई में मौजूद ग्रामीणों ने मौखिक रूप से कहा कि हमारी फसलों को खुदाई के दौरान नुकसान न पहुंचे इसका विशेष ध्यान रखा जाए ग्रामीणों ने कहा कि स्कूल के समय खनन लोडिंग कार्य बंद रखा जाए और सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएं रास्तों पर पानी का छिड़काव रखा जाए ताकि धूल से लोग बीमार ना हो सके और स्थानीय लोगों के ट्रैक्टर ट्राली डंपर आदि वाहनों को खनिज के कार्यों में लगाकर रोजगार दिए जाए । इस दौरान खान अधिकारी सुभाष सिंह , एस डी एम मानवेन्द्र सिंह क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी डॉक्टर योगेंद्र कुमार , जेई पवनकुमार,ग्राम प्रधान चौधरी प्रदीप एडवोकेट खनन करोबारी एडवोकेट धर्मवीर सिंह एडवोकेट, राव जुबैर, वेदपाल अरविन्द, सोहन, चौधरी गोविंदा मनीराम टीटू जयकुमार कुलदीप विक्रान्त आदि किसान एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# साइबर ठगी की रकम वापस कराई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस द्वारा साईबर ठगी द्वारा एक महिला की रकम को वापस कराई गई है। रकम पाकर महिला ने पुलिस का आभार व्यक्त कर भूरी भूरी प्रशंसा भी की है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत ने बताया कि गत माह 9 अप्रैल को कोतवाली के गांव रेहड़ी ताजपुरा निवासी परवीन खतून पत्नी तौकीर आलम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा यूको बैंक खाते से साइबर ठग द्वारा 48900 रु धन राशि को ठगी कर ली गई थी। पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर एनसीआर पी पोर्टल पर थाने मे दर्ज कराई गई थी। पुलिस साईबर ठगी करने वालो के खिलाफ कार्यवाही में लगी हुई थी।

पुलिस ने साईबर अपराध करने वालो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 48900 रु की शत प्रतिशत नगदी पीड़िता परवीन खतून को वापस कराई गई है। पीड़िता ने अपनी रकम वापस पाकर कोतवाली पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए भूरी भूरी प्रशंसा की है। पीड़िता को रकम वापस कराने वाली साईबर हेल्प डेस्क टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक संजीव शर्मा कास्टेबल अमित भास्कर अजय कुमार शामिल रहे।

# GT ने SRH को 169 रन का टारगेट दिया

■ साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 61 रन बनाए, वाशिंगटन सुंदर ने 33 बाल पर 50 रन की पारी खेली, प्रफुल और साकिब ने 2-2 विकेट लिए



**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटंस ने आाईपीएल 2026 के 56वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 169 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर बालिंग चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 168 रन बनाए।

साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 61 रन बनाए। वाशिंगटन सुंदर ने 33 बाल पर 50 रन की पारी खेली। हैदराबाद के लिए प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन ने 2-2 विकेट लिए। उनके अलावा पैट कमिंस को एक विकेट मिला। गुजरात टाइटंस ने आखिरी ओवर में 10 रन जोड़कर 5 विकेट पर 168 रन बनाए। वाशिंगटन सुंदर ने 32 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन अगली ही गेंद पर आउट हो गए। साकिब हुसैन की आफ-पेस गेंद पर सुंदर बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन गेंद हवा में ऊंची चली गई। विकेटकीपर ईशान किशन ने दौड़ते हुए शानदार डाइविंग कैच पकड़ा। आखिरी गेंद पर राहुल तेवतिया ने चौका लगाकर टीम को 168 रन तक पहुंचाया। शुरुआती झटकों के बाद साई सुदर्शन और सुंदर ने पारी संभाली। सुदर्शन ने 61 रन की अहम पारी खेली। सुंदर ने 33 गेंदों में 50 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। 19वें ओवर में वाशिंगटन सुंदर ने 18 रन बटोरे। उन्होंने ओवर में दो चौके और एक शानदार छक्का लगाया।

सुंदर ने लगभग यार्कर गेंद को फाइन लेग के ऊपर से लैप कर चौका बटोरा, जबकि आखिरी गेंद पर दमदार सिक्स जड़ दिया। इससे पहले उन्होंने शार्ट गेंद पर पुल शाट खेलकर भी बाउंड्री हासिल की। इस ओवर के बाद गुजरात टाइटंस का स्कोर 19 ओवर में 158/4 पहुंच गया। प्रफुल हिंगे ने 18वें ओवर में शानदार गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 7 रन दिए। उन्होंने जेसन होल्डर और वाशिंगटन सुंदर को बड़े शाट खेलने का मौका नहीं दिया। हिंगे ने लगातार यार्कर और हार्ड लेंथ गेंदों से बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। सुंदर ने जरूर पाइंट के जरिए चौका निकाला, लेकिन बाकी गेंदों पर गुजरात खुलकर रन नहीं बना सका। 18 ओवर के बाद गुजरात का स्कोर 140/4 पहुंचा। 17वें ओवर में साई सुदर्शन तेज रन बनाने के प्रयास में अपना विकेट गंवा बैठे। साकिब हुसैन की यार्कर गेंद पर उन्होंने रिवर्स लैप खेलने की कोशिश की, लेकिन सही पोजिशन में नहीं आ सके।

गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आई और शार्ट थर्ड पर खड़े प्रफुल हिंगे के हाथों में चली गई। हिंगे ने थोड़ा असहज अंदाज में कैच जरूर पकड़ा, लेकिन मौका नहीं गंवाया। सुदर्शन 44 गेंदों में 61 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 5 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। सुदर्शन आईपीएल 2026 में 500 रन बनाने वाले पहले बैटर बने। उन्होंने लगातार तीसरी फिफ्टी लगाई। 14वें ओवर में साई सुदर्शन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए चौके के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया।

# अक्षर पटेल पर 10 लाख रुपये का जुर्माना



**धर्मशाला, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के कप्तान अक्षर पटेल पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली की टीम ने धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 55वें मैच के दौरान ने धीमी ओवर गति बनाए रखी। चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत, जो न्यूनतम ओवर गति से जुड़े अपराधों से संबंधित है, यह इस सीजन में उनकी टीम का पहला अपराध था, इसलिए अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। डीसी ने अक्षर पटेल (56) और डेविड मिलर (51) की विस्फोटक अर्धशतकीय पारियों की बदौलत पंजाब किंग्स को छह गेंदें शे रहते तीन विकेट से हराकर अपनी प्लेऑफ की उम्मीद को जिदा रखा। पंजाब किंग्स की यह लगातार चौथी हार है।

## खेल विशेष

### शबनीम इस्माइल ने रिटायरमेंट बदला

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** अनुभवी तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल को इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट के लगभग तीन साल बाद, इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए दक्षिण अफ्रीका की 15 सदस्यों वाली टीम में शामिल किया गया है। 37 साल की यह खिलाड़ी 113 टी-20 कैप और रिकॉर्ड 123 विकेट के साथ टीम में वापस आई हैं। लॉरा वोल्वार्ट की लीडरशिप में दक्षिण अफ्रीका ने चोट के बाद मारिजैन कैप और डेन वैन नीकर्क का भी स्वागत किया है, जबकि विकेट कीपर-बल्लेबाज कराबो मेसो कलाई की चोट से उबर चुकी हैं, जिसकी वजह से वह हाल ही में भारत के साथ हुई सीरीज से बाहर हो गई थीं। कायला रेनेके को एक मजबूत इंटरनेशनल सीजन के बाद अपना पहला सीनियर वर्ल्ड कप कॉल-अप मिला।

### मैं सौ प्रतिशत गेंदबाज और सौ प्रतिशत बल्लेबाज हूं: माधव

**धर्मशाला, वार्ता।** माधव तिवारी ने आईपीएल 2026 के अपने पहले मैच और लीग में कुल मिलाकर अपने दूसरे आधिकारिक मैच में गेंद और बल्ले दोनों से असर छोड़ा। पंजाब किंग्स के खिलाफ उनके प्रदर्शन ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की प्लेऑफ की बची-खुची उम्मीदों को जदि रखा और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी मिला। 22 साल के इस ऑलराउंडर ने कहा कि वह नेट्स में लगातार अपने स्किल को निखार रहे थे ताकि जरूरत पड़ने पर टीम के लिए योगदान दे सकें। दरअसल, उन्होंने पिछले मई में भी पंजाब किंग्स के खिलाफ डेब्यू किया था, लेकिन उस समय भारत और पाकिस्तान के बीच सीमापार तनाव के कारण मैच पहली पारी के बीच में ही रद्द कर दिया गया था और बाद में दोबारा खेला गया। उस मैच में तिवारी ने सिर्फ एक ओवर गेंदबाजी की थी और 14 रन दिए थे, जबकि दोबारा हुए मैच में उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। तिवारी ने कहा, सबसे पहले मैं टीम प्रबंधन का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा कि उन्होंने मुझे यह मौका दिया और मैं खुशकस्मित हूं कि टीम की जीत में योगदान दे पाया।

### ऑस्ट्रेलिया के महान टेनिस खिलाड़ी माल एंडरसन का निधन

**सिडनी, वार्ता।** टेनिस ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को बताया कि ऑस्ट्रेलिया के महान टेनिस खिलाड़ी माल एंडरसन का 91 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह यूएस चैंपियनशिप (जिसे अब यूएस ओपन कहा जाता है) जीतने वाले पहले गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी थे। एंडरसन ऑस्ट्रेलिया के युद्ध के बाद के स्वर्णिम युग का हिस्सा थे, उन्होंने 1957 में यूएस चैंपियनशिप का एकल खिताब और तीन प्रमुख युगल खिताब जीते थे। उन्होंने 1957 और 1973 में ऑस्ट्रेलिया को डेविस कप जिताने में भी मदद की थी।

# टिम डेविड पर मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना



**रायपुर, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ऑलराउंडर टिम डेविड पर आईपीएल की खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए बनी आचार सं. हता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उन्हें दो डिमेरिट पॉइंट भी दिए गए हैं। टिम को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-6 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो ऐसे हावभाव का इस्तेमाल करने से संबंधित है जो अश्लील, आपत्तिजनक या अपमानजनक हों। टिम ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी अमित शर्मा द्वारा दी गई सजा को मान लिया। आरसीबी ने इस मुकाबले में भुवनेश्वर कुमार (चार विकेट/ नाबाद सात रन) और क्रुणाल पांड्या (73) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रविवार को आईपीएल 2026 के 54वें मुक. ाबले में आखिरी गेंद पर मुम्बई इंडियंस को दो विकेट से शिकस्त दी।

# प्लेऑफ में जगह पक्की करने उतरेगी RCB



**रायपुर, वार्ता।** प्लेऑफ का रास्ता अब मुश्किल होता जा रहा है, दबाव बढ़ता जा रहा है, और रायपुर की तेज गर्मी में, दो ऐसी टीमें जिनकी अब तक की यात्रा बिल्कुल अलग रही है, एक ऐसी टक्कर के लिए तैयार हैं जो इंडियन प्रीमियर लीग में उनके पूरे सीजन का भविय तय कर सकती है। डिफेंडिग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, आईपीएल 2026 के ज्यादातर हिस्से में एक ऐसी टीम की तरह दिखी है जो पूरी तरह से नियंत्रण में है।

शांत, संयमित और खतरनाक, उन्होंने 11 मैचों में सात जीत के साथ धीरे-धीरे अपनी लय बनाई है और अब वे एक और बार प्लेऑफ में पहुंचने की कगार पर खड़े हैं। लेकिन उनके सामने एक ऐसी टीम आ रही है जिसने ठीक सही समय पर अपना खोया हुआ आत्मविश्वास फिर से पा लिया है-एक नई ऊर्जा से भरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम, जिसने खुद को टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार से खींचकर वापस मुक. ाबले में ला खड़ा किया है। जब बुधवार की रात ए दोनों टीमें शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैदान पर उतरेंगी, तो दांव पर सिर्फ दो अंक ही नहीं होंगे। बल्कि दांव पर होगी टीम की लय, आत्मविश्वास और शायद पूरे अभियान की दिशा। आरसीबी का यह सीजन एक बार फिर विराट कोहली की मौजूदगी से ही आगे बढ़ा है। हो सकता है कि अब वह अकेले ही टीम का सारा बोझ न उठाते हों, लेकिन वह अब भी इस बेंगलुरु टीम की भावनात्मक धड़कन बने हुए हैं। उनके बनाए 379 रन पूरी दबंगई और इरादे के साथ आए हैं, उन्होंने पारी की शुरुआत में ही टीम के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है, जिससे उनके आस-पास के दूसरे खिलाड़ियों को भी खुलकर खेलने का मौका मिला है। कप्तान रजत पाटीदार ने पारी के बीच के ओवरों में निडरता का परिचय दिया है, वह क्रीज पर आते ही गेंदबाजों पर हमला बोल देते हैं। फिर टीम के पास टिम डेविड जैसा 'फिनिशर' भी है, जिसने पारी के आखिरी ओवरों को विपक्षी गेंदबाजों के लिए पूरी तरह से अफरा-तफरी और मुश्किलों से भरे पलों में बदल दिया है। और जब पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ हालात मुश्किल हो गए थे, तो क्रुणाल पांड्या ही थे जिन्होंने एक ऐसी जुझारू और दमदार पारी खेली, जिसकी जरूरत अक्सर चैंपियन टीमों को होती है। मांसपेशियों में खिचाव, दबाव और लड़खड़ाती हुई रन-चेज जैसी तमाम मुश्किलों से जूझते हुए, उन्होंने 46 गेंदों में 73 रनों की एक शानदार पारी खेलकर आरसीबी को जीत दिलाई। गेंदबाजी के मोर्चे पर, हमेशा की तरह बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भुवनेश्वर कुमार ने एक बार फिर अपने पुराने दिनों की याद ताजा कर दी है।

# ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे स्थान पर पहुंचे केएल राहुल



**धर्मशाला, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल आईपीएल में सर्वाधिक रनों के लिए ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ सोमवार को बेहद जरूरी जीत दर्ज की, जिससे प्लेऑफ में पहुंचने की उनकी उम्मीदें जदि रहीं।

हालांकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केएल राहुल वैसा योगदान नहीं दे पाए, जैसा वह चाहते थे। लेकिन 8 गेंदों पर 9 रन बनाकर वह इस सीजन के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में नंबर 3 से नंबर 2 पर पहुंच गए। उन्होंने अब तक 12 पारियों में 177-98 के स्ट्राइक रेट से 477 रन बनाए हैं। मंगलवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) का मुकाबला गुजरात टाइटंस (जीटी) से है, इसलिए राहुल की यह पोजशिन सुरक्षित नहीं है। अभिोक शर्मा (475) और उनके सबसे पुराने व अच्छे दोस्त शुभमन गिल (462) उनके बेहद करीब हैं। वहीं हेनरिक क्लासेन 11 पारियों में 157-32 के स्ट्राइक रेट से 494 रन बनाकर शीर्ा पर हैं। उनके पास भी अपनी बढ़त को और मजबूत करने का मौका है। पर्पल कैप लीडरबोर्ड 2016 और 2017 में लगातार दो बार पर्पल कैप जीतने वाले भुवनेश्वर कुमार ने साफ कर दिया है।

# गेंदबाजी और फील्डिंग ने हमसे मैच छीन लिया: श्रेयस अय्यर



**धर्मशाला, वार्ता।** पंजाब किंग्स की लगातार चौथी हार के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि सोमवार को उनकी गेंदबाजी और फील्डिग ने टीम को मैच हराया, क्योंकि बल्लेबाजी में उन्होंने 5 विकेट पर 210 रन बनाए थे। पंजाब के क्षेत्ररक्षकों ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बल्लेबाजों के दो कैच छोड़े। वे इस सीजन में अब तक कुल 19 कैच छोड़ चुके हैं, जो किसी भी टीम से सबसे ज्यादा हैं।

अय्यर ने कहा, मैं बात घुमाऊंगा नहीं। मैं यही कहूंगा कि फिर से फील्डिग और गेंदबाजी के कारण हम मैच में पीछे गए। इस विकेट पर, जहां गेंद सीम कर रही थी और उछाल अलग-अलग थी, हमने कम से कम 30 रन ज्यादा बनाए थे। जब उनसे पूछा गया कि आईपीएल इतिहास के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने पंजाब की गेंदबा. जी में एक भी गेंद क्यों नहीं डाली, तो अय्यर ने कहा: उन्हें गेंद देने का बिल्कुल विचार था, लेकिन जिस तरह गेंद सीम कर रही थी और तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही थी, तो हमें लगा कि अगर हम अपनी लाइन और लेंथ पा लें, तो विकेट निकाल सकते हैं। लेकिन दुर्भाग्य से हम ऐसा नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि मैं कोई बहाना नहीं देना चाहता इसलिए यह कहूंगा कि फील्डिग और गेंदबाजी एक बार फिर हार का कारण रही। स्कोर बहुत अच्छा था और मुझे लगा कि हमने 30 रन अधिक बनाए थे क्योंकि परिस्थितियां कठिन थी और गेंद सीम कर रही थी।

चहल से गेंदबाजी कराना मन में था लेकिन जिस तरह से गेंद सीम कर रही थी और मूव कर रही थी उसे देखते हुए मैंने तेज गेंदबा. जों से गेंदबाजी कराने का फैसला किया लेकिन हम विकेट हासिल नहीं कर पाए। दिल्ली कैपिटल्स के सामने 211 का लक्ष्य भी था। पावरप्ले में ही दिल्ली कैपिटल्स ने तीन विकेट गंवा दिए थे और ट्रिस्टन स्टब्स दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से रन आउट भी हो गए थे।

# नीरज चोपड़ा की वापसी में देरी

■ सचिन यादव रोम में डायमंड लीग में डेब्यू की तैयारी में




**रोम, वार्ता।** भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव 4 जून को प्रतिठित एथलेटिक्स सीरीज के रोम चरण में डायमंड लीग में अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। खास बात यह है कि इस मीट की एंट्री लिस्ट में ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा का नाम शामिल नहीं है। नीरज चोपड़ा, जो इस समय तुर्की में ट्रेनिग और रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने का इलाज) कर रहे हैं, उन्होंने अभी तक अपना 2026 एथलेटिक्स सीजन शुरू नहीं किया है।

उन्हें आखिरी बार सितम्बर में टोक्यो में हुई विश्व चैंपियनशिप में एक्शन में देखा गया था, जहां उन्होंने पीठ की चोट के बावजूद मुकाबला किया था और निराशा. जनक रूप से आठवें स्थान पर रहे थे। नीरज की गैरमौजूदगी में, रोम में सभी की नजरें सचिन यादव पर होंगी, जिन्हें पुरुों की भाला फेंक प्रतियोगिता के लिए आठ प्रतिस्पर्धियों में शामिल किया गया है। 26 वीर्य सचिन पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय इवेंट में हिस्सा लेंगे। वह फाइनल में 86-27मी के अपने सर्वश्रेठ थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे थे और पदक जीतने से बाल-बाल चूक गए थे। उन्होंने पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीता था। रोम 2026 डायमंड लीग में सचिन का मुकाबला कई दिग्गज खिलाड़ियों से होगा, जिनमें ग्रेनाडा के पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स, जर्मनी के जूलियन वेबर, रियो 2016 के चैंपियन जर्मनी के थॉमस रोहलर और टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता चेकिया के याकूब वाडलेज शामिल हैं। अमे. रिका के कर्टिस थॉम्पसन, पोलैंड के डेविड वेगनर और श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिरगे - जो इस समय दुनिया के शीर्ा खिलाड़ी हैं भी इस मुकाबले में शामिल होंगे। सचिन यादव ने अप्रैल में नई दिल्ली में हुई इंडियन एथलेटिक्स सीरीज मीट के साथ घरेलू सर्किट पर अपना 2026 सीजन पहले ही शुरू कर दिया है।

# यूरोपियन टी-20 प्रीमियर लीग में डबलिन गार्डियंस के मालिक बने राहुल द्रविड़

**डबलिन, वार्ता।** पूर्व भारतीय कप्तान और टी-20 विश्व कप विजेता कोच राहुल द्रविड़ को यूरो. पियन टी-20 लीग (ईटीपीएल) की टीम डबलिन गार्डियंस का मालिक घोाित किया गया है।

यह ईटीपीएल की छह टीमों में से एक है, जो अगस्त 2026 में शुरू होने वाली छह टीमों की लीग में हिस्सा लेगी। क्रिकेट आयरलैंड, क्रिकेट स्कॉटलैंड और रॉयल डच क्रिकेट एसोसिएशन के साथ साझेदारी में शुरू की गई इस लीग में डबलिन, बेलफास्ट, एडिनबर्ग, ग्लासगो, रोटर्डम और एम्स्टर्डम की टीमें शामिल हैं। यह यूरोप की पहली आईसीसी -मान्यता प्राप्त बहु-देशीय फ्रेंचाइजी टी-20 लीग भी है।

द्रविड़ ने एक बयान में कहा कि ईटीपीएल की जो बात मुझे सबसे ज्यादा आकर्ाित कर गई, वह इसका बड़ा विजन था। इस लीग से आयरलैंड और पूरे यूरोप में ग्रासरूट डेवलपमेंट को मजबूत करके, उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए रास्ता बनाकर क्रिकेट को आगे बढ़ाने का मौका है। डबलिन में पहले से ही क्रिकेट को लेकर जुनूनी समुदाय है और यहां विकास की काफी संभावनाएं हैं। अगली पीढ़ी को तैयार करना हमेशा मेरे लिए अहम रहा है और मुझे लगता है कि ईटीपीएल इस सफर में अहम भूमिका निभा सकती है। बॉलीवुड स्टार अभिोक बच्चन की सह-मालिकाना वाली इस लीग में कई पूर्व और मौजूदा अंतर्राट्रीय क्रिकेटरों की टीमें शामिल हैं, जिसमें ग्लेन मैक्सवेल (आयरिश वुल्व्स के सहमालिक), स्टीव वॉ (एम्स्टर्डम फ्लेम्स के सहमा. लिक), नेथन मैकुलम -काइल मिल्स (एडिनबर्ग कैसल रॉकर्स के मालिक), क्रिस गेल (ग्लासगो कॉस्मिक के सहमालिक) और जोंटी रोड्स-फाफ डु प्लेसी-हेनरिक क्लासेन (रोटर्डम डॉकर्स के मालिक) प्रमुख नाम हैं। डु प्लेसी और मैक्सवेल तो इस लीग में खेलते भी नजर आएंगे।

# एसडीएम व सीओ करें अवैध खनन की समीक्षा: डीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने अवैध खनन, अवैध परिवहन मे दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट में यथाशीर्घ चार्जशीट दाखिल करने तथा जिन प्रकरणों में गैंग बनाकर अपराध सम्पादित किये गये हो उनमें गैंगस्टर की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी श्री चौहान आज कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला टास्क फोर्स की बैठक में दिशा-निर्देश रहे थे। उन्होंने सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी पुलिस को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित कर लें कि किसी भी दशा में अवैध खनन, अवैध परिवहन न होने पाए। अवैध खनन की पुष्टि होने पर सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी पुलिस का उत्तर दायित्व निर्धारित करते हुये जिम्मेदारी तय की जाएगी। श्री चौहान ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) को निर्देशित किया कि अस्पष्ट नम्बर प्लेट, बिना नम्बर प्लेट, ग्रीस लगे नम्बर प्लेट एवं किसी प्रकार की नम्बर प्लेट से छेडछाड वाले वाहनो के विरूद्ध कडी कार्यवाही करते हुये, प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए।

उन्होन कहा कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया गया कि राजस्व व पुलिस कर्मियों की जो डयूटी लगायी गयी है वहां से बिना रॉयल्टी के वाहन न निकलने पाये। संलिप्तता पाए जाने पर संबंधित कार्मिकों के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गये कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी दिये गये निर्देशों एवं कार्यवाहियों की निरंतर समीक्षा बैठक कर सुनिश्चित करें कि किसी भी दशा में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन न होने पाए। इस अवसर पर एसपी देहात मंयक पाठक, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, डीएफओ शुभम सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन एम. पी सिंह, उपजिलाधिकारी सदर सुबोध कुमार, उपजिलाधिकारी बेहट मानवेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी नकुड़ सुरेन्द्र कुमार, खनन अधिकारी सुभाष, संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# जिला जज व न्यायिक अधिकारियों ने की स्व-गणना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम अधिकारियों ने स्व-गणना कार्यक्रम को गति देते हुए जिला जज सतेंद्र कुमार सहित अनेक न्यायिक अधिकारियों, सिविल बार में अधिवक्ताओं और पुलिस लाइन में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को आज स्व-गणना करायी।

उल्लेखनीय है कि जनगणना-2027 के लिए गत सात मई से डिजीटल स्व-गणना का कार्य कराया जा रहा है, जो 21 मई तक चलेगा। सिविल कोर्ट में न्यायिक अधिकारियों ने भी स्व-गणना के प्रति अभिरुचि दिखाते हुए डिजीटल स्व-गणना की। जिला जज सतेंद्र कुमार का स्व-गणना कार्य में बहुत सहयोग रहा। उन्होंने स्वयं भी अपने मोबाइल से स्व-गणना की। बाद में निगम के कर निर्धारण अधिकारी व जोन दो के सह प्रभारी सुधीर शर्मा ने सिविल बार एसोसियेशन के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में अन्य अधिवक्ताओं को भी डिजीटल स्व-गणना करायी। सुधीर शर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति निर्भीक होकर डिजीटल स्व-गणना कर सकता है। सभी का डाटा सुरक्षित रहेगा और किसी से न तो साझा किया जायेगा और न उसे किसी के द्वारा चुराया जा सकता है। इसी कड़ी में जोन तीन के प्रभारी व सहायक नगरायुक्त जेपी यादव के नेतृत्व में आज पुलिस लाइन में भी बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को डिजीटल स्व-गणना नगर निगम की टीम द्वारा करायी गयी। सहायक नगरायुक्त जे पी यादव ने स्वयं भी अपने मोबाइल से अपनी स्व-गणना कर निगम के अन्य कर्मचारियों को स्व-गणना के लिए प्रेरित किया।

# निगम ने लगाया बिना लाइसेंस मीट व्यापार पर 10 हजार का जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज जोगियान पुल पर बिना लाइसेंस मीट का व्यापार करने वाले तथा अतिक्रमण व गंदगी फैलाने वाले तीन दुकानदारों से 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया। निगम अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि कोई भी दुकानदार बिना लाइसेंस के मीट की दुकान संचालित करता पाया जायेगा तो उसकी दुकान सील कर दी जायेगी।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा आज प्रवर्तन दल के साथ शहर में मीट की दुकानों का निरीक्षण करते हुए पुल जोगियान पहुंचे तो तीन दुकानदारों को बिना लाइसेंस व्यापार करते पाया। इसके अलावा उक्त दुकानदारों ने दुकानों के बाहर अतिक्रमण भी किया हुआ था और दुकानों में तथा दुकान के आस पास गंदगी भी व्याप्त थी। इस पर पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी ने तीनों दुकानों का चालान करते हुए दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया। उन्होंने शहर में मीट का व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को नगर निगम से अपनी दुकानों का व्यवसायिक लाइसेंस बनवाने के लिए तीन दिन का समय दिया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शहर में कोई भी मीट व्यवसायी बिना लाइसेंस दुकान संचालित करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उसकी दुकान सील कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई दुकानदार खुले में मीट बेचते हुए या गंदगी फैलाते हुए पाया गया तो उस पर भारी जुर्माना लगाते हुए उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होने मीट व्यापारियों से निगम का सहयोग किये जाने की अपील की।

# नगर आयुक्त ने दिए स्थलीय निरीक्षण के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**सहारनपुर।** नगर निगम में आज जनसुनवाई के दौरान आयी साफ-सफाई से सम्बंधित समस्याओं के लिए नगरायुक्त शिपू गिरि ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कराकर अविलंब समस्याओं के निदान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई सम्बंधी समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लेकर उनका समाधान कराएं।





जनसुनवाई में आज आयी 11 समस्याओं में से सफाई सम्बंधी एक समस्या का तत्काल समाधान कराया गया। वार्ड संख्या 32 खानआलमपुरा निवासी मौ. निजाम, वार्ड 31 मानकमऊ दक्षिणी भारत डेरी वाली गली निवासी साजिद अंसारी, वार्ड संख्या 47 हिरन मारान निवासी लव भटनागर, वार्ड संख्या 23 मौ. अंसारियान छोटा इमामबाड़ा निवासी इंतजार जैदी, इसी वार्ड के लियाकत जैदी,वार्ड 19 गोपाल नगर निवासी नगेंद्र कुमार, वार्ड 16 साउथ सिटी निवासी दीपक गोयल व वार्ड 44 बुद्ढी माई चौक निवासी शाहबुद्दीन ने अपने -अपने मौहल्लों व कॉलोनियों में नालियों और गलियों की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए थे जिस पर नगरायुक्त ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षकों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई करने को कहा। इसके अलावा वार्ड संख्या 42 भारत माता चौक नुमाईश कैंप निवासी संजय ने भारत माता चौक स्थित ऊपरी मंजिल की दुकानों से साइन बोर्ड व फलेक्स हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि इनके कारण ऊपरी मंजिल के दुकानदारों का रोजगार प्रभावित हो रहा है। वार्ड 47 के लव भटनागर ने हिरन मारान में नालियों से अतिक्रमण हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। नगरायुक्त ने उक्त दोनों प्रकरणों में प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण के उपरांत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव व मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार व मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद सहित सभी विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

# वरिष्ठ अधिवक्ता अजीज हसन का इंतकाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर के जाने माने वरिष्ठ अधिवक्ता काजी अजीज हसन एडवोकेट का मामूली बीमारी के बाद इंतकाल हो गया। उनके इंतेकाल पर सामाजिक, राजनैतिक, शैक्षणिक व अधिवक्ताओं ने दुख का इजहार किया। नमाज ए जनाजा मौहल्ला काजी स्थित मस्जिद में बाद नमाज ए इशा अदा की गयी। ब्लॉसम पब्लिक स्कूल के रहमान अजीज व युवा अधिवक्ता जीशान अजीज के वालिद काजी अजीज हसन एडवोकेट का मामूली बीमारी के चलते इंतकाल हो गया है। उनके निधन से शैक्षणिक और सामाजिक क्षेत्र में एक ऐसा शून्य पैदा हो गया है जिसे भरना नामुमकिन है। उनके इंतकाल पर वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद औसाफ गुड्डू ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि काजी अजीज हसन एक नेक इंसान और मार्गदर्शक थे, उन्होने कई किताबे भी लिखी है। अल्लाह तआला मरहूम की मगफिरत फरमाए, उन्हें जन्नत-उल-फिरदौस में आला मकाम अता करे और उनके परिवार व चाहने वालों को यह दुख सहने की शक्ति (सब्र-ए-जमील) अता फरमाए। मोहल्ला शाह विलायत निवासी अजीज हसन को रात्रि दस बजे गुघाल मेला फव्वारा स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक किया गया। उनके पुत्र जीशान अजीज एडवोकेट ने बताया कि वह 90 वर्ष के बाद भी उनका स्वास्थ्य बेहतर रहा। वह एक अच्छे लेखक भी थे। उन्होंने कई मजहबी, दुनियावी व ऐतिहासिक किताबें भी लिखी।

# पुलिस को हरा फाइनल में पहुंचा सहारनपुर थंडर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गली मोहल्ला कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में सहारनपुर थंडर ने सहारनपुर पुलिस को 2 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।





मैच ट्रफस्टार क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सहारनपुर पुलिस की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 160 रन बनाए। टीम की ओर से सागर कुमार ने 55, विनित ने 34 तथा मुकेश ने 27 रन का योगदान दिया। सहारनपुर थंडर की ओर से गौरव पंवार ने 3 और मनोज ठाकुर ने 2 विकेट लिए।161 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सहारनपुर थंडर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से विनित माजरा ने 67, अंकित ने 39 और वैभव ने 28 रन बनाए। सहारनपुर पुलिस की ओर से अक्षय ने 5 विकेट हासिल किए, जबकि सन्नी, कासिम और विनित ने 1-1 विकेट लिया।ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के लिए विनित माजरा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।इस मौके पर गली मोहल्ला क्रिकेट एसोसिएशन के बाबा इंदर प्रीत, राकेश रस्तोगी, शुभम, यूपीसीए चौलेंजर कमेटी के सदस्य साजिद उमर तथा सहारनपुर जिला क्रिकेट संगठन से लतीफ उर रहमान, पीयूष राणा, बलविंदर, नवीन, वीरेंद्र पुंडीर, सौरव, रोहित, सुभाष, मोनू तरार, यशपाल और दीपक चौधरी मौजूद रहे।

# खबर का असर- मंगाना पड़ा टैंकर, कराया छिड़काव

**सरसावा।** शाहजहांपुर में निर्माणाधीन पुल के सर्विस मार्ग पर उड़ रही धूल को लेकर शाह टाइम्स में प्रकाशित खबर और वायरल वीडियो का असर देखने को मिला है। दो दिन पहले सामने आए वीडियो में दिखाया गया था कि राज्य सेतु निगम द्वारा धूल को दबाने के लिए ड्रमों के माध्यम से पानी का छिड़काव कराया जा रहा था, जिससे दुकानदारों एवं वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

वीडियो वायरल होने के बाद विभागीय अधिकारियों में हलचल मच गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य सेतु निगम के अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से टैंकर की व्यवस्था कराई। अब निर्माणाधीन पुल के शाहजहांपुर नकुड एवं चिलकाना मार्ग की ओर सर्विस मार्ग पर नियमित रूप से टैंकर के जरिए पानी का छिड़काव किया जा रहा है, ताकि उड़ती धूल पर नियंत्रण पाया जा सके और लोगों को राहत मिल सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले धूल के कारण सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा था, लेकिन अब टैंकर से हो रहे छिड़काव से स्थिति में सुधार दिखाई दे रहा है।

लोगों ने उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य पूरा होने तक इसी तरह नियमित व्यवस्था जारी रखी जाएगी।

# 58 वार्डों में सफाई के लिए सृजित होंगे दो हजार पद

**सहारनपुर।** शहर के नाले-नालों और सड़कों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए नगर निगम महानगर के 58 वार्डो में समग्र सफाई व्यवस्था लागू करेगा।

58 वार्डो में सफाई के लिए करीब दो हजार नये पद भी सृजित होंगे। नयी व्यवस्था में सफाई कर्मियों एवं टीम लीडर्स के रुप में बड़ी संख्या में न केवल सफाई मित्रों को रोजगार मिलेगा, बल्कि हर रोज शहर की सड़कों व नाले-नालियों की सफाई, समय से कूड़ा उठान और उसका निस्तारण, शौचालयो की सफाई, सॉलिड वेस्ट का कलेक्शन और उसका पृथक्करण आदि कार्य एक सुनिश्चित व्यवस्था के साथ कराये जायेंगे। 58 वार्डो की समग्र सफाई व्यवस्था पर सफाई मित्रों के नेता सोनी आजाद व राहुल बाल्मीकि ने अपनी-अपनी यूनियन के पदाधिकारियों के साथ आज नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रवीन शाह से निगम में मुलाकात की और कुछ बिंदुओं पर अपनी शंकाएं व्यक्त की। इस पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने उक्त नेताओं को बताया कि नयी व्यवस्था में बड़ी तादाद में लोगों के रोजगार का रास्ता खुलेगा। अभी तक सभी 70 वार्डो की सफाई व्यवस्था नगर निगम कर रहा था। जिसमें 259 स्थायी, 156 संविदा तथा 1434 आउट सोर्सिंग पर यानि कुल 1849 सफाई मित्र कार्य कर रहे थे। नयी व्यवस्था में नगर निगम जिन 12 वार्डो की सफाई व्यवस्था स्वयं करायेगा उनमें 259 स्थायी तथा 156 संविदाकर्मी कार्य करेंगे। जबकि समग्र सफाई व्यवस्था के तहत 58 वार्डो में 3235 आउट सोर्सिंग सफाई कर्मी तथा 162 टीम लीडर्स काम करेंगे। इन 58 वार्डो में 50 प्रतिशत गलियां घनी आबादी युक्त, 30 प्रतिशत गलियां मध्यम आबादी युक्त और 20 प्रतिशत गलियां विरल आबादी के लिए सीपीएचईईओ (केंद्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण इंजीनियरिंग संगठन) के मानकों के अनुरुप रहेंगी। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि आउट सोर्सिंग कर्मियों को निगम द्वारा वर्तमान में प्रतिदिन 422.85 तथा ईएसआई व ईपीएफ दिया जा रहा है। समग्र सफाई व्यवस्था के तहत भी प्रतिदिन 422.85 तथा ईएसआई व ईपीएफ ( नियमानुसार) प्रत्येक माह समय से कर्मचारियों के बैंक खाते में भेजना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने उक्त यूनियन नेताओं को बताया कि नयी व्यवस्था में 58 वार्डो के अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में एक सफाई नायकध्कार्यवाहक सफाई नायक को तैनात किया जायेगा और पूर्व की तरह उनके द्वारा सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग व वेरिफिकेशन, जन्म-मृत्यु का स्थलीय सत्यापन, सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम सम्बंधी दायित्व रहेंगे।

## बछिया को कुत्तों ने नोचा

**तीतरों।** आवारा कुत्तों के झुंड ने बछिया को नोच डाला। इसके बाद बछिया की मौत हो गई। आवारा कुत्तों के कारण कस्बावासी परेशान है।

कस्बा निवासी एडवोकेट जोगेंद्र प्रताप की गाय ने बीस दिन पहले ही बछिया को जन्म दिया था। आवारा कुत्तों का झुंड दीवार फांदकर घेर में घुस आया तथा उसने बछिया को नोच डाला। गंभीर रूप से घायल होने के कारण कुछ देर के बाद ही बछिया की मौत हो गई।

क्षेत्र में आवारा कुत्तों के झुंड से मवेशियों की मौत का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कुत्तों के काटने के कारण कस्बा निवासी एक बुजुर्ग की मौत हो चुकी है।

# एसडीए की कार्रवाई में दो निर्माण सील



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर विकास प्राधिकरण द्वारा विकास क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अनाधिकृत निर्माण कार्यो के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। उपाध्यक्ष एवं सचिव के निर्देश पर मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए दो अवैध निर्माणों को सील किया गया।

प्राधिकरण की टीम ने जोन-2 क्षेत्र में अमन पैलेस के पास चिलकाना रोड पर मौ. शमीम द्वारा लगभग 40 वर्गमीटर क्षेत्र में किए जा रहे पूर्व निर्मित भूतल पर प्रथम एवं द्वितीय तल के निर्माण कार्य को सील कर दिया। वहीं जोन-06 क्षेत्र में मुख्य मार्ग नवादा रोड पर लक्ष्यपाल द्वारा लगभग 250 वर्गगज भूखंड पर कराए जा रहे दीवार निर्माण के कार्य पर भी सीलिंग की कार्रवाई की गई। विकास प्राधिकरण अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना स्वीकृति किए जा रहे निर्माण कार्यो के खिलाफ आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# लोगों के दिलों में आज भी बसे निरीक्षक आनन्द

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** नगर निगम में वर्षों पहले तैनात रहे सफाई निरीक्षक आनंद कुमार आज भी अपनी कार्यशैली, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा को लेकर लोगों के दिलों में खास स्थान बनाए हुए हैं।

भले ही उनका तबादला कुछ वर्ष पूर्व सहारनपुर से आगरा नगर निगम में क्यों न हो गया हो, लेकिन आज भी उनसे जुड़े वार्डो की जनता उन्हें याद कर उनकी प्रशंसा करती हुई दिखाई देती है,आनंद कुमार अपने कार्यकाल के दौरान सफाई व्यवस्था को लेकर बेहद गंभीर और सक्रिय रहते थे, चिलचिलाती गर्मी हो या फिर कड़ाके की सर्दी,वह सुबह लगभग 5 बजे ही अपने घर से निकलकर सीधे वार्डों में पहुंच जाते थे और स्वयं मौके पर खड़े होकर सफाई कार्य का निरीक्षण किया करते थे। वह अपने अधीनस्थ सफाई कर्मचारियों को बेहतर कार्य करने के निर्देश देने के साथ-साथ आम जनता को भी स्वच्छता के प्रति लगातार जागरूक करने का कार्य करते थे। उनके वार्ड से जुड़े आज भी कुछ लोगों का कहना है कि आनंद कुमार केवल कार्यालय तक सीमित रहने वाले अधिकारी नहीं थे,बल्कि वह स्वयं सड़कों पर उतरकर कर्मचारियों के साथ सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में जुटे रहते थे। यही कारण था कि उनके कार्यकाल में संबंधित वार्डों की सफाई व्यवस्था काफी बेहतर मानी जाती थी। वर्तमान समय में आज स्थिति यह है कि नगर निगम की सफाई व्यवस्था को लेकर कई वार्डों में जनता नाराज दिखाई देती है। लोगों का कहना है कि आज जहां सफाई कर्मचारी तो सुबह अपने कार्य पर पहुंच जाते हैं,लेकिन अधिकांश सफाई निरीक्षक अपने अपने वार्डों में दिखाई ही नहीं देते हैं। इसका मुख्य कारण यही है कि नियमित निरीक्षण और मार्गदर्शन के अभाव में अन्य वार्डो की सफाई व्यवस्था लगातार प्रभावित होती हुई दिखाई देती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर निगम को आनंद कुमार जैसे कर्मठ,जिम्मेदार और मेहनती अधिकारियों की आवश्यकता है,जो अपने आराम और निजी सुख-सुविधाओं से ऊपर उठकर जनता की सेवा को प्राथमिकता दें।


## एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ आज

**सहारनपुर।** समाज सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शाह हारून चिश्ती एजुकेशनल कल्चरल एंड सोशल सोसाइटी द्वारा शहर में कल (आज) नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा समर्पित की जा रही है।

सोसायटी के उपाध्यक्ष मौहम्मद आबिद नजर ने बताया कि इस सेवा का औपचारिक उद्घाटन मेला गुघाल चौक फव्वारा स्थित ब्लू हेवन गार्डन के कम्यूनिटी हॉल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। इस दौरान पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान, पदमश्री भारत भूषण, चिराग सिंह अरोरा, हाजी साजिद मियां नासिर, मनमीत बजाज, मसूद बदर विशिष्ट अतिथि के रूप में होंगे।

# श्रीराम कथा में भगवान राम के विवाह का वर्णन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर कम्बोहमजरा में आयोजित श्रीराम कथा में भगवान राम के विवाह विधान के बारे में बताया गया।

प्रसिद्ध कथावाचक पंडित संजय प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि मानव को कभी दिखावा नही करना चाहिए कर्ज लेकर झूठी शान शौकत दिखाने से बेहतर है कि सादगी से प्रभू स्मरण कर जीवन व्यतीत करे। झूठा दिखावा एक न एक दिन समाज के सामने आपका वास्तविक रूप प्रकट कर देगा तब वही समाज आपको लज्जा की दृष्टि से देखेगा। उन्होंने कहा कि श्रृद्धाभाव से कथा सुनने मात्र से श्रोता के अनेक संकट दूर हो जाते है। हमें सुख व दु:ख में भगवान का बराबर स्मरण करना चाहिए भगवान भक्त के भाव के भूखे होते है श्रृद्धाभाव से किये गये भगवान के स्मरण से भक्त के जीवन के संकटों मे कमी आती है। कथा में भाजपा नेत्री प्रियवदा सिंह राणा ने पहुंच कथा का श्रवण कर व्यासपीठ से आशीर्वाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर महंत संतोषदास, पत्रकार नरेन्द्र काम्बोज, समाजसेवी हिमांशु सैनी, श्याम सुंदर सैनी, प्रेमचंद राणा, बूटा राम, बाबू प्रेमचंद, पंडित रामकुमार शर्मा, गौरव कश्यप, रवि काम्बोज, कार्तिक काम्बोज, बबली, पंकेश, बाला देवी, अनुज देवी, अनु, आस्था आदि मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## फिर पेपर लीक

3 मई 2026 को आयोजित की गई नीट यूजी परीक्षा को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने पेपर लीक के पुख्ता सबूत मिलने के बाद 12 मई 2026 को रद्द कर दिया है। यह निर्णय न केवल 22 लाख से अधिक उम्मीदवारों के लिए एक बड़ा झटका है, बल्कि देश की सबसे प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं में से एक की विश्वसनीयता पर भी गंभीर सवाल उठाता है। उधर, पेपर लीक के आरोपों के बीच नीट परीक्षा रद्द होने पर नाराजगी सामने आने लगी है। एक तरफ तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री स्टालिन ने इसे स्कैम बता डाला है। वहीं, राहुल गांधी ने भी इसको लेकर नाराजगी जताई है। राहुल गांधी ने फेसबुक पोस्ट में लिखा है कि नीट का पेपर लीक सिर्फ नाकामी नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ अपराध है। स्टालिन ने यह भी सुझाव दे डाला है कि 12वीं के नंबरों के आधार पर एमबीबीएस में एडमिशन दिया जाए। एक्स पर लिखी एक पोस्ट में स्टालिन ने कहा कि इस साल एक बार फिर नीट परीक्षा में अनियमितता देखने को मिली है। इसके चलते परीक्षा रद्द हुई और लाखों परीक्षार्थियों को मानसिक तनाव से गुजरना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा के हर चरण में धांधली हुई है। वहीं, राहुल गांधी ने लिखा कि नीट 2026 की परीक्षा रद्द हो गई। 22 लाख से ज्यादा छात्रों की मेहनत, त्याग और सपनों को इस भ्रष्ट भाजपाई व्यवस्था ने कुचल दिया। किसी पिता ने कर्ज लिया, किसी मां ने गहने बेचे। लाखों बच्चों ने रात-रात भर जागकर पढ़ाई की और बदले में मिला, पेपर लीक। कांग्रेस सांसद ने लिखा कि सरकारी लापरवाही और शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार। यह सिर्फ नाकामी नहीं, युवाओं के भविष्य के साथ अपराध है। राहुल गांधी आगे लिखते हैं कि हर बार पेपर माफिया बच निकलते हैं और ईमानदार छात्र सजा भुगतते हैं। अब लाखों छात्र फिर से वही मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और अनिश्चितता झेलेंगे। अगर अपनी तकदीर परिश्रम से नहीं, पैसे और पहुंच से तय होगा, तो फिर शिक्षा का मतलब क्या रह जाएगा? उन्होंने लिखा है कि प्रधानमंत्री का तथाकथित अमृतकाल, देश के लिए विषकाल बन गया है। डीएमके चीफ ने नीट परीक्षा को ही खत्म करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि फिर से नीट परीक्षा कराने का मतलब, समय की बर्बादी और छात्रों में कंफ्यूजन। उन्होंने सुझाव दिया कि जैसा पहले होता था, बारहवीं क्लास के नंबरों के आधार पर एमबीबीएस की सीट दी जानी चाहिए। उन्होंने तमिलनाडु की नवनिर्वाचित सरकार से भी अपील की कि वह नीट को लेकर मजबूत रवैया अपनाएं। साथ ही पुराने द्रविड़ियन मॉडल सरकार के लिए कानूनी रास्ता अख्तियार करें और नीट से छुटकारा दिलाएं। सरकार ने सीबीआई को इन अनियमितताओं की विस्तृत जांच करने का आदेश दिया। एनटीए ने कहा कि यह परीक्षा अलग से अधिसूचित तिथियों पर पुन: आयोजित की जाएगी।

## श्रीमुख से...

### दो मिनट में लग सकता है शराब पर प्रतिबंध



केंद्र सरकार राजस्व के नुकसान की भरपाई कर दे, तो जम्मू-कश्मीर सरकार दो मिनट में शराब पर प्रतिबंध लगा सकती है, वह व्यक्तिगत रूप से शराब का सेवन नहीं करते हैं, लेकिन उनका मानना है कि जो लोग पीते हैं, वे स्थानीय स्तर पर उपलब्ध न होने की स्थिति में इसे जम्मू- कश्मीर के बाहर से मंगवा लेंगे, जो पीते हैं, वे पिएंगे ही, जो लोग आवाज उठा रहे हैं, उनसे पूछिए कि शराब पीने वाले लोग कौन हैं, पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने उनके पिता और तत्कालीन मुख्यमंत्री शेख अब्दुल्ला से राज्य में शराब की बिक्री बंद करने के लिए कहा था, मेरे पिता ने उनसे कहा था कि अगर केंद्र हमें वह राजस्व दे दे, जो हम इससे कमाते हैं, तो हम इसे बंद कर देंगे, उसके बाद कुछ नहीं हुआ।

-फारूक अब्दुल्ला, अध्यक्ष, नेशनल कॉन्फ्रेंस

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**

पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजडू चुंगी, मेरठ रोड
मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

# नई चुनौतियां : सुवेन्दु को मिला कांटों का ताज





योगेश कुमार गोयल

पश्चिम बंगाल की जिस धरती ने दशकों तक वामपंथी 'लाल सलाम' की गूंज और बाद में ममता बनर्जी के 'मां-माटी-मानुष' के नारों को आत्मसात किया, वहां 'जय राम' और 'सोनार बांग्ला' के उद्घोष के बीच शुभेंदु अधिकारी का मुख्यमंत्री पद पर आरूढ़ होना भारतीय राजनीति के सबसे बड़े सत्ता-परिवर्तन के रूप में दर्ज हो गया है। शुभेंदु अधिकारी का राज्य के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में सत्तारूढ़ होना केवल सरकार बदलने की घटना नहीं बल्कि बंगाल की वैचारिक दिशा, राजनीतिक संस्कृति और प्रशासनिक संरचना में एक बड़े परिवर्तन का संकेत है।

वे ऐसे समय में सत्ता के शिखर पर पहुंचे हैं, जब पश्चिम बंगाल लंबे समय से राजनीतिक हिंसा, प्रशासनिक पक्षपात, भ्रष्टाचार, सिंडिकेट संस्कृति, आर्थिक संकट, अवैध घुसपैठ और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। नंदीग्राम आंदोलन से उभरे इस नेता के समक्ष अब केवल राजनीतिक संघर्ष नहीं बल्कि पूरे राज्य की दिशा बदलने की ऐतिहासिक जिम्मेदारी है। सत्ता परिवर्तन का उत्साह जितना विशाल है, चुनौतियों का पहाड़ उससे कहीं अधिक ऊंचा है। पश्चिम बंगाल की राजनीति दशकों से वैचारिक संघर्ष और राजनीतिक हिंसा की प्रयोगशाला रही है। वामपंथी शासनकाल में 'कैडर संस्कृति' और तृणमूल शासन में राजनीतिक प्रतिशोध के आरोपों ने लोकतंत्र की निष्पक्षता पर लगातार प्रश्नचिन्ह लगाए। 2021 के चुनावों के बाद हुई हिंसा ने राष्ट्रीय स्तर पर बंगाल की छवि को गंभीर रूप से प्रभावित किया था। ऐसे माहौल में शुभेंदु के सामने सबसे बड़ी चुनौती राज्य को भय, हिंसा और प्रतिशोध की राजनीति से बाहर निकालने की है। यदि नई सरकार भी राजनीतिक बदले की संस्कृति में उलझ जाती है तो जनता का विश्वास शीघ्र टूट सकता है। इसलिए सुवेन्दु के लिए यह आवश्यक होगा कि वे पुलिस और प्रशासन को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त कर संवैधानिक निष्पक्षता की दिशा में आगे बढ़ाएं। वास्तव में बंगाल की जनता अब संघर्ष नहीं, स्थिरता चाहती है। लोग ऐसी सरकार की अपेक्षा कर रहे हैं, जो कानून-व्यवस्था को राजनीतिक विचारधारा से ऊपर रख सके। मुख्यमंत्री के रूप में शुभेंदु अधिकारी की सबसे बड़ी परीक्षा यही होगी कि क्या वे अपने कार्यकर्ताओं की आक्रामक राजनीतिक ऊर्जा को विकास और सुशासन की दिशा में मोड़ पाते हैं या नहीं। नई सरकार के समक्ष दूसरी बड़ी चुनौती भ्रष्टाचार और सिंडिकेट संस्कृति को समाप्त करने की है। वर्षों से बंगाल में निर्माण कार्यों, स्थानीय बाजारों, पंचायतों और सरकारी योजनाओं में बिचौलियों के प्रभाव को लेकर आरोप लगते रहे हैं। 'कट-मनी' शब्द बंगाल की राजनीति का प्रतीक बन चुका था। भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान इसे सबसे बड़ा मुद्दा बनाया था। अब सत्ता में आने के बाद जनता की अपेक्षा है कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध केवल भाषण नहीं, ठोस कार्रवाई दिखाई दे। हालांकि यह काम उतना आसान नहीं होगा, जितना राजनीतिक मंचों से प्रतीत होता है। प्रशासनिक तंत्र वर्षों से जिस राजनीतिक ढांचे में काम करता रहा है, उसे अचानक बदल देना सरल नहीं है। शुभेंदु स्वयं लंबे समय तक तृणमूल कांग्रेस का हिस्सा रहे हैं, इसलिए वे उस व्यवस्था की कमजोरियों को निकट से जानते हैं। यही अनुभव उनके लिए ताकत भी बन सकता है और विरोधियों के लिए हमला करने का आधार भी। यदि वे डिजिटल पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रशासनिक सुधारों को प्रभावी ढंग से लागू कर पाते हैं तो बंगाल वास्तव में 'पोरिबर्तन' की दिशा में आगे बढ़ सकता है।

अवैध घुसपैठ और सीमा सुरक्षा नई सरकार के सामने सबसे संवेदनशील मुद्दों में से एक है। बांग्लादेश से लगती पश्चिम बंगाल की लंबी और पोरस सीमा लंबे समय से राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से चिंता का विषय रही है। भाजपा लगातार आरोप लगाती रही है कि अवैध घुसपैठ ने राज्य की जनसांख्यिकी और राजनीतिक संतुलन को प्रभावित किया है। अब जब केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा की सरकार है, तब जनता की अपेक्षाएं और बढ़ गई हैं। शुभेंदु अधिकारी के सामने चुनौती केवल सीमा सील करने या तस्करी रोकने की नहीं है बल्कि सीमावर्ती जिलों में विश्वास और स्थिरता स्थापित करने की भी है। गौ-तस्करी, नकली मुद्रा, हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे संगठित अपराध लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय रहे हैं। यदि नई सरकार आधुनिक तकनीक, बेहतर निगरानी और केंद्र-राज्य समन्वय के माध्यम से प्रभावी रणनीति बनाती है तो सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा की स्थिति बेहतर हो सकती है लेकिन इस मुद्दे का राजनीतिक और सामाजिक संतुलन बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक होगा क्योंकि कठोर कार्रवाई और सांप्रदायिक तनाव के बीच की रेखा बेहद पतली है।

आर्थिक मोर्चे पर स्थिति और भी जटिल है। पश्चिम बंगाल इस समय भारी कर्ज के बोझ तले दबा है। राज्य पर लाखों करोड़ रूपए का ऋण है और राजस्व संसाधन सीमित हैं। दूसरी ओर भाजपा ने चुनावों के दौरान महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता, युवाओं को रोजगार और कई लोकलुभावन योजनाओं के वादे किए हैं। ऐसे में सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि खाली खजाने के साथ इन वादों को पूरा कैसे किया जाएगा। सुवेन्दु के सामने सबसे कठिन चुनौती विकास और वित्तीय अनुशासन के बीच संतुलन स्थापित करने की होगी।

यदि सरकार केवल लोकलुभावन योजनाओं पर निर्भर रहती है तो राज्य की आर्थिक स्थिति और बिगड़ सकती है। इसलिए बंगाल को फिर से औद्योगिक और निवेश केंद्र बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास आवश्यक होंगे। कभी देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों में शामिल रहा बंगाल आज उद्योगों के पलायन का दर्द झेल रहा है। सिंगूर और नंदीग्राम की घटनाओं ने निवेशकों के मन में असुरक्षा पैदा की थी। विडंबना यह है कि जिस नंदीग्राम आंदोलन ने शुभेंदु अधिकारी को राजनीतिक पहचान दी, अब वही उनके सामने औद्योगिक पुनर्निर्माण की चुनौती बनकर खड़ा है।

# कैसा रहेगा यूपी में सपा-कांग्रेस गठबंधन





शिबली रामपुरी

उत्तर प्रदेश में आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में जहां सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी शुरू कर दी है वहीं इस बात पर भी सबकी गहरी नजर है कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में किस पार्टी से किसका गठबंधन होता है और कौन गठबंधन पर कायम रहता है।

लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने मजबूत गठबंधन करते हुए काफी जोश और खरोश के साथ चुनावी प्रचार किया था और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव इस गठबंधन के तहत एक मंच पर पूरी मजबूती के साथ एकजुटता दिखाते हुए नजर आए थे और इसके काफी बेहतर परिणाम भी लोकसभा चुनाव में देखने को मिले थे अब उत्तर प्रदेश में 2027 में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं तो क्या समाजवादी पार्टी और कांग्रेस फिर से इस गठबंधन को उतना ही मजबूत रखेगी?यह वह सवाल है कि जो उत्तर प्रदेश की सियासत में काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दरअसल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का जो गठबंधन है वह आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में क्या लोकसभा चुनाव की तरह ही मजबूत रहेगा तो इसको लेकर कई ऐसे नेताओं के दोनों तरफ से बयान आते रहते हैं कि जो कहीं ना कहीं सियासी कशमाकश को एक तरह से बढ़ा देने वाले होते हैं। दरअसल कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में कई ऐसी सीटें हैं कि जहां पर अपने प्रत्याशी उतरना चाहती है और वह करीब 200 सीटों पर चुनावी मैदान में अपने प्रत्याशी उतारने का इस गठबंधन के तहत इरादा रखती है हालांकि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गठबंधन मजबूत होने की बात तो करते हैं लेकिन वह स्पष्ट तौर पर कितनी सीट उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को देंगे इसको लेकर अभी तक खुलकर कुछ नहीं कह रहे हैं। राजनीति में गहरी जानकारी रखने वाले लोगों का यह मानना है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती के साथ उतरेगी और यह भी सही है कि सपा पहले से ज्यादा मजबूत हुई है लेकिन जहां तक गठबंधन की बात है तो यदि दोनों पार्टियां पूरी तरह एकजुटता के साथ गठबंधन के नियमों का पालन करते हुए चुनावी मैदान में उतरती हैं तो फिर यह दोनों पार्टियों के लिए एक बेहतर कदम होगा लेकिन यदि इनमें मनमुटाव सामने आता है तो फिर इसका राजनीतिक तौर पर काफी नुकसान दोनों पार्टियों को उठाना पड़ सकता है।

# 2027 में योगी को हराने का सपना देखना छोड़ दे विपक्ष





यशोदा श्रीवास्तव

सत्ता रूढ़ एनडीए के मुखालफत इंडिया अलायंस प्रमुख विपक्षी गठबंधन है जिसका नेतृत्व लोकसभा में बड़ा दल होने के नाते कांग्रेस के हाथ में है। इस गठबंधन की त्रासदी यह है कि एक ओर इसे कांग्रेस के भीतर से चुनौती मिल रही है तो दूसरी ओर गठबंधन में शामिल घटक दलों के नेताओं से। दोनों ओर से जारी शब्दों के व्यंग्य वाण पर गौर करें तो लगता है कि यह गठबंधन कभी भी विखंडन की स्थिति में पहुंच सकता है। हाल ही पांच प्रदेशों के चुनाव बाद जिस तरह तमिलनाडु के डीएमके ने गठबंधन से अपने सांसदों को अलग होने की घोषणा की है इससे माना जाना चाहिए कि इंडिया गठबंधन में विखंडन की शुरुआत हो गई है।

प्रारंभ में जब यह गठबंधन अस्तित्व में आया तब इसमें आम आदमी पार्टी भी थी और तृणमूल कांग्रेस भी। आम आदमी पार्टी पहले ही गठबंधन से अलग हो गई है, बंगाल की ममता बनर्जी की टीएमसी भी गठबंधन से अलग है। ठीक है कांग्रेस ने तमिलनाडु में नई नवेली पार्टी टीवीके को अपना नया साथी तलाश लिया है लेकिन इससे फिलहाल अभी कांग्रेस को कोई बड़ा फायदा नहीं दिख रहा। टीवीके के साथ कांग्रेस की कोई बड़ी हैसियत भी नहीं है। हो सकता है थलापति विजय की सरकार में कांग्रेस का कोई विधायक मंत्री भी न बने। हां ऐसा करके कांग्रेस ने तमिलनाडु में भाजपा के सहयोगी दल को सत्ता में आने से रोक जरूर दिया। लेकिन इसके बदले लोकसभा में उसे बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। डीएमके के सांसद राहुल गांधी के साथ खड़े रहते थे भले ही कांग्रेस सांसदों के साथ मेज ही थपथपाने का काम क्यों न करते रहे। इंडिया गठबंधन के मौजूदा हाल को देखें तो गठबंधन में जो बचे हैं, वे कब तक बचे रहेंगे, यह एक बड़ा सवाल है। महाराष्ट्र में राष्ट्र वादी कांग्रेस पार्टी और शिव सेना द्धठाकरेत्र्ञ की कांग्रेस से मनमुटाव चल रहा है। झारखंड में हेमंत सोरेन भी कांग्रेस को बहुत भाव नहीं दे रहे। उनके एनडीए का हिस्सा बनने की अटकलें लगाई जाती रही है। बिहार में आरजेडी और कांग्रेस के बीच बहुत कुछ ठीक नहीं चल रहा। गठबंधन को लेकर बची खुची संभावना यूपी में ही है लेकिन जिस तरह कांग्रेस और सपा नेताओं के बीच जुबानी जंग जारी है उससे यह कहना मुश्किल है कि सपा और कांग्रेस का साथ विधानसभा चुनावों तक बचा रह पाएगा? बंगाल में ममता की हार के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव उनसे मिलने बंगाल पहुंच गए। फिर तमिलनाडु जाकर स्टालिन से भी मिले। यहां जाकर उन्होंने कहा कि हम वो नहीं जो मुश्किलों में साथ छोड़ दें। अखिलेश के इस रवैए से थर्ड फ्रंट की भी संभावना पर चर्चा शुरू हो गई। अखिलेश यादव थर्ड फ्रंट के हिमायती हैं कि नहीं इस पर फिलहाल कुछ भी कहना उचित नहीं है, हां बंगाल हार के बाद ममता बनर्जी की आंखें जरूर खुलती हुई दिख रही है। उन्होंने इंडिया अलायंस को मजबूत करने की बात कही है। ममता बनर्जी वहीं हैं जिनके वजह से जदयू इंडिया अलायंस से अलग होने को मजबूर हुआ। वे नहीं चाहतीं थीं कि नीतीश कुमार इंडिया अलायंस के संयोजक बनें। लोक सभा में सरकार के किसी विरोध के मुद्दे पर उन्होंने अपने सांसदों को कसके लगाम से कस रखा था कि वे सरकार के विरोध का हिस्सा न बनें। लोक सभा और विधान सभा चुनाव में कांग्रेस को किसी लायक न समझने वाली ममता बनर्जी को अब इंडिया अलायंस की मजबूती का ख्याल अचरज में डालता है। लेकिन एक बात हो सकता है कि इंडिया अलायंस को लेकर कांग्रेस पर हर ओर से उठ रहे सवालों पर विराम लगाने के लिए अलायंस का बड़ा हिस्सा ममता बनर्जी को लीड करने की जिम्मेदारी सौंपने की घेरेबंदी कर सकता है। यदि ऐसा हुआ तो कांग्रेस को भी इससे शायद कोई एतराज न हो। थोड़ा पीछे मुड़कर देखें तो याद आएगा जब राज्यसभा में सपा के राम गोपाल यादव ने राहुल गांधी पर दमदारी से कोई मुद्दा न उठा पाने का तोहमत लगाया था और टीएमसी के कल्याण बनर्जी ने संसद न चलने के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया था। राहुल गांधी को जिस तरह हरियाणा और महाराष्ट्र में चुनाव हारने का जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ इंडिया अलायंस के भीतर आवाज उठी थी उसी तरह आज बंगाल,असम और पुडुचेरी का चुनाव हारने के बाद राहुल पर जिम्मेदारी डाल कर गठबंधन के भीतर फिर कोई खिचड़ी पकाने की कोशिश हो रही है। कांग्रेस को कमजोर साबित करने की कोशिश केवल गठबंधन के दूसरे दल के नेता ही नहीं कर रहे,इस वक्त तो कांग्रेस के भीतर ही एक से एक नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते नजर आ रहे हैं। इसमें शशी थरूर,मनीष तिवारी,शकील अहमद,मणि शंकर अ"यर जैसे नेताओं के नाम शामिल हैं। इसमें कोई ऊल-जुलूल बयान देकर तो कोई शोसल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लंबा चौड़ा लेख लिखकर अपनी खीझ मिटा रहा है। कांग्रेस के भीतर के ए वै लोग हैं जो अपने स्तर से इंडिया अलायंस की जड़ें खोखला करने पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं।



पश्चिम बंगाल। नादिया में गर्मी के दिन बाजार में भेजने से पहले तोड़ी गई लीचियों को छांटते किसान।

## फ्रांस के नीस में गोलीबारी में दो लोगों की मौत, छह घायल

**नीस।** फ्रांस के नीस शहर में सोमवार को हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। रिवेरा शहर के मेयर ने बताया कि यह घटना नशीले पदार्थों से जुड़ी थी। दक्षिण-पूर्वी आल्प्स-मैरीटाइम्स विभाग के प्रशासन ने बताया कि गोलीबारी शुरू हो गई, जिसके परिणामस्वरूप दो लोगों की मौत हो गई, तीन लोगों को हल्की चोटें आईं और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। नीस के मेयर एरिक सियोटी ने बताया कि गोलीबारी 'प्लेस डेस अमैरिलिस' में हुई। यह मौलिन्स जिले का एक चौक है, जो नशीले पदार्थों से जुड़े अपराधों के लिए बदनाम है। उन्होंने नशीले पदार्थों के खिलाफ जंग छेड़ने का आह्वान किया।

## हिज्जबुल्ला ने इजरायली सेना पर 20 हमले करने का किया दावा

**बेरूत।** लेबनानी ग्रुप हिज्जबुल्ला ने दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना पर 20 हमले करने का दावा किया है। समूह ने कहा कि ए हमले 'लेबनान और उसके लोगों की रक्षा में' और इजरायली सेना द्वारा युद्धविराम के उल्लंघन के जवाब में किए गए, जिसमें दक्षिणी लेबनान में आम लोगों पर हमले और घरों को नुकसान पहुंच. ना शामिल है। हिज्जबुल्ला ने दावा किया कि इन सैन्य अभियानों में तैबेह, टायर हरफा, एल बियादा, नकौरा, रशाफ, देर सेरयान, अदाइसेह और सरबिन सहित कई इलाकों में इजराइली सैनिकों और फौजी साजो-सामान के जमावड़े को निशाना बनाया गया। बयान के अनुसार हमलों में स्ट्राइक ड्रोन, आर्टिलरी और मिसाइलें शामिल थीं और इसके परिणामस्वरूप मर्कवा टैंक, डी9 इंजीनियरिंग गाड़ियां और हमर गाड़ियां सहित इजराइली सैन्य संपत्ति नष्ट हो गए।

# ट्रम्प पश्चिमी एशिया में सैन्य कार्रवाई को बेताब

### होर्मुज में जहाजों की आवाजाही बहाल करने को फिर शुरू होगा ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम

■ ट्रम्प को संघर्ष को सुलझाने के लिए हो रही बातचीत में ईरान के रुख से लगातार निराशा हाथ लगी है और अब वह बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पश्चिमी एशिया में फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। सीएनएन ने ट्रम्प के सहयोगियों के हवाले से यह जानकारी दी।

इससे पहले, ट्रम्प के साथ बातचीत के बाद फॉक्स न्यूज ने कहा था कि व्हाइट हाउस होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बहाल करने के लिए 'ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम' को फिर से शुरू करने पर विचार कर रहा है। ट्रम्प को संघर्ष को सुलझाने के लिए हो रही बातचीत में ईरान के रुख से लगातार निराशा हाथ लगी है और अब वह बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद रहने से अमेरिकी राष्ट्रपति का धैर्य जवाब दे रहा है और उनका यह भी मानना है कि ईरानी नेतृत्व के भीतर मतभेद हैं। सूत्रों के अनुसार, अमे. रिकी प्रशासन के भीतर अब कई समूह बन गए हैं, जिनमें से कुछ बल प्रयोग के पक्ष में हैं और ईरान की स्थिति को कमजोर करने के लिए उसपर लक्षित बमबारी जारी रखने का प्रस्ताव दे रहे हैं, जबकि अन्य समूह संघर्ष को सुलझाने के लिए कूटनीतिक साधनों पर जोर दे रहे हैं। सीएनएन ने बताया कि अमेरिका-ईरान वार्ता में मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान की भूमिका अमेरिका के लिए एक अलग मुद्दा बनी हुई है। अमेरिकी सरकार को यह स्पष्ट नहीं है कि पाकिस्तान कितनी स्पष्टता से अमेरिका का पक्ष ईरान तक पहुंचा रहा है और वह ईरान के दृष्टिकोण को कितनी निष्पक्षता से बता रहा है। प्रसारक ने बताया कि पश्चिमी एशिया संघर्ष में अमेरिका क्या रुख अपनाएगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है और राष्ट्रपति ट्रम्प की 13 से 15 मई तक प्रस्तावित चीन यात्रा से पहले किसी फैसले की संभावना कम है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में ठिकानों पर हमले शुरू किए थे, जिसमें 3000 से अधिक लोग मारे गए थे। अमेरिका और ईरान ने सात अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की थी। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई वार्ता बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई और अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी शुरू कर दी थी।

# ईरान की 14-सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं: गालिबफ

### ईरानी संसद के अध्यक्ष ने चेताया: कोई भी अन्य दृष्टिकोण पूरी तरह से बेनतीजा रहेगा, असफलता के अलावा कुछ नहीं होगा

**तेहरान/दोहा।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघर गालिबफ ने कहा कि पश्चिमी एशिया संघर्ष को सुलझाने के लिए ईरान के 14-सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं है। गालिबफ ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि ईरानी लोगों के अधिकारों को स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, जैसा कि 14-सूत्रीय प्रस्ताव में बताया गया है।

कोई भी अन्य दृष्टिकोण पूरी तरह से बेनतीजा रहेगा, यह एक के बाद एक असफलता के अलावा कुछ नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका जितनी देर करेगा, अमेरिकी करदाताओं को उतना ही ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा। ईरानी विद. ेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने मई की शुरुआत में कहा था कि तेहरान को इस्लामिक गणराज्य के नए 14-सूत्रीय शांति योजना प्रस्ताव के संबंध में अमेरिका से जवाब मिल गया है। तस्नीम समाचार एजेंसी ने रविवार को बताया कि इस योजना में प्रतिबंध हटाने, होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने और विदेशों में मौजूद ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने के प्रावधान शामिल हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को संघर्ष को समाप्त करने के अमेरिकी प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया। जांगिड़ उप्रेती इसी बीच सऊदी अरब की कंपनी अरामको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अमीन नासिर ने कहा है कि यदि एक महीने के भीतर होर्मुज जलडमरुमध्य में जहाजों की आवाजाही फिर से शुरू नहीं होती, तो अगले साल तक वैश्विक तेल बाजार सामान्य स्थिति में नहीं लौटेगी। अरामको के पहली तिमाही के परिणामों पर चर्चा करने के लिए आयोजित एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान नासिर ने कहा कि आपूर्ति में व्यवधान जितने लंबे समय तक जारी रहेगा, तेल बाजार को स्थिर होने में उतना ही अधिक समय लगेगा। उन्होंने कहा कि यदि जलडमरुमध्य में गतिरोध जून के मध्य तक बना रहता है, तो यह संकट 2027 तक जारी रह सकता है। दुनिया की सबसे बड़ी ऊर्जा कंपनी के प्रमुख के अनुसार, उत्पादन या परिवहन की कमी के कारण बाजार पहले ही एक अरब बैरल तेल गंवा चुका है और जब तक यह मार्ग बंद रहेगा, बाजार को हर हफ्ते लगभग 10 करोड़ बैरल तेल का नुकसान होता रहेगा। उन्होंने याद दिलाया कि पहले होर्मुज से प्रतिदिन लगभग 70 जहाज गुजरते थे। फारस की खाड़ी में तेल उत्पादक देशों पर हमलों और ईरान द्वारा होर्मुज को प्रभावी ढंग से बंद करने से उत्पादन और निर्यात पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। 28 फरवरी को संघर्ष शुरू होने से पहले, इस जलमार्ग के माध्यम से प्रतिदिन लगभग दो करोड बैरल तेल बाजार में आता था। गौरतलब है कि सात अप्रैल को अमेरिका और ईरान ने दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की थी। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई वार्ता बेनतीजा रही थी, लेकिन फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को एक 'एकीकृत प्रस्ताव' के साथ आने का समय देने के लिए युद्धविराम को आगे बढ़ा दिया था। तीन मई को ट्रम्प ने होर्मुज में फंसे जहा. जों की सहायता के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की घोषणा की थी। फिर ट्रम्प ने पांच मई को कहा कि उन्होंने यह देखने के लिए थोड़े समय के लिए ऑपरेशन को रोकने का फैसला किया है कि क्या ईरान के साथ शांति समझौता हो सकता है।



■ कोई भी अन्य दृष्टिकोण पूरी तरह से बेनतीजा रहेगा यह एक के बाद एक असफलता के अलावा कुछ नहीं होगा: गालिबफ

## होर्मुज स्ट्रेट व्यापक रणनीतिक समुद्री क्षेत्र बन गया: IRGC

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य अब केवल एक संकीर्ण समुद्री मार्ग नहीं रह गया है, बल्कि इसे एक 'व्यापक रणनीतिक और परिचालन समुद्री क्षेत्र' के रूप में देखा जा रहा है। आईआरजीसी नौसेना के राजनीतिक उप प्रमुख मोहम्मद अकबरजादेह ने मंगलवार को तस्नीम समाचार एजेंसी से बातचीत में कहा कि हालिया संघर्षों के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य की अवधारणा में बड़ा बदलाव आया है और अब यह पारंपरिक सीमाओं से कहीं अधिक विस्तृत परिचालन क्षेत्र को समाहित करता है। उन्होंने कहा कि पहले होर्मुज जलडमरूमध्य को होर्मुज द्वीप जैसे सीमित क्षेत्रों के आसपास एक संकीर्ण समुद्री गलियारे के रूप में देखा जाता था, लेकिन अब इसे जास्क तट से लेकर सिर्री द्वीप तक फैले विस्तृत समुद्री क्षेत्र के रूप में माना जा रहा है। अकबरजादेह के अनुसार जो समुद्री गलियारा पहले लगभग 32 से 48 किलोमीटर चौड़ा माना जाता था, वह अब प्रभावी रूप से 320 से 480 किलोमीटर तक विस्तृत क्षेत्र में बदल गया है।

## अमेरिका-ईरान संघर्ष के दौरान यूएई ने ईरान पर हवाई हमले किए: रिपोर्ट्स

**वॉशिंगटन।** ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच जारी युद्ध के सक्रिय चरण के अंत तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ईरान पर हवाई हमले किए थे। यह दावा सोमवार को द वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट में किया गया। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, यूएई की वायु सेना ने अप्रैल की शुरुआत में हवाई हमलों की एक श्रृंखला को अंजाम दिया। यह ठीक उसी समय हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ संघर्ष विराम की घोषणा की थी। इन हमलों का निशाना फारस की खाड़ी में स्थित लावान द्वीप पर मौजूद एक रिफाइनरी थी। उस समय, हालांकि न तो ईरान ने इन हवाई हमलों के पीछे किसका हाथ था, इसका खुलासा किया और न ही यूएई ने इसकी जिम्मेदारी ली लेकिन राष्ट्रीय ईरानी तेल शोधन और वितरण कंपनी ने आठ अप्रैल को कहा कि द्वीप पर मौजूद तेल रिफाइनिंग सुविधाओं पर 'दुश्मन' द्वारा हमला हुआ था।

## शी जिनपिंग और ट्रम्प व्यापार, ईरान और ताइवान पर करेंगे बातचीत



■ ट्रम्प का 2021 के बाद यह पूर्वी एशियाई देश का पहला दौरा है

**वॉशिंगटन/बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के लिए बीजिंग रवाना हो गए हैं, जहां दोनों वैश्विक नेता व्यापार, युद्ध कूटनीति और ताइवान पर गंभीर चर्चा करेंगे। ट्रम्प का 2017 के बाद यह पूर्वी एशियाई देश का पहला दौरा है। इस दौरान दशकों में सबसे अहम अमेरिका-चीन सम्मेलन होने की संभावना है।

गुरुवार से शुरू होने वाला दो दिनों का यह सम्मेलन दुनिया की दो बड़ी ताकतों के बीच संबंधों को नया आकार दे सकता है। ट्रम्प 14 मई को ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलेंगे, जहां दोनों औपचारिक द्विपक्षीय बातचीत करेंगे और उसके बाद शाम को एक राजकीय दावत का आयोजन किया जाएगा। ट्रम्प की 15 मई को वाशिंगटन लौटने से पहले दोपहर के भोजन कार्यक्रम और 'ऐतिहासिक स्वर्ग का मंदिर' जाने की भी योजना है। जब फरवरी में व्हाइट हाउस ने इस दौरे की पुष्टि की तो चीनी सामान पर वाशिंगटन के आसमान छूते शुल्क एजेंडे पर छाए हुए थे। लेकिन 28 फरवरी के बाद दुनिया के राजनीतिक हालात बदल गए जब ट्रम्प ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमला किया, जिससे एक युद्ध शुरू हो गया और जिसके कारण ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना पड़ा और इस स्थिति ने तेहरान को इस रणनीतिक जलमार्ग को नियंत्रित करने के लिए एक बोर्ड बनाने पर मजबूर कर दिया। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान एक तनावपूर्ण परमाणु गतिरोध में फंसे हुए हैं क्योंकि वाशिंगटन का तर्क है कि परमाणु मुद्दे पर कोई बात. चीत नहीं हो सकती और तेहरान प्रतिबंधों में राहत, युद्ध खत्म करने, जब्त की गई संपत्ति को छोड़ने और अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को रो. कने की मांग कर रहा है।

## ब्रिटेन के पीएम स्टारमर से पार्टी सांसदों ने की पद छोड़ने की अपील

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर से मंत्रिपरिषद के कई वरिष्ठ सदस्यों, जिनमें गृह मंत्री शबाना महमूद और विदेश मंत्री यवेट कूपर शामिल हैं, ने उनके इस्तीफे के समय पर विचार करने को कहा है। यह मांग तब उठी जब लेबर पार्टी के 80 से ज्यादा सांसदों ने स्टारमर से पद छोड़ने की अपील की। 'द टाइम्स' अखबार ने सूत्रों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। सोमवार को आई रिपोर्ट के मुता. बिक, कैबिनेट सदस्यों के मंगलवार को होने वाली एक बैठक में स्टारमर से यह कहने की उम्मीद है कि उन्हें पद छोड़ देना चाहिए। सदस्यों को चिंता है कि अब उनकी स्थिति 'बरकरार रखने लायक नहीं' रह गई है।

# पाकिस्तान: खैबर पख्तूनख्वा में बम धमाका

### नौ लोगों की मौत, 33 घायल

**लक्की मरवत।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले की सराय नौरंग तहसील में मंगलवार को एक विस्फोट में दो ट्रैफिक पुलिसकर्मियों सहित कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि 33 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जानकारी में सात लोगों की मौत और 23 लोगों के घायल होने की बात कही गई थी।

लक्की मरवत जिला पुलिस अधिकारी के प्रवक्ता कुदरतुल्लाह खान ने मृत पुलिसकर्मियों की पहचान आदिल जान और राहतुल्लाह के रूप में की। अलग से जारी बयान में लक्की मरवत के उप महानिरीक्षक पुलिस सज्जाद खान ने भी पुष्टि की कि दोनों मृतक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी थे। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में भी यही जानकारी दी गई। बाद में लक्की मरवत के उपायुक्त हमीदुल्लाह खान ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार आतंकवादियों ने एक रिक्शा में विस्फोटक सामग्री छिपाकर रखी थी। टीएचक्यू अस्पताल की ओर से जारी घटना रिपोर्ट में नौ लोगों की मौत और 33 घायलों को अस्पताल लाए जाने की पुष्टि की गई। रिपोर्ट के अनुसार गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को बन्नू रेफर किया गया है। इस बीच, उपायुक्त ने सराय नौरंग स्थित तहसील मुख्यालय अस्पताल का दौरा कर घायलों के उपचार का जायजा लिया और प्रशासन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल मरीजों को बन्नू और पेशावर के जिला मुख्यालय अस्पतालों में भेजा गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में विस्फोट के कारण कई दुकानों और तीन पहिया वाहनों को क्षतिग्रस्त होते देखा गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नौरंग सर्किल के उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में भारी पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा और पूरे इलाके को घेरकर साक्ष्य जुटाए गए। इससे पहले रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता शादाब खान ने विस्फोट की पुष्टि करते हुए बताया था कि एम्बुलेंस और बचाव दलों को मौके पर भेज दिया गया है। उन्होंने लोगों से बचाव एजेंसियों के साथ सहयोग करने और घटनास्थल से दूर रहने की अपील की। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए आतंकवाद के 'खात्मे के संकल्प' को दोहराया।



■ प्रारंभिक जांच के अनुसार आतंकवादियों ने एक रिक्शा में विस्फोटक सामग्री छिपाकर रखी थी

## 2027 तक सीमित रहेगा यूएई का गैस उत्पादन: एडनॉक

■ ऊर्जा क्षेत्र होर्मुज स्ट्रेट में व्यवधान से जुड़ी अस्थिरता से प्रभावित बना हुआ है

**अबू धाबी।** अबू धाबी राष्ट्रीय गैस कंपनी (एडनॉक) ने कहा है कि हालिया युद्ध के दौरान ईरानी हमलों से हुए नुकसान के कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का प्रमुख गैस प्रसंस्करण केंद्र वर्ष 2027 से पहले पूर्ण उत्पादन क्षमता पर वापस नहीं लौट पाएगा।

एडनॉक गैस के अनुसार अबू धाबी स्थित हबशन गैस प्रसंस्करण परिसर वर्तमान में लगभग 60 प्रतिशत क्षमता पर संचालित हो रहा है। इसे दुनिया की सबसे बड़ी गैस प्रसंस्करण सुविधाओं में गिना जाता है और यह पूरे यूएई में गैस आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी को उम्मीद है कि 2026 के अंत तक उत्पादन क्षमता को लगभग 80 प्रतिशत तक बहाल कर लिया जाएगा, जबकि पूर्ण क्षमता से उत्पादन 2027 में शुरू होने की संभावना है। कंपनी ने अपनी पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों में 1-1 अरब डॉलर का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 15 प्रतिशत कम है।

## भारत-रूस सिनेमा के नए युग का आगाज

**नई दिल्ली।** एक दौर था जब रूस (पूर्व सोवियत संघ) में राज कपूर और मिथुन चक्रवर्ती ने बेइंतहा शोहरत और रूसी अवाम की मोहब्बत हासिल की थी और अब उसी पुराने लगाव के साथ भारत और रूस के आपसी ताल्लुकात एक नए दिलचस्प दौर में पहुंच गए हैं। मगर अब फर्क सिर्फ इतना है कि यह रिश्ता सिर्फ एक-दूसरे की तारीफ करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अब यह मिलकर फिल्में बनाने और साझा कहानियों का एक बड़ा मंच बन गया है। रूस की सबसे बड़ी मीडिया कंपनी 'गाजप्रॉम-मीडिया होल्डिग' इस मेल-जोल के केंद्र में है।

# गुटेरेस की टिप्पणियों पर वेनेजुएला ने जताया विरोध

### वेनेजुएला का कहना है: उनकी बातें तटस्थता निष्पक्षता और वस्तुनिष्ठता के सिद्धांतों के विपरीत हैं

**मेक्सिको सिटी।** वेनेजुएला ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की देश के बारे में की गई टिप्पणियों पर औपचारिक रूप से विरोध दर्ज कराया है। वेनेजुएला का कहना है कि उनकी बातें तटस्थता, निष्पक्षता और वस्तुनिष्ठता के सिद्धांतों के विपरीत हैं। वेनेजुएला के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि वेनेजुएला गुटेरेस द्वारा देश के संबंध में दिए गए बयानों पर अपना कड़ा विरोध व्यक्त करता है।

बयान में कहा गया कि महासचिव की हालिया टिप्पणियां संयुक्त राष्ट्र चार्टर में निहित वस्तुनिष्ठता, विवेक, निष्पक्षता और सद्भावना के सिद्धांतों का उल्लंघन करती हैं। यह विवाद गुटेरेस द्वारा नैरोबी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी गई प्रतिक्रिया के बाद शुरू हुआ। वहां क्यूबा और वेनेजुएला की स्थितियों की तुलना से जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था कि दोनों मामलों की तुलना करना अनुचित है क्योंकि वेनेजुएला का मामला 'पूरी तरह अलग' था। महासचिव के अनुसार, वेनेजुएला में हमने निकोलस मादुरो के खिलाफ एक सैन्य अभियान देखा, लेकिन मेरा मानना है कि वेनेजुएला की राजनीतिक व्यवस्था के भीतर इसमें बहुत बड़ी मिलीभगत थी। वेनेजुएला सरकार ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र सचिवालय शांति को बढ़ावा देने और आधुनिक दौर के बड़े संघर्षों को सुलझाने में अपनी अक्षमता दिखा रहा है। बयान में यह भी कहा गया कि गाजा पट्टी में जारी संघर्ष, बध्ते युद्धों और संप्रभु देशों पर एकतरफा प्रतिबंधों के बीच यह संगठन 'चुप्पी या अस्पष्ट रुख' अपनाए हुए है, जिससे इसकी नैतिक साख कमजोर हो रही है।



■ महासचिव की हालिया टिप्पणियां संयुक्त राष्ट्र चार्टर में निहित वस्तुनिष्ठता विवेक, निष्पक्षता और सद्भावना के सिद्धांतों का उल्लंघन करती हैं

